15 जुलाई 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार | वर्ष-31, अंक- 268, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## कोटि कोटि प्रणाम शंभू कोटि नमन दिगंबरा

देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं का सागर उमड़ पड़ा। सोमवार के तड़के 04:12 बजे मंदिर के पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया था। पूरा मंदिर परिसर 'बोल बम' के उद्घोष से गूंज रहा था। वहीं, रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 'हर हर महादेव', 'ओम नमः शिवाय', 'बोल बम' के जयकारे से पूरी रांची शिवमय हो गई। वहीं, रांची के पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### एक नजर

## झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान



**रांची (आईएएनएस)।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जस्टिस चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का तबादला त्रिपुरा हाईकोर्ट कर दिया गया है। जस्टिस रामचंद्र राव ने 25 सितंबर 2024 को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली थी और उनके कार्यकाल में अदालत में कई अहम जनहित याचिकाओं और संवैधानिक मामलों की सुनवाई हुई। सोमवार को इस संबंध में राष्ट्रपति ने अधिसूचना जारी कर दी। इसकी जानकारी भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की। 9 जनवरी 1964 को रोहड़ू (हिमाचल प्रदेश) में जन्मे जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने शिमला के बिशप कॉटन से स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री ली। उन्होंने वर्ष 1989 में हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकन के बाद सभी विधायी शाखाओं में गहरा अनुभव अर्जित किया। वे वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश और फिर स्थायी न्यायाधीश बने। जस्टिस चौहान ने पर्यावरण कानून, बाल कल्याण और न्यायिक सुधारों में उल्लेखनीय कार्य किया। वे किशोर न्याय समिति, विधिक सेवा प्राधिकरण और हाईकोर्ट की कंप्यूटर एवं ई-कोर्ट समिति का नेतृत्व कर न्यायपालिका में डिजिटल परिवर्तन में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

### मुख्य सचिव ने की ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा, कहा-

# ई-ऑफिस सिस्टम सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाएं

- झारखंड होगा डिजिटल
- जनवरी 2026 तक व्यवस्था बनाने का निर्देश
- दूसरी जगह से भी कार्य करने में होगी सुविधा

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश आईटी विभाग को दिया। मुख्य सचिव ने इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के तमाम विभागों के प्रमुखों संग सोमवार को गहन मंथन किया। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार अपना पूरा काम डिजिटल तरीके से करने की ओर कदम बढ़ा रही है। सरकार का आईटी विभाग इसके एक्शन प्लान पर काम शुरू कर चुका है।

मुख्य सचिव ने आईटी विभाग को सौ फीसदी त्रुटिहीन ई-ऑफिस व्यवस्था जनवरी 2026 के पहले पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआईसी और जैपआईटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें। तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो। कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिए कार्य करने की सहूलियत हो। शेष पेज 11 पर...

### सीएम सोरेन झारखंड को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कर रहे कार्य



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है रांची के नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में आईटी टावर। सीएम सोरेन ने पहले कहा भी है कि झारखंड के युवाओं के लिए आईटी टावर कौशल विकास और रोजगार का एक नया रास्ता दिखाएगा। आईटी टावर राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में मदद करेगा। राज्य में शिक्षा क्षेत्र को डिजिटली सशक्त करने के लिए राज्य के 28 हजार से ज्यादा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट दिए गए हैं। सरकारी अस्पतालों को मुफ्त वाई-फाई सुविधा देने का फैसला किया गया है। राज्य सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टावर स्थापित करने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है।

### ई-ऑफिस सिस्टम के लाभ

1. ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें उपलब्ध होंगी। उनका भौतिक रख-रखाव नहीं करना पड़ेगा। सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी।
2. एक फाइल की कई-कई बार फोटोकॉपी आदि से बचाव होगा।
3. आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी।
4. फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी।
5. फाइलें रेड टैपिंग से मुक्त होंगी। विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी।
6. पेपरलेस काम होने से यह पर्यावरण हितैषी भी होगा।

# पलामू में अब चतुर्थ वर्गीय नियुक्ति लिखित परीक्षा के आधार पर होगी : राधाकृष्ण किशोर



- मुख्यमंत्री की सहमति के बाद मुख्य सचिव ने जारी किया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय पदों पर अब नियुक्ति प्रक्रिया लिखित परीक्षा के माध्यम से की जाएगी। यह निर्णय राज्य सरकार की हालिया कैबिनेट बैठक में लिया गया, जिसकी जानकारी वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस संबंध में उपायुक्त पलामू को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय श्रेणी की हुई नियुक्तियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। साथ ही, उपायुक्त को निर्देशित किया गया था कि पुनः विज्ञापन जारी कर छह माह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। जिला प्रशासन द्वारा जारी नये विज्ञापन में अंकों के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया था। जबकि अभ्यर्थी इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे थे और उनकी माँग थी कि चयन केवल प्राप्त अंकों के बजाय लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाए।

यह मुद्दा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पहले भी कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था, जिस पर गंभीरता दिखाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्कालीन नियुक्ति प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगा दी थी। 11 जुलाई 2025 को हुई मंत्री परिषद की बैठक में एक बार फिर वित्त मंत्री ने इस विषय को उठाया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री की सहमति से निर्णय लिया गया कि पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय पदों पर अब केवल लिखित परीक्षा के आधार पर ही नियुक्ति की जाएगी।

## वाहन की चपेट में आए ग्रामीण की दर्दनाक मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** सोमवार को एनएच-343 पर मचिला महुआ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ग्रामीण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में चल रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हृदयविदारक घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब तेज रफ्तार अज्ञात मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। मृतक की पहचान धुरकी थाना क्षेत्र के बालीगढ़ गांव निवासी के रूप में हुई है। वे अपनी पत्नी के साथ बेटी के घर से लौट रहे थे। जब वे मचिला महुआ मोड़ के पास पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को रौंदते हुए रंका की ओर भाग निकला। हादसा इतना भयावह था कि ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में तड़पती रही। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और महिला को सहायता पहुँचाई। शेष पेज 11 पर...

## सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों से फैसले लंबित रखने पर झारखंड हाईकोर्ट को जारी किया नोटिस

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मामले में निचली अदालत में दोषी करार दिए गए 10 अभियुक्तों की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि निचली अदालत के फैसले के खिलाफ उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में 2018-19 में याचिकाएं दाखिल की थीं, जिस पर वर्ष 2022-23 में सुनवाई पूरी होने के बाद भी फैसला अब तक शेष पेज 11 पर...

### इंडिया

# सेवा का अधिकार लागू है पर बिना सेवा काम कराना कठिन

पलामू की उपायुक्त ने सेवा का अधिकार कानून का अनुपालन नहीं करने के आरोप में पांकी और सदर सीओ के विरुद्ध जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। दोनों अधिकारियों ने निर्धारित अवधि से ज्यादा दिनों तक म्यूटेशन के आवेदनों को लंबित रखने के कारण यह सख्त कार्रवाई की है। राज्य में सबसे अधिक शिकायतें सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, भू लगान, दाखिल ख़ारिज और भूमि सीमांकन के मामलों को लेकर हैं राज्य में राइट टू सर्विस यानी सेवा का अधिकार कानून के प्रति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं पर अधिकारी इसे बहाने बनाकर टालते रहते हैं। हाल के दिनों में इस नियम के जरिए लोगों को निर्धारित समय के अंदर छोटे मोटे सरकारी कार्य को पूरा करने के कड़े निर्देश का लाभ लोगों को मिलना शुरू हो गया है।राज्य में राइट सर्विस अधिनियम, 2011 में लागू किया गया था। इसका उद्देश्य 54 सरकारी सेवाओं को एक निश्चित समय सीमा के भीतर नागरिकों को प्रदान करना है, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इन सेवाओं में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और भूमि दाखिल-खारिज जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसको लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। मुख्य सचिव के कड़े निर्देश के बाद जिला और प्रखंड स्तर पर लोगों को ससमय सरकारी सेवा उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। रांची जिला प्रशासन ने प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय और प्रत्येक सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन ने राइट टू सर्विस के तहत अबुआ साथी जन शिकायत वाट्सएप नंबर भी जारी कर रखा है जिसके तहत लगातार शिकायतें आ रही है जिसका निराकरण संबंधित विभागों के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के अनुसार आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से समाधान करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा अगर राइट टू सर्विस के अंतर्गत कोई अधिकारी काम करने में कोताही बरतते पाये जाएंगे तो इसमें दंड का भी प्रावधान है। जिला प्रशासन का कोशिश है कि लोगों को ससमय उनका काम हों।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



सूचना पट्ट

झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी नियमावली - 2011, के अधीन पुलिस विभाग से संबंधित प्रदायी, सेवायें, प्राधिकार एवं इसके लिए निर्धारित समय सीमा का सूचना पट्ट

| क्र. सं. | प्रदायी सेवाओं का नाम | | नाम निर्दिष्ट पदाधिकारी | नियत समय-सीमा | प्रथम अपीलीय पदाधिकारी | प्रथम अपील के निष्पादन हेतु नियत समय- सीमा | द्वितीय अपीलीय पदाधिकारी | द्वितीय अपील के निष्पादन हेतु नियत समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | (क) पासपोर्ट निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | थाना प्रभारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री दीपक कुमार सिन्हा 9431706184 | 7 दिन | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री अनुज उराँव 9431770066 | 3 दिन | पुलिस अधीक्षक का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री सुमित अग्रवाल 9431706138 | 3 दिन |
| | | (ख) शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (ग) सेवा में नियुक्ति हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (घ) किसी प्रकार का चरित्र प्रमाण-पत्र हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |

### राइट टू सर्विस के तहत मिलनेवाली सेवा

| मद | निर्धारित दिन | | |
|---|---|---|---|
| आय प्रमाण पत्र | 15 | जन वितरण प्रणाली दुकान लाइसेंस | 30 |
| जाति प्रमाण पत्र | 15 | राशन कार्ड | 60 |
| आवासीय प्रमाण पत्र | 15 | क्रेशर चलाने का लाइसेंस | 30 |
| जमीन म्यूटेशन | 45 | शहरी क्षेत्र में आवासीय भवन का नक्शा | 60 |
| सामाजिक सुरक्षा पेंशन | 21 | शहरी क्षेत्र में कामर्शियल बिल्डिंग | 60 |
| नया बिजली कनेक्शन | 30 | शहरी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने का लाइसेंस | 30 |
| पोस्टमार्टम रिपोर्ट | 03 | | |
| परिवहन विभाग | 30 | मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर के लाइसेंस | 30 |

झारखंड में राइट टू सर्विस का पालन आसन नहीं और सरकारी कार्यालय में जटिल प्रक्रिया और कर्मचारियों के मनमानी की वजह से एक सामान्य आदमी को छोटे से कामों के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद भी लोगों के पास यह जानकारी नहीं पहुंच पाती है कि किन कारणों से हमारा आवेदन लंबित है और कब तक यह पूरा हो जाएगा। सबसे ज्यादा परेशानी जाति और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत होने में है।सरकारी प्रक्रियाओं की कठिनाइयों की वजह से युवाओं की परेशानी इन प्रमाण पत्रों के लिए बनी रहती है। जमीन म्यूटेशन से संबंधित सबसे ज्यादा शिकायत सरकार के समक्ष आती है और इसका समाधान होने में भी वक्त लगता है। राज्य में जमीन म्यूटेशन के हजारों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। हालांकि रांची जिला प्रशासन के द्वारा पिछले दिनों इसको लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन डिसिमल से नीचे के जमीन म्यूटेशन के सभी आवेदनों को निष्पादित करने के लिए सफलतापूर्वक कार्य किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को दाखिल खारिज का कागजात प्राप्त हुआ है मगर अभी भी भवन नक्शा बिजली कनेक्शन जमीन म्यूटेशन जाति प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र जैसे कागजात को तैयार कराने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा लिए गए इस पहल से उनकी परेशानी दूर होने की संभावना बढ़ गई है। सेवा के अधिकार का लाभ या पालन तभी पूरी तरह हो सकता है जब इसकी सूचना हर सरकारी कार्यालय में बड़े अक्षरों में दी जाए और ऑनलाइन सिर्फ रजिस्ट्रेशन तक सीमित न रहे। अभी आवेदक ऑनलाइन आवेदन करते हैं फिर उनसे हार्ड कॉपी मांगी जाती है और फिर शुरू होती है दौड़ाने की प्रक्रिया जिसमें सेवा का अधिकार कानून ध्वस्त हो जाता है।

## निजी कार्य के लिए बच्चों को भेजने पर भड़के ग्रामीण, विद्यालय में जड़ा ताला

- शिक्षकों की गलती स्वीकारने पर खुला ताला, ग्रामीणों ने की स्थानांतरण की मांग



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड के मिश्रौल पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, टोला हांडू (टेकठा) में सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय के दो शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि शिक्षक मथुरा ठाकुर और नागेश्वर प्रजापति ने बच्चों को निजी कार्य के लिए पास के जंगल में भेजा था, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षकों ने बच्चों को बांस का करील लाने के लिए जंगल भेजा और ऐसा न करने पर पिटाई की धमकी दी। जंगल में जहरीला सांप दिखने पर बच्चे डर के मारे दौड़कर स्कूल लौट आए। घटना की जानकारी बच्चों ने शाम को घर लौटने पर अपने अभिभावकों को दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए विद्यालय में ताला जड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बीआरपी और सीआरपी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। शिक्षकों से लिखित रूप में गलती स्वीकार कराई गई, तब जाकर ग्रामीणों ने ताला खोला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था बेहद लचर है। शिक्षक समय पर नहीं आते, पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते, भोजन की गुणवत्ता खराब है और कई फंड में अनियमितताएं बरती गई हैं। बच्चों ने भी बताया कि शिक्षक पढ़ाई नहीं कराते और हमसे निजी काम करवाते हैं। इस मौके पर विरोध दर्ज कराने वालों में उमेश कुमार गंझू, राजेश कुमार, लखन गंझू, कामेश्वर गंझू, उगदेव गंझू, प्रेम गंझू, महेंद्र गंझू, लोकनाथ गंझू समेत सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक दोनों शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा, वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

# भीमचूल्हा समेत सभी शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



● सावन की पहली सोमवारी को गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सावन मास की पहली सोमवारी पर प्रखंड के सभी शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातः काल से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पण की लंबी कतारें देखने को मिलीं। ऐतिहासिक पर्यटन स्थल भीमचूल्हा शिव मंदिर परिसर का दृश्य अद्भुत और अलौकिक था। श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में पवित्र स्नान कर भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक किया। पूजा-अर्चना का अनुष्ठान पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी और सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, फूल और जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। भीमचूल्हा के अलावा कादलकुर्मी, सिंचाई कॉलोनी, शिलापर, बिचलाडीह, नहर चौक, देवीधाम, विश्वकर्मा-महादेव, काली मंदिर, करडंडा, गोलापत्थर, भजनियां, पंसा, रानीदेवा सहित अनेक मंदिरों में भक्तों ने श्रद्धा से पूजन किया। पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि महाभारत काल से जुड़ी इस ऐतिहासिक स्थल की मान्यता आज भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। आसपास के गांवों के अलावा गढ़वा जिला से भी श्रद्धालु यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। महिलाओं ने व्रत रखकर पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### सरोवर के बीच गंगाधर महादेव विराजमान, प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के साथ प्रतिमा स्थापित



**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित पहाड़ी मंदिर परिसर में बनाए गए सरोवर के मध्य में भगवान गंगाधर महादेव की प्रतिमा सोमवार को सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के साथ स्थापित की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न इस अनुष्ठान का नेतृत्व आचार्य कृष्णकांत मिश्रा एवं उपाचार्य राजन पांडेय ने किया। कार्यक्रम में आरसीयू के कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी मुख्य यजमान रहे। यह संपूर्ण परिसर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयास से निर्मित किया गया है, जिसमें पहाड़ी मंदिर के बगल एक विशाल सरोवर भी शामिल है। प्रतिमा स्थापना के मौके पर भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, डॉ. बीपी शुक्ला, सुनील चौधरी, दामोदर यादव, रामानंद तिवारी, विजय रवि, दिलीप चंद्रवंशी, धीरन तिवारी, विकास चौबे मिंटू सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### सावन की पहली सोमवारी पर झमाझम बारिश से राहत गर्मी से मिली राहत

**मोहम्मदगंज।** सावन मास की पहली सोमवारी को दोपहर बाद करीब एक घंटे झमाझम बारिश से लोगों को तेज उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश से मौसम सुहावना हो गया और विशेष रूप से उपवास रखे शिवभक्तों को राहत पहुंची। कई दिनों बाद पुनर्वस नक्षत्र में यह बारिश हुई, जिससे किसानों ने बिचड़ा के लिए इसे बेहद लाभकारी बताया।

## वज्रपात से महिला की मौत, गांव में पसरा मातम

**पांकी।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत ढूब पंचायत के बरवाडीह गांव में सोमवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 55 वर्षीय महिला सावित्री देवी (पति शिवनाथ साव) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला अपने मवेशियों को लेने खेत की ओर गई थी, तभी बारिश के साथ गिरी वज्रपात की चपेट में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। इस दुखद घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## देवरी पुलिस ने 400 किलो जावा महुआ व शराब नष्ट किया



● सपही मंजुराहा में छापेमारी शराब कारोबारी फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को देवरी ओपी पुलिस ने ग्राम सपही मंजुराहा के पास छापेमारी कर करीब 400 किलो जावा महुआ, 5 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त कर विनष्ट कर दिया। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने जानकारी दी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देख सभी आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने बरामद जावा महुआ और शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। ओपी प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महुदंड पिकेट क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के महुदंड पिकेट क्षेत्र में रविवार को एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रथम पक्ष से सुरेश यादव, उनके पिता गणेशी यादव और पत्नी सुनीता देवी, जबकि दूसरे पक्ष से अजीत कुमार, उनके पिता प्रवेश यादव, माता परमिला देवी और स्वयं प्रवेश यादव का नाम सामने आया है। झड़प के बाद घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां से गंभीर घायलों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित कर चुकी है। झगड़े का कारण आपसी पुराना विवाद बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## नौडीहा बाजार में दो वारंटी गिरफ्तार



**नौडीहा बाजार।** थाना क्षेत्र में 12 से 13 जुलाई तक चलाए गए समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों – संजय भुइंया (निवासी रबदा) और बैजनाथ मिस्त्री (निवासी बारा) को गिरफ्तार कर 14 जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेजा। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई।

## साइबर सुरक्षा को लेकर एसबीआई शाखा प्रबंधक सतर्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** भारतीय स्टेट बैंक, हैदरनगर के शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए ग्राहकों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया है। बैंक परिसर में ही नहीं, बल्कि शाखा समय के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन लेन-देन आज के समय में बेहद सामान्य है लेकिन सावधानी न बरतने पर लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि मजबूत पासवर्ड रखें, ओटीपी साझा न करें, अज्ञात लिंक या ईमेल पर क्लिक न करें, और सिर्फ विश्वसनीय नेटवर्क पर ही ट्रांजैक्शन करें। उन्होंने दो-कारक प्रमाणीकरण की उपयोगिता पर भी जोर दिया। शाखा प्रबंधक ने अपील की कि किसी तरह की अनियमितता दिखने पर तत्काल बैंक से संपर्क करें। उन्होंने कहा, 'सतर्कता ही साइबर अपराध से सुरक्षा की पहली शर्त है।'

## शाहपुर में लटक रहा बिजली का तार



**नौडीहा बाजार।** ग्राम शाहपुर में अनिल कुमार साव के घर के पास बिजली का छर्र तार बेहद नीचे झूल रहा है। इससे जान-माल को खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तार की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

## आहर में डूबने से छात्रा की मौत एक अन्य का चल रहा इलाज

**कुशडीह तेंदुआ गांव में स्नान के दौरान हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र के कुशडीह तेंदुआ गांव में सोमवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में आहर (छोटा तालाब) में डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरिहरगंज में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपराह्न लगभग चार बजे गांव निवासी लक्ष्मण भुइयां की 14 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी तथा धीरज भुइयां की 11 वर्षीय पुत्री सरस्वती कुमारी अन्य बच्चों के साथ गांव के समीप स्थित आहर में स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान दोनों बच्चियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए सीएचसी हरिहरगंज पहुंचाया। सीएचसी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. असदुल्ला फैज ने लक्ष्मी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सरस्वती कुमारी का प्राथमिक इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। मृतक छात्रा की दादी जगती देवी ने बताया कि दोनों बच्चियां गांव के अन्य बच्चों के साथ स्नान करने गई थीं और गहरे पानी की जानकारी नहीं होने के कारण हादसे का शिकार हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही हरिहरगंज थाना से एसआई संतोष कुमार सिंह सीएचसी पहुंचे और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। उधर, सीएचसी परिसर में मृतका की मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से आहर की घेराबंदी कराने एवं सावधानी बरतने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## विश्रामपुर से रवाना हुआ कांवरिया बम का पहला बाइक जत्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** सावन की पहली सोमवारी पर विश्रामपुर पंचमुखी मंदिर से 24 बाइक सवार कांवरियों का पहला जत्था बाबाधाम देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्थे को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी और जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया।द इस अवसर पर सभी कांवरियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. चंद्रवंशी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। वहीं संजय बैठा ने कहा कि कांवरियों की यह यात्रा आस्था और शक्ति का प्रतीक है। बाइक कांवरिया जत्था देवघर के अलावा गुवाहाटी (कामाख्या मंदिर), बोधगया और रजरप्पा मंदिर तक की धार्मिक यात्रा करेगा। टीम में कौशल चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, पंकज शर्मा, मनीष बघेल, धर्मेंद्र गोस्वामी, सुभाष चौरसिया समेत 24 युवाओं के नाम शामिल हैं। मौके पर राजन पांडेय, विजय रवि, संजू ठाकुर, असलम बहादुर सहित दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद थे।

### बाबा धाम रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

**मोहम्मदगंज।** सावन की पहली सोमवारी को प्रखंड के भीमचूल्हा मंदिर परिसर में जलाभिषेक के साथ 12 युवाओं का कांवरिया जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। यात्रा के पूर्व पुजारी गंगा तिवारी और सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने मंत्रोच्चार कर यात्रा की मंगलकामना की। जत्था में शिलापर से रौशन कुमार, दीपक भारती, नीतेश उर्फ गोल्डेन, कविन्द्र उर्फ सोनू, परवीन, कुणाल मेहता, रामनगर से अनिल कुमार, मोहम्मदगंज से अभय कुमार, तथा भजनिया से दीपक ठाकुर, सुधीर रजवार, विकास रजवार सहित 12 कांवरिया शामिल रहे। यात्रियों ने कहा कि वे बाबा से अपने गांव, समाज, राज्य और देश की खुशहाली की कामना करेंगे।

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पांकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। यह प्रदर्शन जनप्रतिनिधियों के अधिकार, मानदेय और सम्मान की सात सूत्री मांगों को लेकर आयोजित किया गया। धरना की शुरूआत कपूर्री ठाकुर चौक से जुलूस के रूप में हुई, जहां सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तख्तियां लेकर ह्यपंचायत को अधिकार देना होगा, मानदेय लागू करोह्ल जैसे नारों के साथ प्रखंड कार्यालय तक पैदल मार्च किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने की जबकि संचालन पंचायत समिति सदस्य श्यामनंदन ओझा ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, निधि सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, उप प्रमुख अमित चौहान समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार को पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। धरना के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 15वीं वित्त की बकाया राशि, राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा, पंचायत को सौंपे गये विभागीय कार्यों की सक्रियता, नियमित जिला योजना समिति बैठक, त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों को मानदेय, सामाजिक सुरक्षा बीमा और वार्ड सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ जैसी मांगें शामिल थीं। धरना में जितेंद्र पांडे, मुकेश चंदेल, प्रेम प्रसाद, प्रमिला देवी, साजदा खातून, अनीता लोहरा, गुड्डू सिंह, मरियम बीबी, मीना देवी, देवसागर राम, अनारीक राम समेत सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और वार्ड सदस्य शामिल रहे।

## भीमबराज जलाशय में भरपूर जल संग्रहण, मुख्य नहर में छोड़ा गया पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज जलाशय का जल स्तर पांड लेवल तक भर चुका है। सोमवार को इससे 1300 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में छोड़ा गया, जो अब औरंगाबाद जल संसाधन प्रमंडल क्षेत्र तक पहुंच गया है। कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में 8122 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी लघु वितरणियों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जल प्रवाह और बढ़ाया जाएगा और पानी को मदनपुर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। खरीफ फसल के लिए सिंचाई की गंभीर तैयारी की जा रही है। पूरे जल प्रवाह पर विभाग की सतत निगरानी बनी हुई है।

**कार्यक्रम** | मोकहर कला में पशु टीकाकरण शिविर, किसानों में दिखा उत्साह

## खुरहा, मुंहपका व लंपी स्किन रोग से बचाव के लिए हुआ टीकाकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पशुपालन विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत मोकहर कला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में पशु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुओं को खुरहा, मुंहपका और लंपी स्किन रोग से बचाव हेतु टीके लगाए गए। इस कार्यक्रम में मुखिया नाजमा खातून की सक्रिय भूमिका रही, जिनके प्रयासों से शिविर सफल हुआ। टीकाकरण कार्य में डॉ. धर्मेंद्र सिंह राजपूत, एआई दिलीप कुमार सिंह, मैत्री जितेंद्र प्रसाद मेहता एवं अनुज कुमार सिंह की टीम ने भाग लिया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही। किसानों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर उनके पशुधन की सुरक्षा में सहायक होते हैं, जिससे उनकी आजीविका स्थिर रहती है। कार्यक्रम में प्रवेश यादव, सूरज पासवान, अकबर, राहत, मोबाशिर समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों का आभार जताया एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन की मांग की।

# न्यूज | बॉक्स

### सड़क की बदहाली के खिलाफ पिपरा में 21 जुलाई को होगा चक्का जाम



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पिपरा प्रखंड से दुबटिया होकर जपला तक की जर्जर सड़क की स्थिति को लेकर सामाजिक नेता प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने 21 जुलाई को सड़क जाम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस जाम के लिए एसडीओ हुसैनाबाद, छतरपुर, एसडीपीओ समेत सभी प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है। क्षेत्र की जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्कूल, अस्पताल और कार्यालय जाने वाले आम नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रेमतोष सिंह ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर केवल घोषणाएं कर रही है, धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी क्षेत्रवासियों के लिए सपना बनी हुई हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान लाल बहादुर सिंह, मथुरा प्रसाद, जनेश्वर भुइंया, सुनील सिंह, पिंटू सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की।

### ग्रामीणों के सहयोग से हुई भारी बारिश में टूटी पुलिया की मरम्मत

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश की वजह से कच्ची सड़क में टूटी पुलिया की ग्रामीणों ने सहयोग देकर मरम्मत कर दी है। इससे एक पखवारा बाद मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य मार्ग से जुड़े प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूरब दिशा के कई पठारी गांवों में वाहनों से आवागमन सुगम हो गया। इनमें इस प्रखंड के रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर,भरूही के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के लोहबंधा, फटहा, जीतामाटी व अन्य कई गांव शामिल बताए जाते हैं। जहां वाहनों से पहुंचने के लिए राजनडीह से महुडंड तक पीएमजीएसवाई के तहत सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध है। जिसके कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ से संपर्क के दो अलग-अलग मार्ग हैं। इनमें दायीं मुख्य नहर के दायें किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्रोत रेलवे पुल के नीचे से राजनडीह गांव तक पहुंचा जाता है। वहीं, दूसरी रामनगर के ग्रामीणों के श्रमदान से राजनडीह तक बनी कच्ची सड़क हैं। इसी में राजबारा नदी पर बनी पुलिया पहली ही भारी बारिश में टूट गई थी। ऐसी स्थिति में वाहनों की सुविधा से उक्त गांवों से प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय, बाजार, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन तक आवागमन बंद हो गया था। इसी पुलिया की जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से मोरम डलवाकर राम जन्म राम, अरविन्द राम,विजय कुमार, उपेन्द्र कुमार, अनुज कुमार अमर कुमार, विष्णुदेव पासवान, पंचु रजवार (विधायक प्रतिनिधि), दीपक कुमार, उदल सिंह, बिंगन सिंह, आकाश कुमार, उमेश कुमार और सतेन्द्र यादव सहित अन्य कई ग्रामीणों ने सहयोग देकर मरम्मत करा दी है।

### स्पीड ब्रेकर निर्माण पर ग्रामीणों ने जताया उपायुक्त के प्रति आभार



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के जगतपुरवा के ग्रामीणों ने पलामू के उपायुक्त को जगतपुरवा गांव में सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने पर आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि जगतपुरवा- बेदानी रोड में जगतपुरवा में हार्वर्ड इंटरनेशनल स्कूल के निकट स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग उपायुक्त से की गई थी। उपायुक्त के निर्देश पर इसे सड़क निर्माण विभाग ने पूरा कर दिया। बताते चलें कि इस मार्ग में एक विद्यालय है। इसमें जगतपुरवा गांव एवं आसपास के बच्चे पढ़ते हैं। इस मार्ग में वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं। इस कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। कई बार दुर्घटना घट भी गई है। इसे को देखते हुए जगतपुरवा के ग्रामीणों ने उपायुक्त को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया था। इसमें स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की थी। सोमवार को पथ निर्माण विभाग ने उपायुक्त के आदेश पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कर दिया। उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार अवधेश शुक्ला, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, राजीव रंजन शुक्ला, सविता चौधरी, वासुदेव भुईयां, नरेंद्र शुक्ला सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

### तीसीबार शंकर धाम में सोमवारी पर विशेष पूजा



**पांडू।** सावन माह के पहले सोमवारी पर पांडू प्रखंड के प्रसिद्ध तीसी बार शंकर धाम में विशेष पूजा-अर्चना की गई। अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तों ने बेलपत्र, दूध, जल, धतूरा और फूल अर्पित कर भोलेनाथ का अभिषेक किया। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। पूजा-अर्चना के दौरान पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रुद्राभिषेक भी कराया गया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और समाज की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि तीसी बार शंकर धाम में की गई सच्ची श्रद्धा की पूजा भोलेनाथ अवश्य स्वीकार करते हैं। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भी व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था। मंदिर की सफाई, जल की उपलब्धता और दर्शन के लिए लाइन की व्यवस्था की गई। सावन के पहले सोमवारी पर शिव भक्तों का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। देर शाम तक श्रद्धालु शिवालय में आकर भगवान शिव की आराधना करते नजर आए।

## निजी वाहनों से ठूंसे जा रहे स्कूली बच्चे, नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन बेखबर

**मेदिनीनगर।** जिले में निजी स्कूलों द्वारा बच्चों की सुरक्षा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। स्कूली वाहनों में बच्चों को जानवरों की तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा है। न तो वाहनों पर पीला रंग है, न सुरक्षा के नियम अपनाए जा रहे हैं। वाहनों के ड्राइवरों का वेरिफिकेशन तक नहीं कराया गया है। जिला मुख्यालय में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति सहज अनुमानित है। नियमों के अनुसार स्कूल वाहनों में फायर एस्टिंग्विशर, खिड़की पर तीन रॉड, पीला रंग व स्कूल वाहन लिखा होना अनिवार्य है। इसके बावजूद नियमों को नजरअंदाज किया जा रहा है। निजी स्कूल प्रशासन की लापरवाही व प्रशासनिक उदासीनता बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। अभिभावक भी सतर्क नहीं दिख रहे। कार्रवाई कब होगी, यह सवाल अब हर किसी के मन में है।

# प्रथम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- महिलाओं की रही विशेष उपस्थिति, भीड़ के बावजूद नहीं दिखा पुलिस बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सावन की पहली सोमवारी पर मेदिनीनगर के शिवालयों में श्रद्धा का खासा उत्साह देखने को मिला। शिवाला रोड, कामना पूर्ति शिव मंदिर, शिव शक्ति धाम सुदना सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से देखी गई। भगवान शिव पर बेलपत्र, जल, दूध और धतूरा अर्पित कर श्रद्धालुओं ने सुख-शांति की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। दिनभर मंदिर खुले रहे और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती नहीं होने से अव्यवस्था दिखी। महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण कई शिवालयों के आस-पास कचरे के ढेर और पानी जमा दिखा। ऐसे में पुजारियों व मंदिर समितियों ने स्वयं सफाई का जिम्मा संभाला और मंदिर परिसर को स्वच्छ किया।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## सरकारी योजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि हैदरनगर, उंटारी रोड, पांडु, मोहम्मदगंज एवं हुसैनाबाद प्रखंडों में चेकर सत्यापन की गति अत्यंत धीमी है। उन्होंने संबंधित बीडीओ को चेतावनी देते हुए प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी योजना के तहत हरिहरगंज, चैनपुर व पांडु प्रखंडों में आवास स्वीकृति में गंभीर अंतर (गैप) पाया गया, जिसे दो दिनों के भीतर भरने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पांडु और पांकी में क्रमशः 776 और 532 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि उनके खाते सत्यापित हैं। इस लापरवाही पर डीसी ने नाराजगी जाहिर की और तीन अंकों से अधिक लाभुकों के लंबित भुगतान वाले बीडीओ को शो-कॉज नोटिस जारी करने की बात कही। डीसी ने जेएसएलपीएस की धीमी कार्यप्रगति पर भी असंतोष व्यक्त किया और जिला परियोजना प्रबंधक को भी स्पष्टीकरण देने को कहा। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के हस्तांतरण, टीएचआर वितरण और पोषण ट्रैकर के अद्यतन की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने समन्वय के साथ कार्य पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। बैठक के दौरान कृषि विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए डीसी ने कृषि पदाधिकारी को विभिन्न किस्मों के बीजों का समय पर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि कहीं भी उर्वरकों की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में डीसी ने वैक्सीनेशन की नियमित एंट्री और निगरानी सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही छात्रावासों के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छत्तरपुर एसडीओ, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, डीआरडीए निदेशक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार, सभी बीडीओ-सीओ और अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पंजीकरण के बिना कोई क्लिनिक नहीं चलेगा आईएमए पलामू की बैठक में लिया गया निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पलामू शाखा की बैठक शनिवार को आईएमए हॉल में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन अनिल कुमार श्रीवास्तव समेत कई चिकित्सक शामिल है।बैठक में क्लीनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत क्लिनिक एवं नर्सिंग होम के पंजीकरण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सदस्यों ने चिंता जताई कि कई निजी क्लिनिक व नर्सिंग होम अब तक इस अधिनियम के तहत पंजीकृत नहीं हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पलामू जिले के सभी क्लिनिक और नर्सिंग होम का पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। आईएमए ने स्पष्ट किया कि अब किसी भी क्लिनिक को बिना पंजीकरण संचालित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो भी संस्थान बिना पंजीकरण के कार्यरत पाए जाएंगे, उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। संगठन ने जिले के सभी चिकित्सकों और क्लिनिक संचालकों से अपील की कि वे जल्द से जल्द क्लीनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी परेशानी से बचा जा सके। बैठक में स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने और जिम्मेदार चिकित्सा व्यवस्था स्थापित करने पर जोर दिया गया।

## चैनपुर–नेउरा रोड की मरम्मत को 4.50 करोड़ की टेंडर प्रक्रिया शुरू

- प्रथम महापौर अरुणा शंकर के प्रयासों से पीडब्ल्यूडी ने निकाला टेंडर, स्थानीय व्यवसायियों ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर–नेउरा मुख्य मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए अब जल्द मरम्मती कार्य शुरू होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने जानकारी दी कि माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं सांसद विष्णु दयाल राम के सहयोग से इस सड़क के लिए 4.50 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

अरुणा शंकर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व चैनपुर निवासी युवक सुनील गुप्ता ड्यूटी से लौटते समय सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भरे होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर एवं मुंबई से कई लोगों ने उन्हें फोन कर मार्ग की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की थी। इस पर उन्होंने तुरंत मंत्री और सांसद से संपर्क साधा, जिसके फलस्वरूप पीडब्ल्यूडी द्वारा दो-दो करोड़ और 50 लाख रुपये के तीन अलग-अलग टेंडर जारी किए गए।




मुंबई से लौटते ही प्रथम महापौर घायल युवक सुनील गुप्ता से मिलने उनके घर गईं और हालचाल लिया। उन्होंने बताया कि टेंडर फाइनल होते ही मंत्री और सांसद की उपस्थिति में इस कार्य का शिलान्यास कराया जाएगा।

इस अवसर पर चैनपुर के स्थानीय व्यवसायियों और पार्षद विजय प्रसाद ने प्रथम महापौर का मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उनके प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया। व्यवसायियों ने कहा कि यह कार्य महापौर के सक्रिय प्रयासों के बिना संभव नहीं था।

इस मौके पर विजय कश्यप, दिनेश, बिट्टू, विजय प्रमुख, पप्पू कश्यप, कन्नीलाल, संजय प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, वीरेंद्र कश्यप, अविनाश, रुपेश कश्यप, चंदू समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### एनपीयू के कुलानुशासक पद का दायित्व डॉ. राधा कृष्ण झा ने संभाला



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू), मेदिनीनगर में कुलानुशासक पद की जिम्मेदारी अब डॉ. राधा कृष्ण झा को सौंप दी गई है। सोमवार को उन्होंने विधिवत रूप से इस पद पर योगदान दिया। डॉ. झा वर्तमान में जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर के भौतिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही विभागाध्यक्ष की भूमिका भी निभा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके नियुक्ति को स्वागत योग्य बताया है और आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय का शैक्षणिक और अनुशासनात्मक वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। डॉ. राधा कृष्ण झा अपनी अनुशासनप्रिय छवि और शैक्षणिक दक्षता के लिए जाने जाते हैं। छात्र हितों, अनुशासन व्यवस्था और शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर उनकी दृष्टि स्पष्ट और व्यावहारिक रही है। विश्वविद्यालय के छात्र संगठनों और शिक्षकों के बीच भी उनकी नियुक्ति को सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया है कि वे कुलानुशासक के रूप में छात्रों के कल्याण और बेहतर अनुशासन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में प्रभावी पहल करेंगे।

### एनएसयूआई ने शिक्षकविहीन कॉलेजों में नियुक्ति को लेकर कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के अधीन संचालित दर्जनों नए डिग्री कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई कॉलेजों में एक भी विषयवार शिक्षक पदस्थापित नहीं हैं। छात्र नामांकन करा रहे हैं, लेकिन पढ़ाई शून्य है। इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एनएसयूआई की मांग है कि जब तक स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक अतिथि शिक्षकों की तत्काल बहाली की जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। आशीष कुमार ठाकुर ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। कुलसचिव ने छात्रों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### एनपीयू दीक्षांत समारोह के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, 15 जुलाई से 5 अगस्त तक भर सकेंगे फॉर्म

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) द्वारा आगामी दीक्षांत समारोह के आयोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में स्नातक (यू.जी.) एवं स्नातकोत्तर (पी.जी.) परीक्षाएं उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राएँ 15 जुलाई 2025 से 5 अगस्त 2025 तक दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 के बाद प्राप्त किसी भी फॉर्म पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर डिग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। यह निर्णय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र को नियमित करने की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का हिस्सा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि समय पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान करना एनपीयू की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### पलामू जिले में 12 हजार सदस्य बनाएगी विद्यार्थी परिषद

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिले में 12 हजार सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर सदस्यता अभियान चला रही है। इसी क्रम में सोमवार को सुपर एक्सीलेंशी क्लासेज में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में रणनीति बनाई गई और विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पोस्टर विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला सह सदस्यता प्रमुख कौशल मिश्रा, नगर सदस्यता प्रमुख उत्कर्ष तिवारी, सह प्रमुख गगन सिंह, जीएलए कॉलेज प्रमुख किसलय दुबे, महिला कॉलेज प्रमुख सपना पांडे समेत अन्य कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया। नगर उपाध्यक्ष निकिता कश्यप की अध्यक्षता में कोचिंग के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। जिला संयोजक नितीश दुबे ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। प्रदेश सह प्रभारी राम शंकर पासवान ने राष्ट्रवाद की भावना को प्रत्येक शिक्षण संस्थान तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संस्थागत प्रसव में गिरावट पर नाराजगी अवैध क्लिनिकों पर कार्रवाई के निर्देश

- एनएचएम की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने जताई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने खासतौर पर संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में कमी पर चिंता जताई और कहा कि 62% संस्थागत प्रसव दर्शाया गया है, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव यदि निजी अस्पतालों या क्लिनिकों में हो रहा है, तो उनका भी विस्तृत डेटा संग्रह किया जाए।

डीसी ने निर्देश दिया कि बिना पंजीकरण संचालित हो रहे क्लिनिकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही वैध क्लिनिकों की सूची और उनकी गतिविधियों से संबंधित रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर सौंपने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, रंग-रोगन, दवा की उपलब्धता की भी नियमित निगरानी करने और डीपीएम को अस्पतालों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बीडीओ और आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ समन्वय बनाकर गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना से मिली राशि का संस्थानों के रखरखाव में उपयोग करने का सुझाव भी दिया।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, आरसीएच पदाधिकारी डॉ. विजय सिंह, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, बीपीएम और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनपीयू बन रहा है बदलाव का वाहक, परिणामों के प्रकाशन में आई तेजी

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) प्रशासन शैक्षणिक सत्र को नियमित करने तथा विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में स्नातक सत्र 2021-24 (बीकॉम फाइनल सेमेस्टर) एवं बीएड बैकलॉग परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आर्ट्स और साइंस संकाय के परिणाम भी शीघ्र जारी किए जाएंगे। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य सभी परीक्षाओं को समय पर आयोजित कर परिणामों का प्रकाशन निर्धारित समय-सीमा में करना है, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी वर्षों में एनपीयू राज्य के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

### निगम दफ्तर बारिश के पानी में डूबे

## करोड़ों खर्च के बाद भी मेदिनीनगर जलजमाव से बेहाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को हुई बारिश ने मेदिनीनगर नगर निगम की पोल खोल दी। निगम कार्यालय समेत समाहरणालय के पास जलजमाव ने व्यवस्थाओं की असलियत उजागर कर दी। निगम दफ्तर के सामने दो फीट पानी भर गया। नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर सफाई व नाला निर्माण के दावे किए जाते हैं, फिर भी शहर का यह हाल है। नगर निगम क्षेत्र में 275 सफाईकर्मी और 50 से अधिक वाहन कार्यरत हैं, लेकिन व्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से समस्या बनी हुई है। नालियों के जर्जर और ऊंचे निर्माण को जलजमाव का मुख्य कारण बताया जा रहा है। शहर के कचहरी चौक, समाहरणालय, जेलहाता रोड, भगवती हॉस्पिटल के पीछे, ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास, गायत्री मंदिर सहित दर्जनों स्थानों पर जलजमाव हो गया। लोगों ने नगर निगम पर बरसात पूर्व तैयारी नहीं करने का आरोप लगाया। अधिकारी केवल दावा करते रहे कि वर्षा रुकते ही पानी निकल जाता है। नगरवासी अब समाधान की मांग कर रहे हैं।

### वर्ग-4 के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से स्थगित

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड के सभी मुफस्सिल कार्यालयों में वर्ग-4 के पदों पर नियुक्ति एवं भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। इस आशय का निर्देश कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को जारी किया है। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि मंत्रिपरिषद की 11 जुलाई 2025 को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य के सभी कार्यालयों में वर्ग-4 के पदों पर नियुक्ति हेतु नई भर्ती एवं सेवाशर्त नियमावली का गठन किया जाएगा। नियमावली अधिसूचित होने तक किसी भी प्रकार की भर्ती प्रक्रिया पर रोक रहेगी। सरकार के इस निर्णय के आलोक में राज्य भर में चल रही सभी नियुक्ति प्रक्रियाओं को स्थगित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**उपलब्धि** | 'अनुताप' फिल्म की शूटिंग विभिन्न प्राकृतिक लोकेशनों पर जारी

## फिल्म निर्माण के लिए पलामू प्रमंडल में असीम संभावनाएं : पुलिन मित्रा

- स्थानीय व कोलकाता के कलाकार ले रहे भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और यहां फिल्म निर्माण की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। यह कहना है पलामू के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक पुलिन मित्रा का। उन्होंने कहा कि यहां के सौंदर्य से भरपूर सैकड़ों लोकेशन्स ऐसी हैं, जो किसी भी फिल्म के लिए आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान कर सकते हैं।

गौरतलब है कि पुलिन मित्रा अब तक एमटीएफ और भूमिका फिल्म्स के बैनर तले डिफ्रेंट, सितमगर, फेक अकाउंट, थैंक्यू, डिग्री, लापरवाही और लौ जैसी कई चर्चित लघु एवं पूर्णकालिक फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। वर्तमान में वे अपनी नई फिल्म अनुताप की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग पलामू के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर की जा रही है, जिनमें नेतरहाट की वादियाँ, मेदिनीनगर का लता मंगेशकर चौक और रिवर फ्रंट प्रमुख हैं। सोमवार को फिल्म की एक महत्वपूर्ण शूटिंग हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के निर्मला हॉस्पिटल परिसर में की गई। पलामू में फिल्म निर्माण गतिविधियों को लेकर लोगों में उत्साह है, वहीं स्थानीय प्रशासन यदि शूटिंग को लेकर आवश्यक सुविधाएं और सहयोग प्रदान करे तो यह क्षेत्र झारखंड में फिल्म पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

### फिल्म अनुताप में कोलकाता की लोकप्रिय अभिनेत्रियां प्रियंका चटर्जी व लीना विश्वास नजर आएंगी



फिल्म अनुताप में मुख्य भूमिकाओं में कोलकाता की लोकप्रिय अभिनेत्रियां प्रियंका चटर्जी और लीना विश्वास नजर आएंगी। इनके साथ चंदन कुमार, काजल राज, कमलरंजीत, वर्षा रानी, सुधीर मिश्रा, शर्मिला वर्मा, डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, मृत्युंजय, बादल, बाल कलाकार मयंक पाठक और श्रेया तिवारी भी अभिनय करते दिखेंगे। भूमिका फिल्म्स की मीडिया प्रभारी एवं अभिनेत्री शर्मिला वर्मा ने बताया कि फिल्म में स्थानीय कलाकारों को भी भरपूर अवसर दिया जा रहा है, जिससे पलामू के सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतिभा को एक नया मंच मिल रहा है। फिल्म की तकनीकी टीम में कोलकाता के मेकअप आर्टिस्ट तारक चौधरी और कैमरामैन बिट्टू शामिल हैं।

# मोबाइल की बैटरी फटने से लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

● भंडरिया के बघवार गांव में हादसा, मोबाइल रिपेयरिंग दुकान पूरी तरह जलकर राख

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** सोमवार सुबह भंडरिया थाना क्षेत्र के बघवार गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना में मोबाइल बैटरी फटने से भीषण आग लग गई। इस आगजनी में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना गांव के युवक बसंत पासवान के घर में हुई, जहां उनका पुत्र राजन पासवान (22 वर्ष) मोबाइल रिपेयरिंग और रिचार्जिंग की दुकान चलाता था। राजन ने बताया कि सुबह उसने 10 से 12 मोबाइल चार्जिंग में लगाए और किसी कार्यवश बाहर चला गया। उसी दौरान घर से अचानक धुआं उठने लगा और बम जैसी जोरदार आवाज सुनाई दी। जब आस-पास के लोग पहुंचे और दरवाजा खोला गया, तो दुकान आग की लपटों में घिर चुकी थी। इस अग्निकांड में दुकान में रखे लगभग 40-50 मोबाइल, 30,000 से 35,000 नकद, एक कंप्यूटर और वाहन से संबंधित दस्तावेज पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। कई मोबाइल ग्राहक मरम्मत के लिए छोड़ गए थे, जिन्हें अब लौटाया जाना संभव नहीं है। इस हादसे से पूरे परिवार में शोक और स्तब्धता की स्थिति है। ग्रामीणों और पड़ोसियों ने आग बुझाने में मदद की, लेकिन तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था। राजन और उसके परिजन रो-रो कर बेहाल हैं। लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।



# कांडीः अधूरी पड़ी है 165 करोड़ की नहर परियोजना

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** केंद्र सरकार की बहुचर्चित बायीं-बांकी सिंचाई परियोजना का कार्य अब तक अधूरा है। निर्माण कंपनी ने बिना पूर्ण काम किए ही कार्य को कागजों पर समाप्त दिखा दिया। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से मांग की है कि नहर में बने अवरोधों को तत्काल हटाया जाए, अन्यथा नहर का पानी खेतों और घरों में घुस रहा है। सतबहिनी तीर्थ स्थल के मुख्य गेट के पास 50 फीट लंबी नहर की खुदाई ही नहीं की गई। निर्माण एजेंसी ने न पुलिया बनाई न ह्यूम पाइप डाले। फलस्वरूप पानी नहर में बहने की बजाय खेतों और सड़क पर बह रहा है। लल्लू यादव के घर में भी नहर का पानी भर जा रहा है। कुछ दिन पूर्व जतकूटवा क्षेत्र में नहर का एक बड़ा हिस्सा पानी के दबाव से टूट गया था। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि समय रहते नहर में सुधार नहीं किया गया तो यह फिर टूट सकती है। विधायक प्रतिनिधि अतीस कुमार सिंह ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की बात कही है और सरकार को सूचित करने की चेतावनी दी है।



## डंडई में पहली सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**डंडई।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर डंडई प्रखंड के लवाहीखुर्द स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ सीमावर्ती बालचौरा कनहर नदी से जल भरकर नंगे पांव 30 किलोमीटर पैदल यात्रा कर लगभग 500 कांवरियों और डाक बमों ने मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर प्रांगण 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' के जयघोषों से गूंज उठा। दिनभर श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिर में जुटे रहे। इस अवसर पर श्रावणी मेले की भी शुरूआत हुई, जहां बच्चों, महिलाओं और युवाओं ने मेले का भरपूर आनंद लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मंगरू बैठा ने बताया कि 23 वर्ष पूर्व यहां शिवलिंग स्वयं भू-प्रकट हुआ था। तभी से ग्रामीणों ने यहां पूजा-अर्चना शुरू की और धीरे-धीरे मंदिर का निर्माण कराया गया। सावन में यहां बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। समिति सचिव हरिप्रसाद वर्मा के अनुसार बाबा मंगरदह की महिमा अपार है, और यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। मंदिर परिसर के बगल में भव्य हनुमान मंदिर भी है। पास ही लवाहीकलां स्थित बासुकीनाथ शिव स्थल पर भी श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। शांति व्यवस्था में समिति के कोषाध्यक्ष समारू प्रजापति, उमेश पासवान, मानदेव बैठा, बलराम बैठा, लाल बिहारी यादव, धर्मदेव ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

**श्री बंशीधर नगर।** सावन माह की पहली सोमवारी पर बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र आस्था और श्रद्धा से सराबोर रहा। राजा पहाड़ी शिव मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर समेत सभी प्रमुख शिवालयों में अहले सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। ह्यहर-हर महादेवह्न, ह्यओम नमः शिवायह्न, ह्यबोल बमह्न के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु जल, बेलपत्र, दूध, धतूरा व फूल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन-अर्चन करते नजर आए। यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। राजा पहाड़ी शिव मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर चेचरिया, हेन्हो शिव मंदिर, ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पाल्हे कला, बागीचा शिव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर जतपुरा, नीलकंठ महादेव मंदिर नरखोरिया समेत दर्जनों शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। मंदिर समितियों ने भीड़ को देखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। श्रद्धालुओं ने परिवार व समाज की सुख-शांति और समृद्धि के लिए शिव पूजन किया। मान्यता है कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नत भोलेनाथ अवश्य पूरी करते हैं।

## श्रावणी मेले का भव्य शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** राजा पहाड़ी शिव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले का शुभारंभ हुआ। जिला उपायुक्त दिनेश कुमार यादव सपत्नीक, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार और न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा ने विधिवत रुद्राभिषेक कर मेले का उद्घाटन किया। मंदिर समिति के पुजारी रामचंद्र पाठक, गोपाल पाठक और गोविंद पाठक ने पूजा-अर्चना कराई। उपायुक्त ने मंदिर समिति से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और पर्यटन विभाग से विकास कराने को लेकर अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। दर्शन के बाद उपायुक्त ने मंदिर गुफा स्थित मां वैष्णो देवी का दर्शन भी किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार, नगर प्रबंधक प्रमेय मंडिलवार, मंदिर समिति के सचिव नंदलाल प्रसाद, रामचंद्र विश्वकर्मा, अशोक जयसवाल, नागेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

**रंका।** चुतरू पंचायत में जमीन विवाद को लेकर सोमवार सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला घायल हो गई है। घायल महिला का इलाज रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। पीड़ित शाहिद अंसारी ने बताया कि वह सुबह 6 बजे अपने केवाला वाली जमीन की जोताई करने पहुंचा था। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी, भाले, डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसकी पत्नी घायल हो गई। मामले को लेकर रंका थाने में आवेदन दिया है। दूसरे पक्ष के ग्रामीण ने बताया कि उसकी जमीन पर जबरन जोताई की जा रही थी। मना करने पर शाहिद के ट्रैक्टर से उनके बेटे को कुचलने की कोशिश की गई, जिसमें उसके बेटे को चोट आई है। उसका भी इलाज रंका अस्पताल में चल रहा है। दोनों पक्षों ने रंका थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। घायल लोगों का इलाज डॉक्टर इश्तियाक द्वारा किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनेवा आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया गया परिवार कल्याण दिवस

**भंडरिया।** प्रखंड अंतर्गत जनेवा गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएनएम, सीएचओ और बीटीटी के द्वारा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि लड़कियों की विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होनी चाहिए। विवाह के दो वर्ष बाद पहला बच्चा और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। साथ ही अस्थायी परिवार नियोजन उपायों जैसे गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा इंजेक्शन, आईयूसीडी आदि की जानकारी भी विस्तार से दी गई। जागरूक महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सरोज खाखा, मोनिका टोप्पो, सहीया राजमती देवी, तारा देवी, आंगनवाड़ी सेविका समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## रमना सब्जी बाजार में मोबाइल चोरों का आतंक

**रमना।** एनएच-75 के किनारे रमना स्थित निजी सब्जी बाजार में मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। रविवार को मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव निवासी संजय पासवान का मोबाइल भीड़भाड़ के दौरान चोरी हो गया। संजय ने बताया कि एक युवक आलू का दाम पूछने आया, लेकिन खरीदारी किए बिना निकल गया। तभी उन्हें मोबाइल चोरी का एहसास हुआ। बाजार में मौजूद लोगों ने बताया कि इससे कुछ ही समय पूर्व बगौंधा निवासी विनय कुमार का भी मोबाइल चोरी हुआ था। चोर मोबाइल चुराकर उसमें मौजूद यूपीआई ऐप्स के जरिए पैसे निकाल रहे हैं। सब्जी विक्रेता महिलाओं ने बताया कि हर बाजार दिन मोबाइल चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। गत माह बुल्का गांव निवासी शौकत अंसारी का मोबाइल भी इसी बाजार से चोरी हुआ था, जिसकी लिखित सूचना उन्होंने रमना थाना को दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की तकनीकी जांच जारी है।

## एएनएम हन्ना तिर्की के पति का आकस्मिक निधन

**भंडरिया।** प्रखंड में सोमवार को एक दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। भवनाथपुर सीएचसी में कार्यरत एएनएम हन्ना तिर्की के पति दिनेश कुमार गुप्ता का हृदयगति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, हन्ना तिर्की छुट्टी में अपने पति के साथ भंडरिया स्थित अपने आवास पर आई हुई थीं। सोमवार की सुबह अचानक दिनेश कुमार गुप्ता की तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से न केवल परिवार बल्कि स्थानीय चिकित्सा समुदाय में भी शोक की लहर फैल गई है। लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की है।

## जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रथ को हरी झंडी

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर सोमवार को अनुमंडल अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी और स्वास्थ्य प्रतिनिधि आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। यह रथ बंशीधर नगर, रमना व विशुनपुरा प्रखंड के गांवों में भ्रमण करेगा। डॉ. सुचित्रा कुमारी ने बताया कि 11 से 31 जुलाई तक अस्पताल में परिवार नियोजन पखवाड़ा चलेगा। पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण सहित अन्य परिवार नियोजन उपायों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के विकास में भी अहम है। रथ के माध्यम से छोटे परिवार की महत्ता व सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में राजेश कुमार सिंहा, विपेश राज तमांग, राजीव कुमार, अनुरंजन पांडेय, सोनम कुमारी, अशफाक अहमद, विजय पाठक समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## केतार के शिवालयों में पहली सोमवारी पर गूंजे जयघोष

**केतार।** सावन की पहली सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव और शंख-घंटियों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बन गया। चतुभुर्जी मंदिर परिसर स्थित शिवालय में श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं। यहां से निकली जलयात्रा बाजार होते हुए पंडा-ढाढरा नदी संगम तट पहुंची, जहां मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरवाया गया। इसके बाद श्रद्धालु 'बोल बम' के जयघोष के साथ मंदिर लौटे और जलाभिषेक कर शिव आराधना की। परसोडीह गांव में जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने महामाया मंदिर में जल, बेलपत्र व दूध अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

## मंझिआंव में पहली सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा

**मंझिआंव (गढ़वा)।** श्रावण मास की पहली सोमवारी को मंझिआंव प्रखंड में आस्था और भक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली। चंदरी शिव मंदिर, आछोडीह और मझिगांवा से हजारों शिवभक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। श्री श्री 108 महंत केशवनारायण दास जी महाराज की अगुवाई में संगम तट कोयल नदी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में जल भरा गया। श्रद्धालु भगवा वस्त्र पहनकर, सिर पर कलश लिए 'हर-हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। महंत ने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की उपासना से समस्त संकटों का नाश होता है। कार्यक्रम पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ।

## डीएवी भवनाथपुर को मिला नया प्राचार्य

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, भवनाथपुर टाउनशिप में नए प्राचार्य के रूप में राजेश कुमार सिंह ने कार्यभार संभाला। विद्यालय के मुख्य द्वार पर पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा और शिक्षकों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। बच्चों ने तिलक लगाकर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय को नई ऊंचाई तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है और इसमें सभी शिक्षकों का सहयोग आवश्यक होगा। उन्होंने डीएवी परिवार की भावना को दोहराया। वहीं, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी से सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि यदि उनके कार्यकाल में किसी को कटु अनुभव हुए हों तो वह केवल प्रबंधन का हिस्सा था, व्यक्तिगत नहीं। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने किया। मौके पर ओपी सिंह, जयशंकर तिवारी, अनिल द्विवेदी, संतोष गुप्ता, ब्रजेंद्र सिंह, गणेश त्रिवेदी, संजय राय, शौकत अली, रंजना वर्मा सहित शिक्षक उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पत्रांक 748/न0प0, दिनांक 12.07.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–18.06.2025 को नगर परिषद् बाजार की बन्दोबस्ती हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित आम सूचना में किसी भी डाकवक्ता के द्वारा भाग नही लेने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–18.07.2024 को समय 12:00 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–19.07.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 10,72,145.00 | 1,07,300.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–18.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.357216 Urban Development(25-26):D



## कार्यालय :– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

Email ID: damoayush.ltr@gmail.com / Mobile No.: 8544210874@7061783292

जिला लातेहार अन्तर्गत योग प्रशिक्षकों के चयन प्रक्रिया के उपरांत आयुष औषधालयों/HSC AAM (आयुष) के योग प्रशिक्षकों की मेधा सूची :–

| क्र0 सं0 | जिला | प्रखण्ड | आयुष औषधालय/HSC AAM (आयष) का नाम | No. of Required Yoga Instructor in AAM(AYUSH) Yoga Instructor (Male) | (Female) | Selected Yoga Instructor Name of Yoga Instructor (Male) | (Female) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लातेहार | बालूमाथ | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, बालूमाथ | 1 | 1 | DHRITPAL KUMAR GANJHU | KIRAN KUMARI | |
| 2 | | बारियातु | राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, शिवला | 1 | 1 | MD IMRAN Ansari | ANJALI KUMARI | |
| 3 | | बरवाडीह | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, गणेशपुर (हेहेगड़ा) | 1 | 1 | TARIK ANSARI | ARTI KUMARI | |
| 4 | | | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, बरवाडीह | 1 | 1 | MD JASSIMUDDIN ANSARI | PUJA KUMARI | |
| 5 | | | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, सरईडीह, बरवाडीह | 1 | 1 | ANUJ ANAND | ROHINI KUMARI | |
| 6 | | | राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, लात (छिपादोहर) | 1 | 1 | VIKASH KUMAR GUPTA | RAJLAXMI KUMARI | |
| 7 | | | राजकीय यूनानी औषधालय, मण्डल | 1 | 1 | RAHMAT ANSARI | RANJITA KUMARI | |
| 8 | | चन्दवा | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, चन्दवा | 1 | 1 | KRISHNA KUMAR | MANSI KUMARI | |
| 9 | | | राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, चन्दवा | 1 | 1 | RAJKESHWAR YADAV | VINA DEVI | |
| 10 | | गारू | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, रूद्रजयंती | 1 | 1 | UJJWAL TOPPO | KUSUM TOPPO | |
| 11 | | लातेहार | जिला संयुक्त औषधालय, लातेहार | 1 | 1 | SANJAY KUMAR THAKUR | SUNITA GUPTA | |
| 12 | | | जिला संयुक्त औषधालय(आयुर्वेदिक), लातेहार | 1 | 1 | MD. JAHADUL ANSARI | USHA DEVI (VISHWAKAR MA) | |
| 13 | | | जिला संयुक्त औषधालय (होम्योपैथिक), लातेहार | 1 | 1 | KRISHNA PRASAD | LAXMI KUMARI | |
| 14 | | | जिला संयुक्त औषधालय(यूनानी), लातेहार | 1 | 1 | MD.GAFFAR ANSARI | VAISHNAVI KUMARI | |
| 15 | | | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, लातेहार | 1 | 1 | SUDARSHAN KUMAR GUPTA | PUJA KUMARI | |
| 16 | | | राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, लातेहार | 1 | 1 | PAPPU MAHTO | KUMARI DIPTI | |
| 17 | | | राजकीय यूनानी औषधालय, लातेहार | 1 | 1 | GHANSHYAM YADAV | SONI DEVI | |
| 18 | | महुआडाँड़ | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, महुआडाँड़ | 1 | 1 | AMARDEEP LAKRA | KALYANI KERKETTA | |
| 19 | | मनिका | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, मनिका | 1 | 1 | MD IRFAN ANSARI | RADHIKA KUMARI | |
| 20 | | | राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, मटलौंग | 1 | 1 | RAVILAL SINGH | BASANTI DEVI | |
| 21 | | | राजकीय होम्योपैथिक औषधालय, मनिका | 1 | 1 | NAVNIT KUMAR SAHU | CHHAYA DEVI | |
| 22 | लातेहार | बालूमाथ | HSC बालू (आयुष) | 1 | 0 | MD GULAM SARWAR ANSARI | - | |
| 23 | | | HSC भगेया (आयुष) | 1 | 0 | PAPPU KUMAR YADAV | - | |
| 24 | | | HSC हेमपुर (आयुष) | 1 | 0 | SATYAWAN KUMAR GUPTA | - | |
| 25 | | बरवाडीह | HSC मुरूप (आयुष) | 1 | 0 | NAGENDRA SINGH | - | |
| 26 | | | HSC केंड़ (आयुष) | 1 | 0 | OM PRAKASH SINGH | - | |
| 27 | | चन्दवा | HSC सेन्हा (आयुष) | 1 | 0 | JAY PRAKASH SINGH | - | |
| 28 | | | HSC नगर (आयुष) | 1 | 0 | PANKAJ KUMAR SINGH | - | |
| 29 | | | HSC हेसला (आयुष) | 1 | 0 | KUSH KUMAR SAHU | - | |
| 30 | | लातेहार | HSC तरवाडीह (आयुष) | 1 | 0 | NEERAJ KUMAR | - | |
| 31 | | महुआडाँड़ | HSC अक्सी (आयुष) | 1 | 0 | INTIYAZ ANSARI | - | |
| 32 | | मनिका | HSC बरवईया (आयुष) | 1 | 0 | SABIR ANSARI | - | |
| 33 | | | HSC पिपरा (आयुष) | 1 | 0 | USTAD ALAM | - | |

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 357280 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D



## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 749/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–बैरियादामर, थाना नं0–393, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–बैरियादामर, थाना नं0–393, थाना–डंडई, अंचल–डंडई, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–5.258 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 |
| 1 | 01 | 03 | गै0मा0 | – | 1.044 | ईराइल अंसारी पिता–रूदी अंसारी | उ0–02 द0–04 पू0–01 प0–05 |
| 2 | 1 | 5 | गै0मा0 | – | 0.951 | शर्फुदीन वो नसीरूदीन मियां पिता–जोखु मियां उछाहील मियां वो करीम मियां भगवात महतो रोस्तम मियां सैरेजुदीन मियां, नान्हूवो नबी पिता–मिरली मियां सर्फिदिन असांरी वे नसिरूदीन अंसारी | उ0–06 द0–रारो पू0–03 प0–67 |
| 3 | 1 | 6 | गै0मा0 | – | 0.319 | नाथुन यादव वो बिगन यादव वगै0 | उ0–08 द0–05 पू0–02 प0–10 |
| 4 | 14 | 10 | रैयती | – | 0.483 | जगदीश यादव वो पिता स्व0 देवन यादव वो गोपाल यादव वगैरह पिता नारायण यादव | उ0–6 द0–16 पू0–6 प0–16 |
| 5 | 12 | 12 | रैयती | – | 0.369 | तजमुल अंसारी पिता उदाहील अंसारी वो रहमतुल्ला अंसारी वगैरह वो वकील अंसारी पिता रसुल अंसारी वो किताबुदीन अंसारी पिता जसमुदीन अंसारी वो इमामनी बीबी पति मजबुदीन अंसारी वो आशिक अंसारी वगैरह पिता मुनतजीर अंसारी | उ0–13 द0–13 पू0–6 प0–13 |
| 6 | 1 | 13 | गै0मा0 | – | 0.287 | ईमामनी बीबी पति–मोजीबुदीन अंसारी, रसुल अंसारी श्रीमती सविता देवी वो प्रभा देवी पति–गोपाल यादव वो य वो यूदनाथ यादव मजबुदिन अंसारी | उ0–बुलाई द0–14 पू0–12 प0–20 |
| 7 | 1 | 20 | गै0मा0 | – | 0.291 | उछाहील मियां वो करीम मियां पिता–मुरादन मियां जाति एवं मनजीर मियां वो साहु मियां वो रसुल मियां पिता–चैन मियां, नान्हु वो नबी पिता–मिरली मियां, जोखु साह, वकिल अंसारी, मुस्लीम अंसारी, असगर अंसारी, मजबुदिन अंसारी | उ0–बुलाई द0–18 पू0–13 प0–21 |
| 8 | 127 | 23 | रैयती | – | 0.055 | पचु खरवार पिता–करीमन खरवार बन्धु खरवार वो नान्हु खरवार पिता–अकलम खरवार मनु मिलि | उ0–बुलाई द0–25 पू0–22 प0–मिलान शीट2 |
| 9 | 28 | 166 | रैयती | – | 0.107 | रामवृक्ष साव पिता–रघुनन्दन साव | उ0–बुलाई द0–165 पू0–23 प0–167 |
| 10 | 55 | 167 | रैयती | – | 0.188 | गुलाब माझी पिता–जढ़ील माझी छबन साह पिता–अरूण साहु | उ0–बुलाई द0–164 पू0–166 प0–168 |
| 11 | 1 | 168 | गै0मा0 | – | 0.208 | रमेश साह पिता–मोतीचन्द्र साह, सुरेश साव वो उमेश साव वो मिथलेश कुमार पिता–मोतीचन्द साव | उ0–बुलाई द0–169 पू0–167 प0–169 |
| 12 | 5 | 169 | रैयती | – | 0.020 | कविर अंसारी पिता–जान मियां सफर शेख पिता–इद्रिय शेख कमरूदिन अंसारी, जयरूदिन अंसारी सकुर अंसारी | उ0–बुलाई द0–154 पू0–168 प0–170 |
| 13 | 27 | 170 | रैयती | – | 0.676 | मेहदाल मियां पिता–बुधन मियां अर्जुन शेख वो हजरत शेख ो मनु शेख वो इश्लाम शेख पिता–हुसैनी शेख | उ0–बुलाई द0–153 पू0–169 प0–170 |
| 14 | 1 | 171 | गै0मा0 | – | 0.956 | छठु शेख पिता–बुचानी शेख, हुसैनी शेख शेखावत अली शेख अब्दुल्लाह अंसारी, महाजुदीन अंसारी, अहमुदिन अंसारी पिता–नन्हक मियां सहबिली बीबी, शंकर शेख महज शेख जया शेख, महमुदीन अंसारी, युनुस अंसारी वो अयादिन अंसारी, मजबुदिन अंसारी, जाहीद अंसारी, युनुस अंसारी वो अलीमुदीन अंसारी | उ0–बुलाई द0–173 पू0–170 प0–बुलाई |
| | | | | कुल :– | 5.954 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 357269 (Land Reforms) 25-26 (D)

# श्रावण की पहली सोमवारी पर विभिन्न शिवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

● शहर और ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** श्रावण मास की पहली सोमवारी को जिले के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। अहले सुबह से ही शिव मंदिरों में पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था।

शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह चार बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। यहां पुजारी मनोज दास शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु बेलपत्र, दूध, जल, भस्म और पुष्प लेकर शिवलिंग पर चढ़ा रहे थे।

इसी प्रकार सोमेश्वर शिव मंदिर (लघु सिंचाई विभाग परिसर) में भी पुजारी संतोष मिश्र ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया और उपस्थित भक्तों को शिव महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्रावण माह में सोमवार का विशेष महत्व होता है और इस दिन भगवान शिव की आराधना से सभी कष्टों का निवारण होता है।

जुबली चौक, बिजली ऑफिस, मंडल कारा, धर्मपुर, रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शिव मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नवागढ़ के राजा मेदनियाराय द्वारा निर्मित प्राचीन शिव मंदिर में भी भक्तों की विशेष उपस्थिति रही। मंदिर के पुजारी ललित मिश्रा ने बताया कि सावन की प्रत्येक सोमवारी को यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और जलाभिषेक के लिए आते हैं।





## श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी सावन की पहली सोमवारी

इटखोरी (चतरा)। सावन की पहली सोमवारी को इटखोरी प्रखंड स्थित भद्रकाली मंदिर और सहस्त्र शिवलिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालु सुबह से ही जलार्पण के लिए मंदिर पहुंचे और "बोल बम", "हर-हर महादेव" के जयघोष से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। श्रद्धालु दामोदर और अन्य नदियों से जल लाकर 1008 शिवलिंगों पर जल चढ़ाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे थे। मान्यता है कि इस मंदिर में एक साथ जलार्पण करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्था की थी। पुलिस बल की भी पर्याप्त तैनाती रही।

## हेरहंज में रामजानकी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में हुआ जलाभिषेक

**हेरहंज।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों की भारी भीड़ शिवालयों में देखी गई। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें सुबह से ही देखी गईं। पुजारी अखिलेश पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक और पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान चिरु, सलैया, सेरनदाग, तासु पंचायत क्षेत्र के मंदिरों में भी शिवभक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजा की। खासकर युवाओं, महिलाओं और बच्चों में इस अवसर को लेकर खास उत्साह देखा गया।

## शिव मंदिरों में जलाभिषेक और भजन-कीर्तन से गूंजा चंदवा क्षेत्र

**चंदवा।** श्रावण मास की पहली सोमवारी पर चंदवा प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, थाना टोली शिव मंदिर, ब्लॉक कॉलोनी, हिसरी, बोरसीदाग, महादेव मंडप सहित अन्य स्थानों पर सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने दामोदर नदी के तट से जल भरकर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। कई मंदिरों में देर शाम भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिरों में विशेष सजावट और ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बज रहे भक्ति गीतों से पूरे क्षेत्र की धार्मिक आभा में वृद्धि हुई। श्रद्धालुओं ने कहा कि श्रावण माह में सोमवार का विशेष महत्व है और इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए स्थानीय स्तर पर समिति भी सक्रिय रही।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात की चपेट में आकर दुधारू मवेशी की मौत

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पूर्णि तालाब के समीप रविवार देर शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। यह मवेशी हेरहंज निवासी ननकू यादव का बताया गया है। पशु ने तीन दिन पूर्व ही बछड़े को जन्म दिया था। घटना के वक्त पशु तालाब किनारे था और बारिश के दौरान अचानक वज्रपात हुआ। बिजली गिरने से पशु की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक परिवार स्तब्ध है और बछड़े की परवरिश को लेकर काफी चिंतित है। परिजन ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि पशु की क्षति की भरपाई हो सके।

### महुआडांड़ में घर से निकला विषैला नाग वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में रविवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में विषैला नाग घुस गया। यह घटना स्थानीय लोगों की सूझबूझ और वन विभाग की तत्परता से किसी बड़ी अनहोनी में नहीं बदली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महुआडांड़ बाजार क्षेत्र के एक मकान से दुर्लभ प्रजाति का सांप दिखाई दिया। घर के लोगों ने बिना देर किए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वनरक्षी सुबोध कुमार के नेतृत्व में प्रभारी वनपाल ओम प्रकाश पाल, कुंवर गंझू, गोपाल कंवर और पिंटू की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और बिना किसी नुकसान के सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। प्रभारी वनपाल ओम प्रकाश पाल ने बताया कि यह प्रजाति अत्यंत विषैली होती है। समय पर सूचना मिलने से कोई हादसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में लोग स्वयं रेस्क्यू करने का प्रयास न करें, बल्कि वन विभाग को सूचना दें। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वन विभाग की तत्परता की सराहना की और उनके कार्य की प्रशंसा की।

### महुआडांड़ के मंदिरों में दिनभर गूंजते रहे हर-हर महादेव और बोल बम के नारे

**महुआडांड़ (लातेहार)।** पवित्र सावन माह की पहली सोमवारी को लेकर महुआडांड़ प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बाजार शिव मंदिर, पीपल चौक शिव मंदिर और आईआरबी शिव मंदिर सहित कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भोलेनाथ को जलाभिषेक कर विशेष पूजन किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। मंदिर प्रांगण हर-हर महादेव और बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा। महिला-पुरुष, युवा और बच्चे सभी शिवभक्ति में लीन नजर आए। पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। भक्तों ने अनुशासन और नियमों का पालन करते हुए पूजा संपन्न की। सावन की इस सोमवारी ने पूरे क्षेत्र को एक धार्मिक रंग में रंग दिया। श्रद्धालुओं की श्रद्धा और भक्ति इस बात का प्रतीक रही कि कैसे धर्म और आस्था समाज को एक सूत्र में बांधते हैं।

# जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, दो घरों को तोड़ खाया अनाज

● पिपराडीह गांव में रात में हुई घटना, दो परिवारों को हुआ हजारों का नुकसान



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टोंटी पंचायत के पिपराडीह गांव में रविवार देर रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने दो मजदूर किसान परिवारों के घरों की दीवारें तोड़ डालीं और घर में रखा अनाज खा गया। इस घटना से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। पिपराडीह निवासी लुकान यादव ने बताया कि रात करीब दो बजे अचानक तेज आवाज आई, जैसे दीवार टूट रही हो। घर से बाहर निकल कर देखा तो एक विशाल जंगली हाथी घर की दीवार तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने तत्काल परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। हाथी ने उनके घर में रखे दो बोरा चावल चट कर दिए और घर में रखे बर्तन, लकड़ी की अलमारी और अन्य सामग्री को भी तोड़ डाला। लुकान यादव ने बताया कि उन्हें इस घटना में करीब 15 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इसी गांव के बबूर यादव के घर को भी हाथी ने निशाना बनाया। उसने उनके घर की दीवार तोड़ते हुए बगल में लगे कटहल के पेड़ से फल खाए और फिर गांव से निकल गया। बबूर यादव को भी लगभग पांच हजार रुपये की क्षति हुई है। दोनों पीड़ितों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथी को इस क्षेत्र से हटाया जाए और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे रात में सोना मुश्किल हो गया है।

## जंगली हाथी का उत्पात, लाखों की संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

**हेरहंज।** लातेहार जिला अंतर्गत हेरहंज प्रखंड के नवादा मासिलोंग क्षेत्र में एक जंगली हाथी के तांडव से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। रविवार देर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच गजानंद नामक एक हाथी ने हुंडरा गांव निवासी गोविंद राम के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि हाथी ने घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ते हुए भीतर प्रवेश किया और घर में रखे करीब 3 से 4 क्विंटल धान, 15 किलो गेहूं, अरहर, एलसीडी टीवी, कुर्सी, टेबल तथा घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं, घर का अन्य घरेलू सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। घटना के समय घरवाले किसी तरह जान बचाकर बाहर भागे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। प्रभावित परिवार पूरी रात खुले में गुजारने को विवश हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों की आवाजाही देखी जा रही है, लेकिन वन विभाग द्वारा अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित गोविंद राम व ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

## उत्क्रमित विद्यालय से चोरों ने चुराए डिजिटल उपकरण

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह में चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर डिजिटल उपकरणों की चोरी कर ली। चोरी गए सामानों में पांच मॉनिटर, पांच सीपीयू, कीबोर्ड, माउस, छह बैट्री, एक प्रिंटर, एक सलेप्लाइजर शामिल है। प्रधानाध्यापक ने कुंदा थाना में मामला दर्ज कराया है।

# कीचड़ से सनी सड़क पर केक काट कर जताया विरोध

● करकट गांव में नगर पंचायत के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन, बोले – "हमें पक्की सड़क चाहिए"

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या एक के करकट गांव में जर्जर और कीचड़ से सनी सड़क से परेशान ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। ग्रामीणों ने दलदल में तब्दील हो चुकी सड़क पर केक काटकर नगर पंचायत की 'नाकामी' का प्रतीकात्मक जन्मदिन मनाया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क श्रम विभाग कार्यालय तक जाती है, लेकिन विगत एक वर्ष से इसकी हालत अत्यंत खराब है। वर्षा के कारण पूरी सड़क दलदल में बदल चुकी है। पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चे, महिलाएं और बाइक सवार सभी इस मार्ग पर गिरकर घायल हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत के लिए वे कई बार नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। कुछ सप्ताह पहले मिट्टी डालकर अस्थायी मरम्मत की गई थी, जो अब समस्या को और बढ़ा रही है। बारिश में वह मिट्टी बहकर कीचड़ बन गई है।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने "हमें पक्की सड़क चाहिए", "कीचड़ नहीं अधिकार चाहिए", "बच्चे गिरते हैं, अधिकारी चुप हैं" जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन में मो. शमीर, समीर आलम, तबिश अंसारी, रहीस अंसारी, जमशेद अंसारी, शहनवाज खान, शम्स राजा, विकास कुमार, आरिफ अंसारी, तस्लीम अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## आधारभूत संरचना की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आधारभूत संरचना विकास से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीवीयूएनएल, चकला कोल ब्लॉक और अन्य कंपनियों द्वारा चलाए जा रहे परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने भूमि अधिग्रहण, एनओसी, एफआरए से संबंधित लंबित मामलों पर बारीकी से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने अंचल अधिकारियों से क्षेत्रवार परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से समस्याओं के निराकरण पर बल दिया।

# बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण सम्पन्न

● मतदाता सूची अद्यतन हेतु बीएलओ को प्रोटोकॉल, दायित्व और आचार-व्यवहार पर मिला निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विधानसभा निर्वाचन नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत सदर प्रखंड के 074 लातेहार क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 164 से 213 तक के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को सोमवार को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में बीएलओ के कर्तव्य, मतदान केंद्र पर प्रोटोकॉल, विशेष पोशाक, संवाद शैली और टेलीफोन आचार-व्यवहार पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से एक-एक बिंदु को समझाते हुए बीएलओ की शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में पर्यवेक्षक अतुल कुमार, निर्वाचन कर्मी पवन कुमार यादव, ऑपरेटर चंदन कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला और पुरुष बीएलओ शामिल रहे। उपस्थित बीएलओ में रेणु देवी, पूजा देवी, ऊषा जायसवाल, माया पांडे, पूनम देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, निशा कुमारी, प्रभा देवी, गीता देवी, विमला देवी, मनोरमा देवी आदि शामिल थीं।

# भू-राजस्व, दाखिल-खारिज व सीमांकन की हुई समीक्षा

● राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही पर अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्व संग्रहण, दाखिल-खारिज, सक्सेशन व पार्टीशन म्यूटेशन, भूमि सीमांकन सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने वार्षिक लक्ष्यों को हर हाल में निर्धारित समयसीमा में पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पारदर्शिता और दक्षता के साथ राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की जाए। खासतौर पर जिन अंचलों में पार्टीशन म्यूटेशन मामले वर्षों से लंबित हैं, उनके लिए संबंधित अंचल अधिकारियों पर फाइन लगाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने बताया कि आम जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अंचल अधिकारियों से दाखिल-खारिज मामलों को शीघ्र निष्पादित करने को कहा गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, लातेहार और महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-03/2025-26
Date – 14/07/2025

Letter No…...…………/ Lohardaga, Date………………..…/

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Chhapar Nala at vill – Kasiyadih Kumba Toli, Block – Kisko, Distt. - Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 59.132 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 29/07/2025 at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 08/08/2025 at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov. in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR.NO.357227 Lohardaga(25-26):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-02/2025-26
Date – 14/07/2025

Letter No……………………/ Lohardaga, Date………………/

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Tetar Toli Nala at vill – Uru Tetar Toli, Block – Senha, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 54.227 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 29/07/2025 at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 08/08/2025 at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga.**

PR 357226 (Lohardaga) 25-26 (D)

**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. LNP/ 04/2025-26 Date- 12-07-2025**

| Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Campus Development, landscape work and Provision of Dr. Bhim Rao Ambedkar Statue at civil Court Campus, Lohardaga | 1840095.00 | 36802.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 2 | Construction of drain and repair of PCC road from binod Ram House to swargya Bhodro Oraon house, New PCC road construction from swargya Paltan Ram house to Binod Ram house, Basartoli Ward 21 | 1774018.00 | 35480.00 | 5,900.00 | 90 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | Date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 18-07-2025 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-18-07-2025 Time 11:00 A.M To Date 31-07-2025 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 18-07-2025 Time 11:30 P.M To Date 31-07-2025 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 01-08-2025 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 357221 (Lohardaga) 25-26 (D)

**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 753/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–देवगाना, थाना नं0–384, थाना–मेराल, अंचल– मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–देवगाना, थाना नं0–384, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– 0.3440 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 88 | 10 | गै0मा0 | – | 0.0800 | देवराज प्रजापति | उ0– द0– पु0– प0– |
| 2 | 88 | 10 | गै0मा0 | – | 0.090 | बलभद्र चौबे पिता–प्रभू चौबे | उ0– द0– पु0– प0– |
| 3 | 88 | 10 | गै0मा0 | – | 0.04700 | विक्रमा चौबे वगै0 पिता–बचाा चौबे | उ0– द0– पु0– प0– |
| 4 | 80 | 01 | गै0मा0 | – | 0.082 | विजय चौबे वो बलमद्र चौबे पिता–स्व0 प्रभु चौबे | उ0– द0– पु0– प0– |
| 5 | 88 | 02 | गै0मा0 | – | 0.007 | जितेन्द्र चौबे वगै0 पिता–स्व0 परिक्षीत चौबे | उ0– द0– पु0– प0– |
| 6 | 80 | 03 | गै0मा0 | – | 0.0380 | तदैव | उ0– द0– पु0– प0– |
| | | | | कुल :– | **0.3440** | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.357273 Land Reforms(25-26):D

# ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भगवान शिव का प्रिय महीना सावन के पहली सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गईं। सावन मास के कारण स्थानीय शिव मंदिरों को काफी अच्छी तरह से सजाया गया है। वहीं घरों में ही भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन के सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। इधर सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। इधर मंदिर परिसर के आसपास वाहनों की भारी भीड़ भाड़ भी देखी गई और लोग पूजन सामग्री खरीदते भी नजर आए। वही मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त करते नजर आए और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गई। मंदिरों में भजन - कीर्तन का दौर पूरे दिन चलता रहा। महादेव के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में स्थित शिव मंदिरों में लोगों ने जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया।



## खखपरता शिव मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते है। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

## उपायुक्त से सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग



**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच, लोहरदगा के अध्यक्ष शकील अख्तर ने उपायुक्त से मांग की है कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन सूचना पदाधिकारी, प्रथम अपीलीय पदाधिकारी एवं सहायक लोक सूचना पदाधिकारी का नाम, पदनाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित सूचना पट्ट (बोर्ड) अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले के अधिकांश सरकारी कार्यालयों में इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी बोर्ड के रूप में प्रदर्शित नहीं की गई है, जिससे आम जनता को सूचना प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। अधिकारी भी सही जानकारी नहीं देते, और अपील की प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में कई आवेदन खारिज कर दिए जाते हैं। शकील अख्तर ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इसका पालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। यदि कार्यालयों में स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाया जाए तो आम नागरिकों को सुविधा होगी और प्रशासनिक पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने जनहित में उपायुक्त से आग्रह किया है कि पूरे लोहरदगा जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में यह व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए।

## पति-पत्नी के विवाद के बाद पति ने खाया जहर, हालत गंभीर



**लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजारा गांव में सोमवार को पति-पत्नी के बीच कहासुनी के बाद पति ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों के अनुसार, सोमवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे पत्नी से घरेलू विवाद के दौरान पति ने यह कदम उठाया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने स्थिति को गंभीर मानते हुए बिना देर किए उसे लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां तैनात चिकित्सकों ने त्वरित इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल लाए जाने के कारण उसकी जान बच गई और अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। परिजनों के अनुसार, पति और पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से आपसी तनाव चल रहा था, जो सोमवार को बढ़ गया। इसी बीच भावनात्मक आवेश में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल उसका इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में वह अब स्थिर है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है।

## निशक्त छात्र-छात्राओं को ट्राई रिक्शा मिलना एक महान कार्य : बीईईओ



**लोहरदगा।** बी आर सी लोहरदगा में विद्यालय में पढ़ने वाले निःशक्त 23 बच्चों बच्चियों के बीच आवश्यकता अनुसार ट्राई साइकल , एजुकेशन किट, रिक्शे आदि सामग्री दिया गया। बच्चे इसे पाकर बहुत खुश नज़र आए। उन्हें एक नई उड़ान मिल गया रिक्शा बिल्कुल बैटरी संचालित था इसे चाभी से ऑन करते ही हल्की रफ्तार पकड़ लेती। आगे पीछे भी जरूरत के मुताबिक किया जा सकता है। इसे जरूरत मंद बच्चों के सौंपते हुए लोहरदगा बीईईओ राजीव रंजन ने कहा कि सरकार की ओर से जरूरत मंद बच्चों के बीच सामग्री बांटना एक अलग अनुभूति होता है। बच्चे अब दोगुनी उत्साह से स्कूल जाएंगे और शिक्षा पाएंगे। ये एक बहुत ही नेक काम है। मौके डॉक्टर सरोज कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग अच्छे ढंग से सर्वे करें और इस प्रकार के जरूरत मंद की पहचान करे। इनका फॉर्म भर कर सिविल सर्जन के दफ्तर में दें। इन्हें शीघ्र ही इनका विकलांगता सर्टिफिकेट दिया जाएगा। शिक्षक मुमताज अहमद ने कहा कि विद्यालय से प्रशस्त ऐप में इस प्रकार के बच्चों का सर्वे चल रहा निश्चित रूप से सभी भविष्य में लाभान्वित होंगे और आगे बढ़ेंगे। सामग्री प्राप्त करने वाले बच्चों में रान्थू उरांव, हलीमा सादिया, सनाउल अंसारी,आफताब अंसारी, प्रियांक कुमार आदि बच्चे थे। मौके पर रिसोर्स शिक्षक शिलवंती मिंज,थेरेपिस्ट धीरज पटेल,बीपीओ मंजू कुमारी,बीआरपी सीमा कुमारी, त्रिसंदा कुमारी अभिभावकगण मौजूद थे। इस प्रकार के बच्चों का नया रजिस्ट्रेशन भी किया गया। उन्हें भी शीघ्र ही सामग्री प्राप्त होते ही दी जाएगी।

## जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने किया गांवों का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने सुंदरू पंचायत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी हालात का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन, विद्यालय भवन, सड़क और पेयजल की स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सुंदरू पंचायत भवन का निरीक्षण करने के बाद जिप अध्यक्ष ने भवन की मरम्मती कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरम्मती के लिए प्राक्कलन तैयार कर कार्य शुरू कराया जाए। साथ ही पंचायत भवन में पेयजल व्यवस्था और सड़क निर्माण पर भी प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान स्थानीय विद्यालय भवन एवं स्कूल पहुंच पथ की स्थिति भी देखी गई। जिप अध्यक्ष ने स्कूल भवन की मरम्मती एवं बेहतर पहुंच सुविधा हेतु संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिप अध्यक्ष ने विश्रामगढ़ गांवों का भी भ्रमण किया, जहां ग्रामीणों ने ट्रांसफॉर्मर खराब होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि जल्द ट्रांसफॉर्मर को ठीक कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बिजली सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण में पूर्व प्रमुख पूनमजित भगत, विकेस तिर्की, सफरोज अंसारी, सहजाना अंसारी, सलीम अंसारी, सैनुल अंसारी, नसीम अंसारी, जाफिर अंसारी, असलम खान , कुरबान अंसारी, दुखास कवार समेत अन्य स्थानीय ग्रामीण एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक की लोहरदगा शाखा का डीसी ने किया उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** देश के अग्रणी निजी बैंकों में शामिल एचडीएफसी बैंक ने अपनी लोहरदगा शाखा का स्थानांतरण कर गुमला रोड, बरवाटोली स्थित नए और आधुनिक परिसर में शुभारंभ किया है। इस नई शाखा का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद (आई.ए.एस.) द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और बैंक अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद (आई.ए.एस.) ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं की सुलभता किसी भी जिले के विकास की रीढ़ होती है। एचडीएफसी बैंक की यह नई शाखा लोहरदगा के नागरिकों को आधुनिक, तेज और भरोसेमंद सेवा प्रदान करेगी। हम आशा करते हैं कि बैंक ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को और गति देगा। कुमार अभिषेक, रीजनल हेड – झारखंड एवं बिहार ने कहा की हम इस क्षेत्र की सेवा करने के लिए उत्साहित हैं। यह नई शाखा लोहरदगा जिले के लोगों के लिए सुविधाजनक और आधुनिक बैंकिंग अनुभव लाएगी। हम सामाजिक और आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को और मज़बूती से निभाते रहेंगे। नितेश नारायण चौधरी, ज़ोनल हेड ने कहा की यह सिर्फ शाखा का स्थानांतरण नहीं, बल्कि ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## बोल बम के जयकारे से गूंजा शिवालय

**सेन्हा-लोहरदगा।** सावन माह के प्रथम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में ओम नमः शिवाय का मंत्र और बोल बम का जयकारा से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। सुबह से ही भक्तजन भगवान महादेव शंकर को जलार्पण कर पूजा अर्चना करने लिये शिवालयों में श्रद्धालुओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। वही दोपहर में महिला श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गई. प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालय और मंदिरों में सावन की पहली सोमवारी को महिला पुरुष और बच्चे बच्चियों द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान शंकर जी को जलार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। प्रखंड क्षेत्र के अरु, झखरा, चौकनी, सेन्हा, बदला, बक्सीडीपा, कोराम्बे, चन्दकोपा, सेरेंगहातु सहित विभिन जगहों के शिवालय और मंदिरों में भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ पूजा अर्चना किया गया। सुबह से शाम तक श्रद्धालु भक्तजन पूजा अर्चना करते दिखाई दिये वही शिव भजन और बोल बम का जयकारा से क्षेत्र भक्तिमय लग रहा था।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2– 04/ 2025-26**

**Letter No. Date :- 14/07/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- | Construction of Single Checkdam on Keongutu Nala Block- Bano |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 83,30,600=00 |
| 3. | Cost of Tender Paper (Rs.) | Rs. 10,000=00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,67,000=00 |
| 5. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in ) | Date 30/07/2025 Time 2:00PM. |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of tender on website | Date 08/08/2025 Time up to 5:00 PM. |
| 9. | Online submission of Tender Fee and EMD | Start Date 30/07/2025 Time -2:00 PM Last Date 08-08-2025 Time up to 5:00 PM. |
| 10. | Date of opening of e-tender | Date- 11/08/2025 Time- 02.00 PM |
| 11. | Officer Inviting Tender | EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. |
| 12 | Contact no. of Procurement & E-mail of e-procurement Officer | 9123447790 midivsimdg@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 |

Note:-
➤ (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 357232 Simdega(25-26)D

Executive Engineer,
M.I.Division,Simdega.



**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला।**

GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

**भर्ती कैम्प– 2025 / सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–17.07.2025 दिन (गुरूवार) को पूर्वाहन 10:30 से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–
**स्थान– जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।**

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required Essential | Experience if any | Age ( Min. / Max Year) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DISHA EDUCATIONAL AND SOCIAL WELFARE SOCIETY SISAI, GUMLA | Computer Trainer | 3 | BCA/ Graduate Pass | 1 Years | 21 to 25 Years | 10,000/-12,000/- Per Month | Gumla |
| | | Nursing (GDA) Trainer | 4 | GNM/ ANM, B Sc Nursing Pass | 1 -3 Years | 21 to 25 Years | 12,000/-20,000/- Per Month | Gumla |
| | | Beautician Trainer | 2 | Graduate Pass | 2-3 Years | 21 to 25 Years | 10,000/-15,000/- Per Month | Gumla |
| | | Food Processing Trainer ( Bakery and cake specialist) | 3 | Graduate Pass | 2 Years | 21 to 25 Years | 12,000/-18,000/- Per Month | Gumla |
| | | IT/ Soft Skills and Communication skill with Personality Development | 4 | Graduate Pass | 2 Years | 21 to 25 Years | 10,000/-12,000/- Per Month | Gumla |
| | | Mobilizer | 4 | Intermediate Pass | 3 Years | 21 to 25 Years | 15,000/-20,000/- Per Month | Gumla |
| | | Trainer of fashion designer | 3 | Graduate Pass | 2 Years | 21 to 25 Years | 12,000/-15,000/- Per Month | Gumla |
| | | Receptionist | 2 | Inter Pass | Fresher | 21 to 25 Years | 8,000/-10,000/- Per Month | Gumla |
| | | Female Warden | 2 | 10 th Pass | Fresher | 20 to 35 Years | 8,000/-10,000/- Per Month | Gumla |
| 2 | Shyam Services. | Technician Trainee (Only For Male) | 50 | 10th, 12th Pass. | Fresher | 18 to 32 Years. | 9,000/- Per Month | Chennai |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id Card (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Knowledge of Bike Riding Mandatory, Educational Mark sheet and Caste Certificate, Complete Field Work Job एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उसे निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।
अतः इस प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 357240 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)



**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 754 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मेराल, थाना नं0–216, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मेराल, थाना नं0–216, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.72500 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 01 | 2908 | रैयती | – | 0.00600 | केश्वर साह, रामनाथ साह,जवाहीर साह, रमेश साह पिता बालगोविन्द साह | उ0–NH-75 द0–दशरथ साव पु0–सड़क प0–नीज |
| 2 | 31 | 2909 | रैयती | – | 0.00334 | दशरथ साव पिता स्व0 मुंशी साह | उ0–केश्वर द0–संजय राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 3 | 31 | 2909 | रैयती | – | 0.00666 | , राज कुमार राम पिता रंगी राम | उ0–संजय राम द0–रामप्रवेश राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 4 | 55 | 2911 | रैयती | – | 0.01100 | राम प्रवेश राम पिता स्व0 विश्वनाथ राम | उ0–राजकुमार राम द0–शिव शंकर राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 5 | 55 | 2911 | रैयती | – | 0.01100 | शिव शंकर राम पिता स्व0 जोखू राम | उ0–राम प्रवेश साह द0–रामनाथ राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 6 | 55 | 2911 | रैयती | – | 0.01200 | रामनाथ राम पिता स्व0 मुसन राम | उ0–शिवनाथ राम द0–राकेश प्रजापति पु0–सड़क प0–नीज |
| 7 | 55 | 2911 | रैयती | – | 0.06600 | राकेश राम पिता स्व0 शिवनाथ राम | उ0–रामनाथ राम द0–2912 पु0–सड़क प0–नीज |
| 8 | 187 | 2924 | रैयती | – | 0.01500 | उमा कुंवर पति स्व0आनन्द कुमार | उ0–2912 द0–राकेश प्रजापति पु0–सड़क प0–नीज |
| 9 | 187 | 2924 | रैयती | – | 0.00300 | राकेश प्रजापति पिता शिवराज प्रजापति | उ0–उमा शंकर द0–मुकेश पु0–सड़क प0–नीज |
| 10 | 187 | 2924 | रैयती | – | 0.00300 | मुकेश कुमार गुप्ता पिता प्रेम कुमार साव | उ0–राकेश प्रजापति द0–संत कुमार पु0–सड़क प0–नीज |
| 11 | 187 | 2924 | रैयती | – | 0.00400 | संत कुमार राम पिता शिव भिखम राम | उ0–मुकेश कुमार द0–शिवनाथ ठाकुर पु0–सड़क प0–नीज |
| 12 | 187 | 2924 | रैयती | – | 0.00200 | शिवनाथ ठाकुर पिता ...... .. | उ0–संत कुमार द0–संतोष राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 13 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.01000 | संतोष राम पिता बलदास | उ0–शिवनाथ ठाकुर द0–अजय प्र0 गुप्ता पु0–सड़क प0–नीज |
| 14 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00900 | अजय प्रसाद गुप्ता | उ0–संतोष राम द0–रास्ता पु0–सड़क प0–नीज |
| 15 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00100 | रास्ता | उ0–अजय प्र0 गुप्ता द0–भरत प्र0 पु0–सड़क प0–नीज |
| 16 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00600 | भरत प्रसाद पटवा पिता स्व0 साधु साव | उ0–रास्ता द0–रीता देवी पु0–सड़क प0–नीज |
| 17 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.01000 | रीता देवी पति छोटे लाल साव | उ0–भरत प्र0 द0–रामचन्द्र प्र0 पु0–सड़क प0–नीज |
| 18 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00700 | रामचन्द्र प्रजापति पिता रामचन्द्र प्रजापति | उ0–रीता देवी द0–रामपति देवी पु0–सड़क प0–नीज |
| 19 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00400 | रामपति देवी पति राजेश्वर प्रसाद | उ0–रामचन्द्र प्रजापति द0–शंकर गुप्ता पु0–शंकर प0–नीज |
| 20 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00400 | शंकर गुप्ता पिता केश्वर साव | उ0–रामपति देवी द0–गायत्री देवी पु0–सड़क प0–नीज |
| 21 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00600 | गायत्री देवी पति बिनोद प्रसाद गुप्ता | उ0–शंकर गुप्ता द0–रामशिश राम पु0–सड़क प0–नीज |
| 22 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00600 | राम प्रवेश राम पिता बंशीधर राम | उ0–गायत्री देवी द0–स्वाति पु0–सड़क प0–नीज |
| 23 | 121 | 2927 | रैयती | – | 0.00600 | स्वाति देवी पति विकाश तिवारी | उ0–राम प्रवेश द0–सुनिल कालिया पु0–सड़क प0–नीज |
| 24 | 220 | 2931 | गै0मा0 | – | 0.15000 | आम रास्ता | उ0–रघुनाथ मिश्रा द0–रास्ता पु0–नीज प0–सड़क |
| 25 | 220 | 2931 | गै0मा0 | – | 0.00500 | रघुराई राम पिता स्व0 जंगी राम | उ0–अज्ञात द0–रास्ता पु0–नीज प0–सड़क |
| 26 | 220 | 2931 | गै0मा0 | – | 0.01400 | अज्ञात | उ0–रामा राम द0–रघुराई राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 27 | 220 | 2931 | गै0मा0 | – | 0.01200 | रामा राम पिता स्व0 गोपाल राम | उ0–रविन्द्र मिश्र द0–अज्ञात पु0–नीज प0–सड़क |
| 28 | 195 | 2930 | रैयती | – | 0.00500 | रविन्द्र राम पिता स्व0 गोपाल राम | उ0–नन्हाई राम द0–रामा राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 29 | 195 | 2930 | रैयती | – | 0.01300 | निन्हाई राम पिता स्व0 महाबीर राम | उ0–नन्हाई राम द0–रविन्द्र मिश्रा पु0–नीज प0–सड़क |
| 30 | 195 | 2930 | रैयती | – | 0.01300 | कन्हाई राम पिता स्व0 महाबीर राम | उ0–गैरी शंकर द0–निन्हाई राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 31 | 195 | 2930 | रैयती | – | 0.01400 | गौरी शंकर राम पिता स्व0 महाबीर राम | उ0–ममता देवी द0–कन्हाई राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 32 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00400 | ममता देवी पति हजारी प्रसाद गुप्ता | उ0–सत्येन्द्र प्र0 द0–गैरी शंकर पु0–नीज प0–सड़क |
| 33 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00400 | सत्येन्द प्रसाद पिता हजारी प्रसाद | उ0–सत्येन्द्र प्र0 द0–ममता देवी पु0–नीज प0–सड़क |
| 34 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00500 | सुरेन्द्र ठाकुर पिता जनकधारी ठाकुर | उ0–पानपति देवी द0–सत्येन्द्र प्र0 पु0–नीज प0–सड़क |
| 35 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00500 | पानपति देवी पति मन्दीप सिंह | उ0–शिव राम द0–सुरेन्द्र ठाकुर पु0–नीज प0–सड़क |
| 36 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.02200 | शिव राम पिता स्व0 लक्ष्मण राम | उ0–फुलपति देवी द0–सत्येन्द्र प्र0 पु0–नीज प0–सड़क |
| 37 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | फुलपति देवी पति राम सेवक राम | उ0–धनपत विश्वकर्मा द0–शिव राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 38 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | धनपत विश्वकर्मा | उ0–परमानन्द ठाकुर द0–फुलपति देवी पु0–नीज प0–सड़क |
| 39 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | परमानन्द ठाकुर पिता विश्वनाथ ठाकुर | उ0–अनिल कुमार द0–धनपत विश्वकर्मा पु0–नीज प0–सड़क |
| 40 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00700 | अनिल कुमार राम पिता स्व0 लखन राम | उ0–विरेन्द्र राम द0–परमानन्द ठाकुर पु0–नीज प0–सड़क |
| 41 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | विरेन्द्र राम पिता भगीरथ राम | उ0–राम सकुन रजक द0–अनिल राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 42 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | राम सकल रजक अमिरका बैठा | उ0–छोटेलाल प्रसाद द0–बिरेन्द्र राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 43 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00800 | छोटेलाल प्रसाद | उ0–उदय प्रसाद द0–विरेन्द्र राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 44 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | उदय प्रसाद पिता नागेन्द्र प्रसाद | उ0–भोला प्रसाद द0–छोटेलाल पु0–नीज प0–सड़क |
| 45 | 31 | 2928 | रैयती | – | 0.00600 | भोला प्रसाद पिता द्वारिका प्रसाद | उ0–सुर्दशन राम द0–उदय प्रसाद पु0–नीज प0–सड़क |
| 46 | 206 | 2926 | रैयती | – | 0.00700 | सुर्दशन राम पिता स्व0 विरण राम | उ0–बिन्दु राम द0–भोला प्रसाद पु0–नीज प0–सड़क |
| 47 | 206 | 2926 | रैयती | – | 0.00600 | बिन्दू राम पिता स्व0 विरू राम | उ0–उदय राम द0–सुर्दशन राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 48 | 206 | 2926 | रैयती | – | 0.00600 | उदय राम पिता स्व0 जगदीश राम | उ0–कुलवन्ती देवी द0–बिन्दू राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 49 | 206 | 2926 | रैयती | – | 0.00700 | कुलवन्ती देवी पति स्व0 अशोक राम | उ0–सुरेन्द्र प्रसाद द0–उदय राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 50 | 206 | 2926 | रैयती | – | 0.00600 | सुरेन्द प्रसाद पिता अशोक प्रसाद | उ0–फेकु राम द0–कुलवन्ती देवी पु0–नीज प0–सड़क |
| 51 | 195 | 2925 | रैयती | – | 0.01000 | फेकु राम पिता स्व0 महाबीर राम | उ0–कृष्णा राम द0–सुरेन्द्र प्रसाद पु0–नीज प0–सड़क |
| 52 | 195 | 2925 | रैयती | – | 0.00900 | कृष्णा राम पिता स्व0 लालजी राम | उ0–सुरेश राम द0–फेकु राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 53 | 31 | 2896 | रैयती | – | 0.00500 | सुरेश राम पिता गणेश राम | उ0–राम औतार राम द0–कृष्णा राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 54 | 31 | 2896 | रैयती | – | 0.00500 | राम औतार राम वगै0 | उ0–अज्ञात द0–सुरेश राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 55 | 31 | 2896 | रैयती | – | 0.00600 | अज्ञात | उ0–2901 द0–राम औतार पु0–नीज प0–सड़क |
| 56 | 124 | 2901 | रैयती | – | 0.00500 | अज्ञात | उ0–ओम प्रसाद द0–अज्ञात पु0–नीज प0–सड़क |
| 57 | 124 | 2901 | रैयती | – | 0.01100 | दिनेश प्रसाद पिता कपिलदेव | उ0–विश्वनाथ ठाकुर द0–2901 पु0–नीज प0–सड़क |
| 58 | 124 | 2901 | रैयती | – | 0.00900 | विश्वनाथ ठाकुर पिता चुआ ठाकुर | उ0–अतहर अंसारी द0–दिनेश प्र0 पु0–नीज प0–सड़क |
| 59 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.01100 | अतहर अंसारी पिता खलील अंसारी | उ0–नसरूल्लाह अंसारी द0–विश्वनाथ पु0–नीज प0–सड़क |
| 60 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00600 | नसरूलाह अंसारी पिता हाजी सुलेमान अंसारी | उ0–नसरूल्लाह अंसारी द0–अतहर अंसारी पु0–नीज प0–सड़क |
| 61 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.02700 | नसरूलाह अंसारी पिता हाजी सुलेमान अंसारी | उ0–सरयू सोनी द0–नसरूदीन अंसारी पु0–नीज प0–सड़क |
| 62 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00300 | सरयू सोनी पिता रामचन्द्र साव | उ0–ब्रहम्देव सोनी द0–नसरूला अंसारी पु0–नीज प0–सड़क |
| 63 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00300 | ब्रहम्देव सोनी पिता रामचन्द्र साव | उ0–देवराजी सोनी द0–सरयू सोनी पु0–नीज प0–सड़क |
| 64 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00300 | देवराजी सोनी पिता रामचन्द्र साव | उ0–सरयू सोनी द0–ब्रहम्देव सोनी पु0–नीज प0–सड़क |
| 65 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00800 | सरयू सोनी पिता रामचन्द्र साव | उ0–चिन्द्रीका राम द0–देवराजी सोनी पु0–नीज प0–सड़क |
| 66 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00800 | चिन्द्रका राम पिता देवशरण राम | उ0–संजय राम द0–सरयू सोनी पु0–नीज प0–सड़क |
| 67 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.00900 | संजय राम वो अजय राम पिता सरयू राम | उ0–वसु राम द0–चिन्द्रीका राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 68 | 96 | 2906 | रैयती | – | 0.01500 | वसु राम पिता मंगर राम | उ0–वसु राम द0–संजय राम पु0–नीज प0–सड़क |
| 69 | 220 | 2883 | गै0मा0 | – | 0.00500 | वसु राम पिता मंगर राम | उ0–सुनिल कालिया द0–वसु राम पु0–नीज प0–सड़क |
| | | | | कुल :– | 0.72500 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 357282 (Land Reforms) 25-26 (D)

## पहली सोमवारी पर के शिवालयों में उमड़ी भीड़



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में अहले सुबह से ही सभी मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने एवं पूजा पाठ करने को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। भारी बारिश के बावजूद भी लोग अपने घरों से बाहर निकल कर बरसाती पहनकर व छाता लेकर शिवालयों में बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। नगर पंचायत स्थित कपिलनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। पोटरो के बूढ़ा महादेव मंदिर, बसिया रोड के शिव मंदिर, ब्लॉक स्थित शिव मंदिर, थाना रोड शिव मंदिर घाघरा पंचायत के दारी टोंगरी स्थित महादेव मंदिर, पुसो महादेव डीपा स्थित शिव मंदिर, लरंगो पंचायत के नवाटोली स्थित शिवलिंग सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सभी शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, कनेर फूल, धतूरा एवं धतूरा का फूल आदि चढ़ाकर जलाभिषेक किए और घर परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किए।

### गुमला में आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

# स्वास्थ्य-शिक्षा और कृषि पर दिया गया विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बुनियादी विकास सहित अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई और सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में पूर्व में उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य क्षेत्र में एनसी रजिस्ट्रेशन, कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान और पोषण प्रबंधन को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। वहीं शिक्षा क्षेत्र में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल की स्थिति खराब है, वहां त्वरित मरम्मत कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए।

कृषि क्षेत्र की समीक्षा के क्रम में सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण को तेज करने और किसानों को उसकी जानकारी देने की बात कही गई। साथ ही, जिन सूचकांकों (इंडिकेटर्स) में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, वहां विभागीय समन्वय एवं क्षेत्रीय निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई गई।

बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, एबीपी फैला, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत तय लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरे हों, ताकि जिले की रैंकिंग और जमीनी स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## टीवी मुक्त अभियान पर प्रशिक्षण संपन्न

**सिसई (गुमला)।** रेफरल अस्पताल सिसई के सभागार में "टीवी मुक्त भारत अभियान 2025" के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह अभियान 15 जुलाई 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक पूरे देशभर में चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य देश को क्षयरोग (टीबी) से मुक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज ने की। इस अवसर पर डीपीएस उदय प्रताप ओहदार, एसटीएलएस राजेश उरांव, एवं एसटीएस शिवनारायण सिंह ने सीएचओ, एएनएम, बीटीटी एवं सहिया साथियों को अभियान की कार्ययोजना, रणनीति और उनके दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

## न्यूज बॉक्स

### एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**सिसई (गुमला)।** सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बसिया एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 से संबंधित सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सिसई के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय सिसई के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला निर्वाचन कार्यालय से विकाश शर्मा, अनुमंडल कार्यालय बसिया से सौरभ गुप्ता, प्रखण्ड कार्यालय से बीडीओ रमेश कुमार यादव, सुमित केशरी सहित सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### भारी बारिश से गिरा मजदूर का घर



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण सिसई बस्ती निवासी सुलेमान अंसारी, पिता स्व सबुरा अंसारी का मिट्टी का घर ढह गया। वहीं घर के ढहने से घर में रखें तीन माह का मिला हुआ राशन चावल ,खाद्य सामग्री ,बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे मजदूर सुलेमान को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर तत्काल पंचायत के उप मुखिया परवेज अंसारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जानकारी ली और हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिए। पीड़ित सुलेमान अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी के घर में 10 परिवार रहते हैं। घर के ढह जाने से रहने की आफत हो गई है। उन्होंने ये भी कहा कि अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। पीड़ित ने प्रखंड प्रशासन से आवास के लिए मदद की गुहार लगाई है।

### सिविल सर्जन व डीएस का किया गया अभिनंदन



**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. शंभु नाथ चौधरी और सदर अस्पताल की उपाधीक्षक के डॉ अनुपम कुमार का उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। यह भेंट चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सह सचिव प्रणय साहू ने चेंबर के सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया, इसके बाद गुमला जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेश सिंह ने वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डेंगू, मलेरिया, सर्पदंश आदि का मुद्दा उठाया और समय रहते प्रभावी समाधान की आवश्यकता जताई। सिविल सर्जन एवं डीएस की ओर से हर बिंदु पर सकारात्मक आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि अस्पताल परिसर में नया भवन निर्माणाधीन है, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, ब्लड बैंक को सशक्त करने के लिए ब्लड सेपरेशन मशीन की व्यवस्था की जा रही है, जिससे गंभीर स्थिति में भी मरीजों को त्वरित रक्त सहायता मिल सकेगी। साथ ही एंटी-रेबीज इंजेक्शन व अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी बात कही गई।

### बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में बीएलओ की जिम्मेदारियों, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत/डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने तथा फोटो व अन्य विवरणों के सुधार संबंधी प्रक्रियाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा की मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती की नींव है। सभी बीएलओ समयबद्ध, पारदर्शी और सत्यापन आधारित कार्य सुनिश्चित करें, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सटीक और निष्पक्ष हो।

### अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन सख्त

**गुमला।** अवैध खनिज परिवहन पर रोक लगाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे निगरानी अभियान के तहत घाघरा अंचल अधिकारी द्वारा क्षेत्र में खनिज लदे वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में एक वाहन को बिना वैध चालान के खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर घाघरा थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवा दिया है। इस संबंध में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु जिला खनन पदाधिकारी, गुमला को पत्राचार कर सूचित किया गया है। जिला प्रशासन ने दो टूक कहा है कि खनिज नियमावली के उल्लंघन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों पर भविष्य में भी सख्त निगरानी और कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस का संगठन सृजन प्रशिक्षण संपन्न

● पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन के निर्माण का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** गुमला जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा शनिवार को स्थानीय नगर भवन में एक दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने की, जो झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित हुआ। इसमें गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं गुमला जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, लोहरदगा के जिला पर्यवेक्षक राजेश गुप्ता, जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार और सुभाष नाग, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रदेश प्रशिक्षक सुमित शर्मा ने पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती, मंडल कमिटी के गठन, और संगठनात्मक संरचना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में 12 सदस्यीय कमिटी का गठन करना है, जिसमें सभी वर्गों व महिलाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित हो। साथ ही सभी मंडल अध्यक्षों को प्रमाणपत्र दिए गए और झारखंड कांग्रेस एप से जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### शिवभक्ति में डूबे श्रद्धालु

**भरनो (गुमला)।** सावन महीने की पहली सोमवारी पर भरनो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार की सुबह होते ही भक्त स्नान कर जल, फूल, बेलपत्र आदि लेकर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना हेतु शिवालयों की ओर निकल पड़े। क्षेत्र का माहौल शिवमय हो गया। प्रखंड के कमलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, स्कूल चौक शिव मंदिर, बाजार रोड शिव मंदिर, छठ तालाब शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित शिव मंदिर, ब्लॉक परिसर शिव मंदिर, समसेरा का सत्यवानी आश्रम, बूढ़ीपाठ, डोम्बा सहित विभिन्न गांवों के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से जलाभिषेक किया और शिवलिंग पर पूजा अर्पित की। भक्तों ने भगवान शिव से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भी शिवालयों में बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। मंदिर प्रांगणों में "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय ग्रामीणों एवं मंदिर समितियों द्वारा समुचित प्रबंध किए गए थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**
e-ProcurementNotice
Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-01/2025-26Date – 14/07/2025
Letter No......................................../ Lohardaga, Date................................/

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on DhobainNala at vill – UperTuriadih (Mauza - Hendehas), Panchayat - Hesag , Block – Peshrar, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 31.449 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 29/07/2025 at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 06/08/2025 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 08/08/2025 at02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
PR 357224 Lohardaga(25-26)D Minor Irrigation Division, Lohardaga.



**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री जितेन्द्र कुमार हाजरा (से0नि०), तत्कालीन वन क्षेत्र पदाधिकारी, कुन्दरी वन प्रक्षेत्र, मेदनीनगर वन प्रमंडल के विरूद्ध संचालित संचालित विभागीय कार्यवाहियों में सुनवाई की अगली तिथि दिनांक–17.07.2025 को निर्धारित समय में उपस्थिति के संबंध में।

श्री सुनील कुमार, भा0प्र0से0 (से0नि0) संचालन–सह–विभागीय जाँच पदाधिकारी के पत्रांक–264 दिनांक–01.07.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि आरोपी पदाधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार हाजरा (से0नि०), तत्कालीन वन क्षेत्र पदाधिकारी, के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में कतिपय तिथियों को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु श्री हाजरा, सेवानिवृत, वन क्षेत्र पदाधिकारी को उनके पते पर पत्र निर्गत किया गया, लेकिन श्री हाजरा लगातार विभागीय कार्यवाही में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण विभागीय कार्यवाही के निस्तार पर निर्णय नहीं हो पा रहा है।

श्री जितेन्द्र कुमार हाजरा (से0नि0), तत्कालीन वन क्षेत्र पदाधिकारी के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही एवं उक्त विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच पदाधिकारी द्वारा निर्धारित सुनवाई की अगली तिथि एवं समय की विवरणी, जो निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | विभागीय जाँच पदाधिकारी का पत्र। | विभागीय कार्यवाहियों की सुनवाई की अगली तिथि एवं समय। |
|---|---|---|
| 1. | पत्रांक–264 दिनांक–01.07. 2025 | दिनांक–17.07.2025 समय–12.30 बजे अपराह्न |

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री जितेन्द्र कुमार हाजरा, सेवानिवृत, वन क्षेत्र पदाधिकारी पता JA-30D, JAGDA, ROURKELA, ODISHA-769014 को निदेशित किया जाता है कि संदर्भित विभागीय कार्यवाहियों में विभागीय जाँच पदाधिकारी का कार्यालय, नगर प्रशासन भवन (एच0ई0सी0) गोलचक्कर, धुर्वा, राँची में निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा एकपक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिये श्री हाजरा स्वयं जिम्मेवार होगें।

(मितरंजु कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

PR 357211 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा**

(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 756/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–लखेया, थाना नं0–195, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–लखेया, थाना नं0–195, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.934 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* |
| 1 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.0400 | गोपाल राम पिता–स्व0 तपेश्वर राम | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 2 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.0300 | कुंवर ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 तुलसी ठाकुर | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 3 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.03400 | खखन ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 तुलसी ठाकुर | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 4 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.0300 | लालजी ठाकुर पिता–जराई ठाकुर, मनोज ठाकुर पिता–स्व0 रमयाद ठाकुर वो इन्द्रदेव ठाकुर पिता–जराई ठाकुर | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 5 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.03400 | महिपत ठाकुर पिता–स्व0 जदुनी ठाकुर | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 6 | 123 | 34 | गै0मा0 | – | 0.02900 | रामअवतार ठाकुर वगै0 पिता–बालकेश्वर ठाकुर | उ0–गोंदा द0–30 पू0–गोंदा प0–69 |
| 7 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.01500 | अजय साव पिता–मुंगा साव वो रामसागर चौधरी | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 8 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.02600 | परिखा बैठा वो श्यामसुन्दर बैठा वो सुधीर बैठा पिता–स्व0 भुखल बैठा वो अनुप बैठा | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 9 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.02500 | सुरेन्द्र बैठा वगै0 पिता–स्व0 परमेश्वर बैठा वो पुष्पा देवी पति–नीलकमल राम वो नन्द किशोर बैठा वगै0 पिता–स्व0 दशरथ बैठा वो रामनमी बैठा पिता–स्व0 रामदेनी बैठा | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 10 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.101 | गणेशर राम वगै0 | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 11 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.018 | सुरेन्द्र बैठा वगै0 पिता–स्व0 परमेश्वर बैठा वो नन्द किशोर बैठा वगै0 पिता–स्व0 दशरथ बैठा वो रामनमी बैठा पिता–स्व0 रामदेनी बैठा | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 12 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.01800 | रामसागर चौधरी पिता–स्व0 भुखु चौधरी | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 13 | 123 | 69 | गै0मा0 | – | 0.0200 | परिखा बैठा वो श्यामसुन्दर बैठा वो सुधीर बैठा पिता–स्व0 भुखल बैठा | उ0–गोंदा द0–41 पू0–34 प0–71 |
| 14 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.005 | सुरजन बैठा पिता–स्व0 विदेशी बैठा | उ0–गोंदा द0–72 पू0–69 प0–510 |
| 15 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.01 | महेश्वर चौधरी पिता–स्व0 गोपचन चौधरी | उ0–गोंदा द0–72 पू0–69 प0–510 |
| 16 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.038 | अमरावती देवी पति–लालमन राम | उ0–गोंदा द0–72 पू0–69 प0–510 |
| 17 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.007 | आम रास्ता | – |
| 18 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.007 | बंसंत केशरी पिता नौरंगि केशरी | – |
| 19 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.025 | कलावती देवी पति–यसरोपन ठाकुर | उ0–गोंदा द0–72 पू0–69 प0–510 |
| 20 | 124 | 71 | गै0मा0 | – | 0.045 | जितेन्द्र ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 अवध बिहारी ठाकुर | उ0–गोंदा द0–72 पू0–69 प0–510 |
| 21 | 115 | 512 | गै0मा0 | – | 0.008 | रामजी चौधरी पिता–स्व0 प्रगास चौधरी | उ0–गोंदा द0–513 पू0–510 प0–536 |
| 22 | 115 | 512 | गै0मा0 | – | 0.013 | ननकु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 बासुदेव चौधरी | उ0–गोंदा द0–513 पू0–510 प0–536 |
| 23 | 115 | 512 | गै0मा0 | – | 0.013 | कृष्णा चौधरी पिता–स्व0 प्रगास चौधरी | उ0–गोंदा द0–513 पू0–510 प0–536 |
| 24 | 115 | 512 | गै0मा0 | – | 0.0068 | अनिल बैठा पिता–सुखाड़ी बैठा | उ0–गोंदा द0–513 पू0–510 प0–536 |
| 25 | 115 | 512 | गै0मा0 | – | 0.0112 | विशुनदेव राम पिता–स्व0 मोती राम | उ0–गोंदा द0–513 पू0–510 प0–536 |
| 26 | 105 | 536 | बकास्त | – | 0.003 | सुरेन्द्र राम पिता–स्व0 बनवारी राम | उ0–गोंदा द0–512 पू0–512 प0–537 |
| 27 | 105 | 536 | बकास्त | – | 0.001 | कलेन्द्र चौधरी पिता–दिनानाथ चौधरी | उ0–गोंदा द0–512 पू0–512 प0–537 |
| 28 | 105 | 536 | बकास्त | – | 0.008 | विशुनदेव राम पिता–स्व0 मोती राम | उ0–गोंदा द0–512 पू0–512 प0–537 |
| 29 | 105 | 536 | बकास्त | – | 0.00400 | रास्ता | |
| 30 | 105 | 536 | बकास्त | – | 0.01600 | विशुनदेव राम पिता–स्व0 मोती राम | उ0–गोंदा द0–512 पू0–512 प0–537 |
| 31 | 91 | 537 | बकास्त | – | 0.01100 | जमुना चौधरी पिता–स्व0 कामेश्वर चौधरी | उ0–गोंदा द0–588 पू0–536 प0–538 |
| 32 | 91 | 537 | बकास्त | – | 0.02500 | सिताराम मिस्त्री पिता–स्व0 विश्वनाथ मिस्त्री | उ0–गोंदा द0–588 पू0–536 प0–538 |
| 33 | 91 | 537 | बकास्त | – | 0.01 | भगवान मिस्त्री पिता–स्व0 रामजीत मिस्त्री | उ0–गोंदा द0–588 पू0–536 प0–538 |
| 34 | 91 | 537 | बकास्त | – | 0.025 | मन्दीप चन्द्रवंशी पिता–स्व0 महेश चन्द्रवंशी | उ0–गोंदा द0–588 पू0–536 प0–538 |
| 35 | 91 | 537 | बकास्त | – | 0.041 | अज्ञात | उ0–गोंदा द0–588 पू0–536 प0–538 |
| 36 | 100 | 538 | रैयती | – | 0.002 | रामवृक्ष चौधरी पिता–स्व0 टेनी चौधरी | उ0–गोंदा द0–701 पू0–537 प0–539 |
| 37 | 100 | 538 | रैयती | – | 0.012 | दिनेश सिंह | उ0–गोंदा द0–701 पू0–537 प0–539 |
| 38 | 100 | 538 | रैयती | – | 0.0100 | चन्द्रीका चन्द्रवंशी पिता–स्व0 देवशरन राम | उ0–गोंदा द0–701 पू0–537 प0–539 |
| 39 | 100 | 538 | रैयती | – | 0.01200 | संजय चौधरी पिता–स्व0 महेन्द्र चौधरी | उ0–गोंदा द0–701 पू0–537 प0–539 |
| 40 | 100 | 538 | रैयती | – | 0.0100 | रामेश्वर चौधरी पिता–स्व0 नान्हा मल्लाह | उ0–गोंदा द0–701 पू0–537 प0–539 |
| 41 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.010 | मुरली यादव पिता–श्री रामजी यादव वो लक्ष्मण भुईहर पिता–हल्कन भुईहर | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 42 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.015 | अज्ञात | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 43 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.014 | रामसागर चौधरी पिता–स्व0 भुखु चौधरी | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 44 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.005 | बलराम चौधरी वगै0 पिता–वंशराज चौधरी | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 45 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.004 | कृष्णा चौधरी पिता–स्व0 प्रगास चौधरी | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 46 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.0200 | जमुना प्रसाद | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 47 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.001 | सतेन्द्र प्रसाद पिता–स्व0 भिखु प्रसाद | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 48 | 91 | 539 | बकास्त | – | 0.01500 | विजय राम वो अशोक राम वो सुरेन्द्र राम पिता–स्व0 बनवारी राम | उ0–गोंदा द0–701 पू0–538 प0–540 |
| 49 | 124 | 701 | गै0मा0 | – | 0.051 | राजू राम पिता–स्व0 विंधेश्वरी राम वो सगुनी यादव पिता–स्व0 नथन यादव वो सुरेन्द्र राम पिता–स्व0 बनवारी राम वो अवधेश विश्वकर्मा पिता–स्व0 शिवगुलाम मिस्त्री वो लखन बैठा पिता–स्व0 बैजनाथ बैठा वो मुन्शी चौधरी पिता–स्व0 बुधाई चौधरी वो लाल बहादुर साह पिता–स्व0 नाथुन साह वगै0 | उ0–गोंदा द0–700 पू0–541 प0–गोन्दा |
| | कुल :– | | | | 0.934 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR 357281 Land Reforms(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# उपयोगी वस्तु बनता पाकिस्तान

कट्टरपंथी और प्रजातंत्र से दूर पाकिस्तान के साथ अमेरिका के संबंध मित्र नहीं याचक के रहे हैं और कौन किसका उपयोग कर रहा है भ्रम बना हुआ है। शीर्ष सैन्य नेतृत्व (पहले सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और फिर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू) की हालिया अमेरिकी यात्राएं दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक नया और अप्रत्याशित आयाम लेकर आई हैं। ये दौरे केवल प्रतीकात्मक नहीं थे, बल्कि पेंटागन, कैपिटल हिल और विदेश विभाग में उच्च स्तरीय बैठकों के जरिए हुए गंभीर संवादों को दर्शाते हैं। भारत के लिए यह घटनाक्रम चिंता का विषय है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। मुनीर की डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच मीटिंग ऐतिहासिक रही, क्योंकि यह पहली बार था, जब किसी कार्यरत पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष को इस स्तर पर आमंत्रित किया गया। पहले ऐसे सम्मान केवल उन सैन्य नेताओं को मिले थे, जो सत्ता में भी आ चुके थे। इसके बाद वायुसेना प्रमुख सिद्धू की यात्रा संकेत देती है कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान वाशिंगटन के साथ अपने पुराने रिश्तों को पुनर्जीवित करने के लिए सुनियोजित रणनीति के तहत काम कर रहा है। यह ठीक उसी समय हो रहा है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद तनाव तेजी से बढ़ रहा है।इसके पीछे एक प्रमुख कारण पाकिस्तान की चीनी हथियार प्रणालियों के प्रदर्शन को लेकर बढ़ती असंतुष्टि है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तान की एचक्यू-9पी और एचक्यू-16 वायु रक्षा प्रणालियों को नष्ट करके उनकी सीमाएं उजागर कर दीं। इसने पाकिस्तान को पश्चिमी रक्षा तकनीक की ओर रुख करने और अमेरिका से एफ-16 ब्लॉक 70 लड़ाकू विमान, एआईएम-7 स्पैरो मिसाइलें, एचआईएमएआरएस रॉकेट सिस्टम और आधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों जैसी उन्नत सैन्य मदद मांगने को प्रेरित किया। वाशिंगटन में सिद्धू की बैठकें संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी साझाकरण और रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित थीं। हालांकि, सतही तौर पर यह सब कुछ सामान्य कूटनीतिक गतिविधि प्रतीत हो सकती है, लेकिन इनके पीछे दोनों पक्षों की गहरी रणनीतिक सोच छिपी है। अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अक्सर व्यावहारिक संबंध रखे हैं-जब-जब ऑपरेशनल जरूरतें पड़ीं, वाशिंगटन ने इस्लामाबाद से संबंध मजबूत किए। शीतयुद्ध, 9/11 के बाद की आतंकवाद विरोधी लड़ाइयों, और अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी के दौरान यह पैटर्न स्पष्ट रूप से दिखा। अब ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच, अमेरिका फिर से पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति, रसद सुविधाओं और खुफिया नेटवर्क के कारण उसकी ओर देख रहा है। मुनीर के साथ ट्रंप की ईरान पर चर्चा और एक संभावित रणनीतिक पैकेज की खबर (जिसमें पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, आर्थिक मदद और व्यापारिक समझौते शामिल हैं) इस रिश्ते के पुनरुद्धार का संकेत देती है। भारत के लिए अमेरिका और पाकिस्तान के बीच यह बढ़ती नजदीकी कई चुनौतियां उत्पन्न कर सकती है। सबसे पहली चिंता यह है कि इससे भारत और अमेरिका के बीच पिछले दो दशकों में विकसित हुई विशेष रणनीतिक साझेदारी को आघात पहुंच सकता है।

*भारत के लिए यह घटनाक्रम चिंता का विषय है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं।*

# रोजगार और आर्थिक विकास की अनूठी प्रोत्साहन योजना



अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

आज की बात



**ज्योति विज**
महानिदेशक, फिक्की

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया' तथा 'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी। अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है। भारत की ईएलआई योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है।

ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं।

नियोक्ताओं- खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल) का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## वे दो पुस्तकें

कई दो पुस्तकें लेकर चलते हैं। वे किसी व्यक्ति को देखते ही दोनों पुस्तकें बड़ी ही चपलता से पलक झपकते पलटते हैं। अगले व्यक्ति का नाम उनमें बिजली की तेजी से खोज लेते हैं। फिर मन ही मन शीघ्रता से गणना करते और उसी के आधार पर अपनी मुस्कुराहट-कड़वाहट, नमस्ते-दुत्कार कहने, अपने व्यवहार की सही मात्रा निर्धारित कर लेते हैं और उसी के अनुरूप तय कर आचरण करने लगते हैं। जैसा पुस्तक बताती ठीक वैसा ही करते। न एक पसंगा अधिक न एक भी पसंगा कम। कभी इधर से उधर नहीं होता, देखा गया। आश्चर्य तो तब होता कि समय, परिस्थिति और उपयोगिता के अनुसार उस एक पुस्तक से किसी का नाम दूसरी पुस्तक में स्वतः ही चला जाता और कभी दूसरी से पहली में। दोनों पुस्तकों में नाम बदल जाना एक चमत्कार ही था । लेकिन उनके लिए यह सब बहुत ही सहज और सरल हुआ करते। उन लोगों की इस प्रतिभा से चमत्कृत रहते। एक बार कुछ लोगों का प्रतिनिधि मंडल ऐसे ही एक महानुभाव के पास हाथ जोड़े पँहुचा और बड़े ही विनम्र भाव से आग्रह किया कि हम उन दोनों पुस्तकों का दर्शन सुख प्राप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कंठस्थ उन पुस्तकों के पृष्ठ मन में पलट लिए। फिर उस प्रतिनिधि मंडल की ओर कातर दृष्टि से देखकर बोले-आप लोग इतनी अधिक विनम्रता से हाथ जोड़कर आग्रह कर रहे हैं तो उन दो दैविक पुस्तकों के दर्शन लाभ से आपको वंचित रखना अन्याय होगा। अनुनय-विनय से तो ईश्वर भी प्रसन्न होकर पिघल जाते हैं और अपनी दया की वृष्टि कर डालते हैं। मैं तो साधारण मानव हूँ। फिर वे उठकर घर के अंदर चले गए। बड़ी देर बाद स्वागत कक्ष में लौटे। बाएं हाथ से लाल कपड़े में बंधी दो पुस्तकें श्रद्धा से सिर पर रखे पकड़ कर आए। दाहिने हाथ में एक दीपक जल रहा था। उन्होंने पीछे मुड़कर कोई संकेत किया। संकेत पाकर साधारण से वस्त्रों में एक अति सुंदर स्त्री पीछे से आयी। टेबल पर गंगा जल छिड़का गया। फिर उन्होंने पहले दीपक रखा, जिसकी लौ पीछे की ओर थी। फिर उन्होंने बड़े आदर से उसी लाल कपडे पर बिछा कर एक के बगल में दूसरी पुस्तक रखकर उसे प्रणाम किया। फिर उन दोनों पुस्तकों को दीपक दिखाकर खड़े - खड़े आरती उतारी। उसके बाद दोनों पुस्तकों को फिर प्रणाम कर बारी-बारी से लाल कपड़े हटाए। एक पुस्तक पर काला आवरण चढ़ा था तो दूसरे पर श्वेत। श्वेत आवरण वाली पुस्तक पर अंग्रेजी में लिखा था-गुड बुक और काले आवरण वाली पुस्तक पर अंग्रेजी में लिखा था-बैड बुक। प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों की आखें इस पुनीत दर्शन से फ़टी की फ़टी रह गयीं। प्रतिनिधि मंडल लौटने लगा। उनमें से एक बड़बड़ाया-बौड़म है ससुर! दूसरे ने कहा-घी के लड्डू, बड़ा ही सुलझा और व्यावहारिक आदमी है। इसी लिए इतना सफल और सम्पन्न है। बाकी सभी चुपचाप खिसक लिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# मानवता शर्मसार है पूर्णिया टेटगामा कांड से

बिहार के पूर्णियां जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। डायन प्रथा की भेंट चढ़ गई पांच जिंदगी। पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इस घटना में आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को डायन बताकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर जिंदा जला दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक तांत्रिक भी शामिल है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। इस नरसंहार में बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य सोनू (15वर्ष) ने भागकर अपनी जान बचाई। सोनू ने उस नरसंहार की आंखों देखी बताई तो पुलिस सक्रिय हुई और घंटो मशक्कत के बाद डॉग स्क्वाड की मदद से जले हुए शवो को जलकुंभी से बरामद किया गया। मृतकों में परिवार का मुखिया बाबू लाल उरांव (40), पत्नी सीता देवी (35),बूढ़ी मां सातो देवी (65) ,बेटा मंजीत (25)और उसकी पत्नी रानी देवी(20)शामिल है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव के सभी लोग फरार हैं और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पूर्णिया जिले के पूर्व प्रखंड स्थित टेटगामा गांव में उरांव जनजाति के करीब 50 परिवार निवास करते हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 300 है। इस गांव में अन्य जातियों के लोग भी रहते हैं। लेकिन उरांव समुदाय के लोग अधिकतर एक-दूसरे के पास रहते हैं। करीब दस दिन पहले रामदेव उरांव के एक बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद दूसरा बेटा भी बीमार पड़ गया। इसी क्रम में रामदेव को संदेह हुआ कि उसके बेटे की मौत और दूसरे बेटे की बीमारी के पीछे किसी डायन का हाथ है। संदेह की सुई बाबूलाल की मां सातो देवी और उसकी पत्नी सीता देवी पर गई। रामदेव ने इन्हें जादू-टोना करने वाली महिलाएं यानी डायन घोषित कर दिया। गांववालों ने भी अंधविश्वास के चलते उनकी बात मान ली। जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का फैसला लिया गया। उसमें इस बात को प्रमाण के तौर पर रखा गया कि ओझाओं की भी राय है कि बाबूलाल की मां और पत्नी डायन है। आज भी आदिवासी समाज में झाड़-फूंक और ओझा-भगतों की बातों पर अंधविश्वास व्याप्त है। बीमारी होने पर डॉक्टर के पास जाने की बजाय लोग ओझाओं के पास जाते हैं, जो अक्सर बीमारी की जड़ डायन को बताते हैं। ओझा की कही हुई बात को अंतिम सत्य मान लिया जाता है। बताया जाता है कि जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का निर्णय लिया गया, वहां ओझाओं की राय को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया। ओझाओं ने सातो देवी और उसकी बहू सीता देवी को डायन बताया, जिसके आधार पर यह अमानवीय फैसला लिया गया। आदिवासी समाज में डायन प्रथा एक पुराना और खतरनाक अंधविश्वास है। किसी महिला को डायन घोषित करने के पीछे कई सामाजिक पूर्वाग्रह होते हैं. जैसे उम्रदराज होना, चेहरा विकृत हो जाना, बार-बार बुदबुदाना, क्रोधित स्वभाव, या अत्यधिक पूजा-पाठ में लिप्त रहना। सातो देवी इन सभी पूर्वाग्रहों पर खरा उतरती थीं। इसलिए उन्हें डायन मान लिया गया। समाज में यह मान्यता भी प्रचलित है कि डायन का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होता है। यही कारण रहा कि सातो देवी के साथ-साथ उनकी बहू सीता देवी और फिर उसकी बहू रानी देवी.. तीनों को डायन मानकर जिंदा जला दिया गया। त्रासदी का सबसे भयावह पहलू यह है कि पीड़ित और अपराधी सभी एक ही समुदाय के थे। आपस में रिश्तेदार भी। लेकिन अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक कुंठाओं के अंधेरे में डूबी भीड़ ने रिश्तों, मानवता और कानून सब कुछ रौंद दिया। टेटगामा गांव की यह घटना इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जो यह बताती है कि जब अंधविश्वास हावी हो जाता है, तो इंसानियत दम तोड़ देती है। डायन प्रथा जैसे अमानवीय अंधविश्वास पर कानून के साथ-साथ समाज को भी सख्ती से चोट करनी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**कुमार कृष्णन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कितनी चढ़ी चढ़ाइयां, उतरे बहुत ढलान।
तब जाकर उस पार का, हमको दिखा मचान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विवाहेतर संबंधों के चलते नवविवाहित पतियों के कत्ल का सिलसिला!

युवतियों के लव अफेयर्स विवाह पूर्व के वर्जित संबंध अब नव विवाहित पतियों के लिए जान का जंजाल बन रहे हैं अब बिहार में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड जैसा ही मामला सामने आया है। यह मामला औरंगाबाद का है, जहां एक नव विवाहिता पत्नी ने अपने फूफा के साथ मिलकर शादी के 45 दिन बाद पति को मौत के घाट उतरवा दिया। मृतक की पहचान 24 साल के प्रियांशु के तौर पर हुई है। महिला का अपने फूफा के साथ 15 साल से अफेयर चल रहा था। 24 जून की रात को आरोपी महिला पति के साथ नवी नगर रेलवे स्टेशन से घर के लिए निकली थी। पति की लोकेशन भेज कर भाड़े के हत्यारों को जानकारी दी गई। हत्यारों ने योजना बद्ध तरीके से रास्तें में अज्ञात बदमाशों ने प्रियांशु को गोली मार दी। पुलिस मानकर चल रही थी कि सुपारी देकर हत्या करवाई गई है। पुलिस ने जैसे-जैसे जांच की, शक की सुई मृतक की पत्नी गुंजा सिंह पर टिक गई। पुलिस के सख्ती बरतने पर महिला ने पूरा भेद खोल दिया। गुंजा सिंह का अपने फूफा 52 साल के जीवन सिंह के साथ अफेयर था। दोनों एकसाथ रहना चाह रहे थे, लेकिन पारिवारिक दबाव के चलते गुंजा सिंह ने शादी कर ली। लेकिन गुंजा अपने प्यार को भुला नहीं पाई और दोनों ने साथ रहने की सोची। दोनों ने अपने रास्ते में बाधा बन रहे प्रियांशु को हटाने की साजिश रची। जीवन सिंह ने प्रियांशु को मारने के लिए झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले मुकेश शर्मा और जयशंकर चौबे की मदद ली। दोनों हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। 24 जून को प्रियांशु ने फोन पर पत्नी को लोकेशन की जानकारी दी थी। गुंजा ने अपने फूफा को फोन कर पूरा भेद खोल दिया था। इसके बाद दोनों बदमाश मौके पर पहुंचे और प्रियांशु को आते ही गोली मार दी। बाद में मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुंजा पर शक हुआ। पुलिस ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग निकलवाई और पूछताछ की। महिला ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। बताया जा रहा है कि अभी जीवन सिंह फरार है। एक कॉल डिटेल ने पूरा राज खोल दिया। औरंगाबाद का यह मामला कहीं न कहीं मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी मर्डर मामले की याद दिलवाता है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में सोनम रघुवंशी नाम की महिला ने अफेयर के चलते पति का मर्डर करवाया था। इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है जिसमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी. ऐसे ही मामलों के बारे में आपको बताते हैं जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई है। अभी राजा हत्याकांड का खुलासा हो ही रहा है कि 11जून को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में सामने आए ऐसे ही एक और मामले ने सनसनी फैला दी है। यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला पति को बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था।महिला ने शादी के लगभग 18 साल बाद प्रेमी की चाह में उससे मिलकर पति की हत्या करवा दी। कन्नन से 18 साल पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद कन्नन और संगीता का 12 साल का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता बलरामपुर निवासी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्ष्णपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही। इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में भी सामने आया, जहां शादी के 15 दिन बाद ही पति का मर्डर कर दिया गया। औरैया में दिलीप नाम के युवक की शादी के 15 दिन बाद ही हत्या कर दी गई। इस हत्या की साजिश दिलीप की पत्नी प्रगति ने अपने प्रेमी अनुराग के साथ मिलकर रची थी। प्रगति और अनुराग पिछले चार साल से रिलेशन में थे। प्रगति किसी भी हाल में अनुराग को पाना चाहती थी। ऐसे में उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। शादी के 15 दिन बाद 19 मार्च को दिलीप को गोली मारी गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रगति और अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। मेरठ का सौरभ हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था। 3 मार्च की रात मुस्कान ने अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड सामने आया था, जिसमें सौरभ की पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने ही पति को रास्ते से हटा दिया। ये मर्डर केस इतना खौफनाक था कि सौरभ के शव को कई टुकड़ों में काटा और नीले रंग के ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया। मुस्कान गर्भवती भी है। जेल में हुई प्रेग्नेंसी टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार का हरिहर नाथ मंदिर जहां भगवान विष्णु के साथ होती है महादेव की पूजा

**एजेंसी। छपरा**

बिहार का हरिहर नाथ मंदिर शायद देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां गर्भगृह में एक ही साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा होती है। सारण जिले के सोनपुर में गंडक और गंगा के तट पर स्थित यह मंदिर आम से लेकर खास शैव और वैष्णव संप्रदाय के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है।



हरिहरनाथ मंदिर न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व रखता है। श्रावण माह में इस मंदिर की महिमा और भी बढ़ जाती है, जब हजारों की संख्या में शिवभक्त यहां जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

गंगा और गंडक नदियों के संगम पर बसे सोनपुर स्थित यह मंदिर भगवान शिव और विष्णु की संयुक्त आराधना का प्रतीक है। बताया जाता है कि बाबा हरिहर नाथ ऐसा शिवालय है, जहां स्थापित शिवलिंग के आधे भाग में शिव (हर) और आधे भाग में विष्णु (हरि) का निवास है। एक ही गर्भगृह में विराजे दोनों देव एक साथ हरिहर कहलाते हैं। मान्यता है कि हरिहरनाथ मंदिर का निर्माण स्वयं भगवान श्रीराम ने करवाया था। कहा जाता है कि श्रीराम ने यहां अहिल्या उद्धार के पश्चात विश्राम किया और फिर शिवलिंग की स्थापना कर पूजा की। एक अन्य मान्यता के अनुसार, इसकी स्थापना स्वयं ब्रह्मा ने शैव और वैष्णव संप्रदाय को एक-दूसरे के पास लाने के लिए की थी। गज-ग्राह की पुराण कथा भी प्रमाण है। इसी स्थान पर लंबे संघर्ष के बाद शैव और वैष्णव मतावलंबियों का संघर्ष विराम हुआ था। इस क्षेत्र में शैव और वैष्णव संप्रदाय के लोग एक साथ कार्तिक पूर्णिमा का स्नान और जलाभिषेक करते हैं। बताया जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में यह मंदिर क्षतिग्रस्त हुआ, जिसे राम नारायण ने 18वीं शताब्दी में फिर से बनवाया।

मंदिर के पुजारी सुशील चन्द्र शास्त्री ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि भगवान शिव के अत्यंत प्रिय महीने श्रावण माह में इस मंदिर की रौनक बढ़ जाती है। दूर-दराज से श्रद्धालु यहां जल लेकर पहुंचते हैं और हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठता है।

### हर साल लाखों शिवभक्त करते हैं जल अर्पण

मंदिर समिति के अनुसार, हर साल लाखों शिवभक्त यहां जल अर्पण करते हैं। वर्तमान में मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अधीन है। सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए श्रावण मास में यहां विशेष व्यवस्था की जाती है। मंदिर के पुजारी और भक्तों के अनुसार, यह मनोकामना मंदिर है। पुजारी बताते हैं कि यहां पहुंचकर पूजा अर्चना करने पर अद्भुत ऊर्जा मिलती है। भक्तों को लगता है कि यहां दोनों देवों से शक्ति मिलती है। भगवान विष्णु को सृष्टि का पालक और भगवान शिव को संहार करने वाला देव माना जाता है, ऐसे में भक्तों को लगता है कि एक मंदिर पहुंचकर दोनों देव खुश हो जाते हैं।

## कांवड़ यात्रा: 'श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि', सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**लखनऊ।** सावन महीने में कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धा, सुरक्षा और सेवा के संकल्प के साथ कांवड़ यात्रा का संचालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित होनी चाहिए और इसमें किसी प्रकार का विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, सुरक्षा और चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सीएम योगी ने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए।

## सीजेआई बीआर गवई अस्पताल में भर्ती, तेलंगाना दौरे पर हुए थे संक्रमण के शिकार



**तेलंगाना।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई को हाल ही में तेलंगाना की यात्रा के दौरान कथित तौर पर गंभीर संक्रमण होने के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, न्यायमूर्ति गवई वर्तमान में चिकित्सा देखभाल में हैं और उपचार का सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। संक्रमण के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। अपनी खराब सेहत के कारण, न्यायमूर्ति गवई सोमवार को अदालती कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर पाए। हालाँकि, मामले से परिचित अधिकारियों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्य न्यायाधीश की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और अगले कुछ दिनों में उनके अपने आधिकारिक कार्यभार संभालने की संभावना है। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश 12 जुलाई को नालसर विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में भाषण देने के लिए हैदराबाद में थे।

## झूठी जानकारी वाले वीडियो के प्रसारण पर यूट्यूबर के खिलाफ मामला दर्ज

**मेंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गांव में मृत शरीरों के निपटान से जुड़ी झूठी जानकारी के साथ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दक्षिण कन्नड़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. अरुण के. ने इसकी जानकारी दी है। दक्षिण कन्नड़ पुलिस के अनुसार यूट्यूबर समीर एम.डी. के खिलाफ धर्मस्थल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। धर्मस्थल में कई मृत शरीर दफनाए जाने के आरोपों के बाद, यूट्यूबर ने अपने चैनल पर इस विषय से संबंधित एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सहायता से तैयार की गई काल्पनिक और भ्रामक जानकारी शामिल थी। यह वीडियो जानबूझकर जनता को भड़काने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया था। एसपी डॉ. अरुण के. ने इस संबंध में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 7 जुलाई को शिकायतकर्ता के वकील द्वारा एक प्रेस वार्ता में दिए गए कुछ बयान तथ्यात्मक रूप से गलत थे।

**पीड़ित युवतियों का आरोप-**

# भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता था छांगुर बाबा

- धर्मांतरण में फंसी लड़कियों ने पत्रकार वार्ता कर सरकार से लगाई सुरक्षा की गुहार

**एजेंसी। लखनऊ**

हजारों हिंदू लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब कुछ पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया है कि छांगुर बाबा और उनके सहयोगी भारत को इस्लामिक देश बनाने का षडयंत्र रच रहे थे। पीड़ित युवतियों का कहना है कि उनकी घर वापसी के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्हें सरकार सुरक्षा उपलब्ध कराये। सोमवार को लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के जिलाध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कुछ पीड़ित युवतियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान आपबीती बयां की। पीड़ित युवतियों ने छांगुर और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें धमका, प्रेमजाल में फंसाकर, पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण कराया गया। पीड़ित युवती ने पीड़ित ने मीडिया को छांगुर की काली करतूतों को बयां करते हुए बताया कि वह औरैया जिले की रहने वाली है। पिछले वर्ष की बात है, जब अपने पिता की शराब लत को छुड़ाने के परेशान थी। इसी दौरान मेराज नाम के युवक ने अपना रूद्र शर्मा बताते कहा कि वह उसके पिता की शराब छुड़वा देगा। युवती ने बताया कि मेराज उर्फ रूद्र ने उसके परिवार को छांगुर बाबा से लखनऊ में मिलवाया। छांगुर ने उसे ताबीज देकर दुआ पढ़ी थी। इसके कुछ दिन बाद मेराज उर्फ रुद्र शर्मा उनके घर आया और कानपुर में आए झांगुर बाबा से मिलाने के लिए उसे अपने साथ ले गया। युवक उसे कानपुर न ले जाकर फतेहपुर बिन्दकी की एक मस्जिद में ले गया, जहां उसका जबरन निकाह कराया गया। तब उसे पता चला कि युवक का असली नाम रुद्र नहीं मेराज है। उसने उसे इस्लाम कबूल करवाते हुए उसका जैनब नाम रखा। उसे तीन महीने अपनी कैद में रखा और उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद वह किसी तरह वह वापस अपने घर आई तो मेराज आ गया। युवती का आरोप है कि मेराज ने उससे जुड़ी फोटो और वीडियो दिखाई और कहा कि उसकी छोटी बेटी की भी शादी करवा दो। इसी बहस में लड़की के पिता ने मेराज के सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे मेराज की मौत हो गई। इसके बाद उसके मां-बाप को जेल भेज दिया गया। युवती ने पत्रकारों को बताया कि अपने साथ हुई घटना को लेकर पीड़ित मेराज के खिलाफ केस दर्ज कराने गई तो औरैया पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

### किसी को प्रेम में तो किसी धमका कर कराया धर्मांतरण



पत्रकार वार्ता में अन्य पीड़ित युवतियों ने बताया कि छांगुर बाबा के गिरोह में शामिल लड़के पहले तो अपनी बातों या प्रेमजाल में फंसाकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखते हैं। जब लड़किया राजी हो जाती हैं, तो उन्हें मस्जिद में ले जाकर उनका धर्मांतरण कराते हैं। यदि कोई लड़की नहीं राजी होती है तो गंदी वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उनका धर्मांतरण कराते हैं। उनका शारीरिक शोषण किया जाता है।

### धर्मांतरण के लिए तय थी रेट लिस्ट

पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया कि हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराने के लिए वहां रेट लेस्ट बनी थी। पीड़ितों का कहना है कि एजेंटों को हिन्दू धर्म के ब्राह्मण, सरदार अथवा क्षत्रिय की लड़की को इस्लाम स्वीकार कराने पर पन्द्रह से सोलह लाख रुपये मिलते थे। पिछड़ी जाति की लड़की के लिये दस से बारह लाख और अन्य जाति की लड़कियों को आठ से दस लाख रुपये मिलते थे। घर वापसी करने के बाद पीड़ित लड़कियों का कहना है कि उनको धमकियां मिल रही हैं। वे सरकार से मांग करती है कि उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी जाए।

### विदेशों आने वाले पैसों का लेखा-जोखा नसरीन के पास

पीड़ित युवतियों ने बताया कि छांगुर बाबा का यूपी हीं नहीं बल्कि सऊदी अरब समेत कई देशों में कनेक्शन है। उसके एजेंट इन देशों में रहकर धर्मांतरण का काम करा रहे हैं। वहीं उनकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन उसका पति नवीन रोहरा उर् जमालुद्दीन समेत कई सहयोगी विदेश व इस्लामिक देशों यात्रा कर चुके हैं। विदेशों आने वाले पैसों का लेखा-जोखा नसरीन रखती थी। उनके 40 बैंक खातों में सौ करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है। नीतू और नवीन के खातों में 32 करोड़ रुपये है। एजेंटों को चेक और कैश पैसे का भुगतान होता था।

### लड़कियों व जिलाध्यक्ष को मिल रही धमकियां

पत्रकार वार्ता में वीएचपी जिलाध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि वे सनातन को मजबूत करने के लिए लोगों की घर वापसी कराते रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की है, लेकिन अभी मुलाकात नहीं हो सकी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ ऐसी घटनाएं हैं, जो थाना, तहसील पर होती हैं और गरीबों की सुनवाई नहीं होती है। औरैया की लड़की के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है।

## मेरठ में स्कूल बस की टक्कर से तीन कांवड़िए घायल, बस में तोड़फोड़ की कोशिश

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले मेंकांवड़ यात्रा के दौरान उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक स्कूल बस ने जल लेकर जा रहे तीन कांवड़ियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में तीनों श्रद्धालु घायल हो गए, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने बस में तोड़फोड़ की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगमपुल चौकी के पास दिल्ली मार्ग पर हुई। गाजियाबाद निवासी संदीप, बॉबी और अभिषेक हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे थे, तभी कैंट अस्पताल के समीप पीछे से आई स्कूल बस कांवड़ियों से मामूली रूप से टकरा गई। टक्कर लगते ही तीनों कांवड़िए घायल हो गए।

## सीनियर वकील से पीएम ने फोन पर पूछा, मराठी में बोलूं या हिंदी में?

**मुंबई।** "कल प्रधानमंत्री साहब का फोन आया था। उन्होंने बात की शुरुआत मराठी में की। कहा कि मी मराठीत बोलू की हिंदीत? मैं हंसने लगा। इसके बाद वो इतना दिल खोलकर हंसे कि मैंने पहली बार सुना कि हमारे प्रधानमंत्री इतना दिल खोलकर हंसते हैं।" ये देश के वरिष्ठ वकील और राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए उज्जवल निकम कहना है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है, जिनमें पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम, केरल के भाजपा नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन शामिल हैं। 12 जुलाई की रात गृह मंत्रालय की ओर से इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी। लेकिन उज्जवल निकम को इस बात की जानकारी पीएम मोदी के फोन कॉल पर हुई। उज्जवल निकम के मुताबिक पीएम मोदी ने उनसे फोन पर ये पूछा कि उन्हें हिंदी में बात करनी चाहिए या मराठी में? उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फ़ोन आया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी।

**वृष :** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें।

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभ समाचारों मिलेगें।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें।

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा।

**बिहार में बिगड़ी कानून-व्यवस्था, 24 घंटे में चौथी हत्या**

## पटना में वकील को मारी गोली

**एजेंसी। पटना**

बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पिछले 24 घंटों के भीतर राज्य में गोलीबारी की चौथी घटना सामने आई है। गुरुवार को पटना के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में जितेंद्र कुमार महतो (58 वर्षीय) नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।



**चाय पीकर लौट रहे वकील को मारी गोली :** पटना पूर्वी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि जितेंद्र कुमार महतो गुरुवार को चाय पीकर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। कुमार के अनुसार, 'अपराधियों ने जितेंद्र महतो नाम के व्यक्ति को गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई।' पुलिस को घटनास्थल से तीन गोलियों के खोखे मिले हैं, और मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक महतो पेशे से वकील थे, हालांकि पिछले दो सालों से वह सक्रिय रूप से वकालत नहीं कर रहे थे। उनके परिवार ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना उसी जगह चाय पीने आते थे। एसपी कुमार ने कहा, 'आज वह यहां चाय पीने आए थे और लौटते समय उन्हें गोली मार दी गई।' पटना सिटी के एएसपी अतुलेश झा ने भी घटनास्थल का दौरा किया है।

## बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया', कुर्सी बचा रहे सीएम

**एजेंसी। पटना**



बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। वहीं, विपक्ष बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर एनडीए सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। इन सबके बीच कानून व्यवस्था को लेकर राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडा राज। नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने आगे लिखा कि CM कुर्सी बचा रहे हैं, BJP मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर दोहरा रहा हूं - इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर एक के बाद एक अंजाम दी जा रहीं हत्या की घटनाओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस ने इन घटनाओं के लिए अवैध हथियारों और गोला बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहराया है। पिछले 10 दिन में, व्यवसायी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, 60 वर्षीय एक महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई लोगों की हत्याओं ने चुनाव से पहले बिहार को दहला दिया है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, राज्य में जनवरी से जून के बीच हर महीने औसतन 229 हत्याओं के साथ 1,376 हत्या के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 2,786 और 2023 में 2,863 थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अवैध रूप से निर्मित या बिना वैध लाइसेंस के खरीदे गए आग्नेयास्त्रों के प्रसार और कारतूसों व गोला-बारूद की अनियंत्रित उपलब्धता ने हाल में हिंसक अपराधों में तेज़ी ला दी है। बिहार लगातार हिंसक अपराधों, जिनमें आग्नेयास्त्रों से जुड़े अपराध भी शामिल हैं, के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में शामिल रहा है।

**मीडियाकर्मियों से ये क्या बोल गए तेस्जवी**

### हम ऐसे सूत्र को मूत्र समझते है...



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों की संभावित उपस्थिति पर एक प्रश्न पर स्रोतों का हवाला देने के लिए एक पत्रकार की आलोचना की और कहा कि ऐसे स्रोतों को वह मूत्र मानते हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजद नेता तेजस्वी यादव ने मतदाता सत्यापन और मतदाता सूची से नामों के संभावित विलोपन को लेकर चिंता जताई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव से भारत भर में मतदाता सूची में विदेशी अवैध प्रवासियों की संभावित उपस्थिति की रिपोर्ट के बारे में पूछा गया, जिस पर चुनाव आयोग गहन समीक्षा करने की योजना बना रहा है। इसके जवाब में तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग स्वयं सामने आने की बजाय सूत्रों के हवाले से खबर प्लांट करवा रहा है। ताकि इसकी आड़ में खेला कर सके। ये वही सूत्र है जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्लामाबाद, लाहौर और कराची पर क जा कर चुके थे। इसलिए हम ऐसे सूत्र को मूत्र समझते है। मूत्र यानि ऐसा अपशिष्ट पदार्थ जो दुर्गंध फैलाता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/14/2025-26(2ND CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत ए०एन०एम० ट्रेनिंग स्कूल, धर्मपुर, लातेहार का जीर्णोद्धार कार्य। | 39568000 | 792000 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 29.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 357220 Rural Development (25-26)_D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2025–26**

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 28.07.2025 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 28.07.2025 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.07.2025 के अपराह्न 3.30 बजे।

कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of P.C.C. road from Futun Quraishi House to Faruqe Quraishi House in Lohardaga Nagar Parishad at Noor Nagar ward no 01 | 917054.00 | 18341.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |
| 2. | Renovation of GYM and Toilet at Multipurpose Building, Near Circuit House, Lohardaga | 849042.00 | 16941.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |
| 3. | Construction of P.C.C. road from Sailesh Singh house to pcc road chatarbagicha and Rajkumar Oroan house to Mangleshwar Oroan house Basar Toli in Ward no 21. | 810572.00 | 16211.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |
| 4. | Construction of new P.C.C. road from 1. Wasim Ansari house to Guffran Ansari house 2. Jiauel Ansari house to Samsuel Ansari house, Repairing of existing P.C.C road from Moeen Ansari house to Haso Quraishi house at Khawja Guljar Nagar in Lohardaga Nagar Parishad at Ward No-01 | 707317.00 | 14146.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |
| 5. | Construction of PCC Road from Pintu singh house to Rajesh yadav house ward No. 04 | 605300.00 | 12106.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |
| 6. | Construction of PCC Road from Arun Singh house to Computer parikshan kendra at ward No. 15 | 597962.00 | 11959.00 | 5000.00 + 18% GST | 60 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 357217 Lohardaga(25-26)#D

## मंगल ग्रह का सबसे बड़ा टुकड़ा पृथ्वी पर होगा नीलाम

**न्यूयॉर्क ।** बिक्री के लिए 54 पाउंड (25 किलोग्राम) का एक पत्थर। अनुमानित नीलामी मूल्य 20 लाख से 40 लाख डॉलर के बीच। इतना महंगा क्यों? यह पृथ्वी पर पाया गया मंगल ग्रह का अब तक का सबसे बड़ा टुकड़ा है। न्यूयॉर्क में नीलामी घर 'सोथबी' बुधवार को प्राकृतिक इतिहास थीम पर आधारित नीलामी के एक भाग के रूप में 'एनडब्ल्यूए 16788' नाम की वस्तु को बिक्री के लिए रखेगा। इसके साथ ही एक किशोर 'सेराटोसॉरस डायनासोर' का कंकाल भी नीलामी के लिए रखा जाएगा, जो छह फुट से अधिक ऊंचा और लगभग 11 फुट लंबा है। वहीं ीलामी घर के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि यह उल्कापिंड एक विशाल क्षुद्रग्रह की टक्कर के चलते मंगल ग्रह की सतह से उड़कर 14 करोड़ मील की दूरी तय करके पृथ्वी पर पहुंचा, जहां यह सहारा रेगिस्तान में गिर पड़ा। सोथबी का कहना है कि मंगल ग्रह का यह टुकड़ा नवंबर 2023 में नाइजर में मिला था।




## विशेषज्ञों की चेतावनी: बांग्लादेश में डेंगू संकट गहराया...

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक देशव्यापी संकट बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे अपर्याप्त हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्दी और सही तरीके से कदम नहीं उठाए गए, तो यह डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है। बांग्लादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, रविवार सुबह तक (24 घंटों में) डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल में डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या अब 56 हो गई है। साथ ही, 420 और लोग वायरल बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है।



## इजरायल और हमास जंग में मरने वाले 58 हजार के पार

**नई दिल्ली ।** इजरायल और हमास के बीच जंग में गाजा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गाजा के कई इलाकों में इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को ना तो खाना मिल पा रहा है और ना ही पानी। इतनी तबाही के बाद भी गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के कहना है कि इजरायल और हमास के बीच 21 महीने से जारी युद्ध में अब तक 58 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। घायलों की संख्या एक लाख का पार है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जंग के दौरान कई शव इमारतों के मलबे में दबे हो सकते हैं। इस बीच गाजा में इजरायल की ओर से किए गए ताजा हमलों में छह बच्चों सहित कम से कम 32 लोग मारे गए हैं। इजरायल का कहना है कि वह युद्ध तभी समाप्त करेगा, जब हमास आत्मसमर्पण करेगा, हथियार डाल देगा और निर्वासन में चला जाएगा। हालांकि, हमास ऐसा करने से इनकार करता है। हमास का कहना है कि वह युद्ध समाप्त करने और इजरायली सेना की पूरी तरह वापसी के बदले में शेष 50 बंधकों को रिहा करने को तैयार है।

## तलाक के बाद असम के माणिक अली ने दूध से नहाकर मनाया अपनी 'नई जिंदगी' का जश्न

**दिसपुर ।** असम के नलबाड़ी जिले के माणिक अली का एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने तलाक का जश्न बिल्कुल अलग अंदाज में मनाते दिख रहे हैं। माणिक ने तलाक होने के बाद 'आजादी दिवस' मनाया और अपनी खुशी जाहिर करने के लिए दूध से स्नान किया। उनका यह अनोखा जश्न देखकर सोशल मीडिया यूजर्स हैरान रह गए हैं और इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। वायरल वीडियो में माणिक अली अपने घर के बाहर खड़े हैं और उनके पास दूध से भरी चार बाल्टियां रखी हुई हैं। वह एक-एक करके बाल्टियों का दूध अपने ऊपर उड़ेलते हैं और मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'आज मैं आजाद हो गया हूं।' कुछ लोग जहां उनके तलाक की पूरी कहानी जानने को उत्सुक हैं, वहीं कुछ यूजर्स उनकी इस खुशी में शरीक होते दिख रहे हैं। वीडियो में माणिक अली ने खुद ही इस अनोखे अनुष्ठान के पीछे का कारण बताया। उन्होंने अपनी पूर्व पत्नी का जिक्र करते हुए कहा, 'वह अपने प्रेमी के साथ भागती रही।

# गलवान विवाद के बाद संवाद की शुरुआत एस जयशंकर ने दिखाया भरोसा

### एससीओ बैठकों में आतंकवाद पर भारत का रुख

**नई दिल्ली । एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के महासचिव नूरलान येरमेकबायेव से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने संगठन की भूमिका, महत्व और इसके कामकाज को आधुनिक बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। जयशंकर सिंगापुर की अपनी यात्रा के बाद चीन पहुँचे, जो पाँच वर्षों में उनकी पहली बीजिंग यात्रा है। इस यात्रा के दौरान, उनका तियानजिन में एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद (सीएफएम) की बैठक में भाग लेने और कई द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज बीजिंग में एससीओ महासचिव नूरलान येरमेकबायेव से मिलकर खुशी हुई। एससीओ के योगदान और महत्व के साथ-साथ इसके कामकाज को आधुनिक बनाने के प्रयासों पर चर्चा हुई।

**तियानजिन में आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन :** एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक इस वर्ष के अंत में तियानजिन में होने वाली है। भारत 2023 में एससीओ की अध्यक्षता करेगा, जबकि पाकिस्तान 2024 में नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) एक स्थायी अंतर-सरकारी निकाय है जिसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं।



जयशंकर की यह यात्रा जून में एससीओ बैठकों के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन यात्रा के बाद हो रही है। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान, भारत ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया क्योंकि उसमें पहलगाम आतंकवादी हमले का कोई उल्लेख नहीं था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की वकालत की थी, लेकिन एक सदस्य, कथित तौर पर पाकिस्तान, ने इसे शामिल करने का विरोध किया। इससे पहले, विदेश मंत्री ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी की। जयशंकर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत और चीन के बीच संबंधों के निरंतर सामान्यीकरण से "पारस्परिक रूप से लाभकारी" परिणाम प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने दो घनी आबादी वाले पड़ोसियों और प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच, विशेष रूप से बेहद जटिल अंतर्राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए, खुले संवाद और विचारों के स्पष्ट आदान-प्रदान के महत्वपूर्ण महत्व पर ज़ोर दिया।

## पीलीभीत में बाघ के हमले में किसान की मौत

**पीलीभीत ।** में सोमवार सुबह बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गयी। वन विभाग के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है। वन विभाग के अधिकारी के मुताबिक सोमवार सुबह जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र के बड़ी फुलहर गांव में बाघ ने एक किसान दयाराम (39) पर हमला कर दिया। दयाराम सुबह अपने घर के सामने खेत में गन्ने की फसल देखने गया था, जहां पहले से बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया और गन्ने के खेत में 20 मीटर अंदर तक घसीट ले गया। उसकी चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग पहुंचे तब तक दयाराम की मौत हो चुकी थी।

## स्वर्ण मंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी, एसजीपीसी टास्क फोर्स हाई अलर्ट पर

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी ईमेल के जरिए आई। इसके बाद गोल्डन टेंपल के अंदर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टास्क फोर्स और बाहर पुलिस तैनात की गई है। एसजीपीसी के मेंबर कुलवंत सिंह मनन ने बताया कि ईमेल में गोल्डन टेंपल को सोमवार को मेल आई। इसमें आरडीएक्स से उड़ाने की बात लिखी थी। उसमें समय भी लिखा था और सतर्क रहने को कहा गया है। ऐसा लगा रहा है जैसे डर का माहौल पैदा करने के लिए ऐसा किया गया है। मनन ने बताया कि धमकी के बाद गोल्डन टेंपल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। टास्क फोर्स को स्पेशल हिदायत दी गई है कि संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोक जा सके। ईमेल किसने और कहां से भेजा है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नर और थाना ई डिवीजन में शिकायत दी गई है।



**सेना ने कहा था- पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को निशाना बनाया :** 7 मई को भारत की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के कुछ दिन बाद भारतीय सेना ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को उड़ाने के लिए मिसाइल दागी थी, लेकिन भारतीय वायुसेना की सतर्कता ने उसे रास्ते में ही नष्ट कर

# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को 1000 किलो आम भेजे, यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी

### ममता को भी हरिभंगा आम गिफ्ट किए

**नई दिल्ली । एजेंसी**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।




## सुबह को मीठी बातें और शाम को बम बरसा देते हैं पुतिन : डोनाल्ड ट्रंप

### यूक्रेन को 'देशभक्त' देने का ट्रंप ने कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली । एजेंसी**

जिस तीसरे विश्व युद्ध से बचने की पूरी दुनिया ने कोशिश की क्या वो रूस यूक्रेन जंग से शुरू हो चुका है। ये सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि ट्रंप जिस जंग तो चुटकियों में खत्म कराने का दावा कर रहे थे। वो अब पुतिन को धमकाते हुए कह रहे हैं कि अमेरिका और नाटो देश मिलकर कुछ बड़ा करने वाले हैं। पुतिन के पास 48 घंटे हैं जिसमें वो तय कर लें कि वो लंबी और खूनी जंग करना चाहते हैंया फिर यूक्रेन के साथ युद्धविराम। रूस से जंग के लिए एस्टोनिया में जबरदस्त तैयारी चल रही है। जबकि पोलैंड, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन रूस के खिलाफ खुलकर जंग का ऐलान करने लगे हैं। फ्रांस ने डंके की चोट पर कह दिया है कि किसी भी कीमत पर यूक्रेन को हारते हुए नहीं देख सकते हैं, जबकि रूस ने ऐलान कर दिया है कि जब तक यूक्रेन में रूस का स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन पूरा नहीं हो जाता तब तक रूस जंग नहीं रोकेगा। चीन ने भी ऐलान कर दिया है कि हम हारते हुए रूस को नहीं देख सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के खिलाफ हालिया आक्रामकता के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भ्रामक रणनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि वाशिंगटन अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली कीव भेजेगा। ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ इसकी लागत को व्यापक रूप से वहन करेगा। वहीं, मैरीलैंड के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज़ में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन को सैन्य सहायता देने पर चल रही चर्चा के तहत वह नाटो महासचिव मार्क रूट से मुलाकात करेंगे।



**उदयपुर फाइल्स** निर्माता के खिलाफ कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज की गई थीं

# कन्हैया लाल ट्रेलर मर्डर के निर्माता को सुप्रिम कोर्ट से राहत

### याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई




सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ 'उदयपुर फाइल्स' के निर्माता की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को "एक-दो दिन में" उस अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें राजस्थान के शहर में कथित इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए गए अपराध पर आधारित फिल्म "उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड" की रिलीज़ पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। फिल्म के निर्माताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की। हाईकोर्ट का आदेश 11 जुलाई को निर्धारित रिलीज़ से एक दिन पहले 10 जुलाई को आया।

**कहानी फिल्म जगत की**

*सुप्रीम कोर्ट सोमवार को "एक-दो दिन में" उस अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें राजस्थान के शहर में कथित इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए गए अपराध पर आधारित फिल्म "उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड" की रिलीज़ पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।*

## भारतीयों के घर में है 25,000 टन सोना जिसका अनुमानित मूल्य है 2.5 लाख करोड़ रु.

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अपने यहां शादी, बच्चा पैदा होने, गृह प्रवेश, शादी जैसे शुभ मौके पर परिवार के बड़ों व रिश्तेदारों सोने का सिक्का या कुछ गहने देने की परम्परा रही है। सक्षम व सम्पन्न लोग आज भी ऐसा करते हैं। सत्ताधारी नेताओं, बड़े अफसरों को बड़े ठेकेदार व धंधेबाज लोग भी ये गिफ्ट देते रहे हैं। अब तो ट्रेंड कुछ बदलने लगा है। जैसे कि नेताओं व अफसरों के बच्चों को उद्योगपति लोग विदेश में पढ़ाई का खर्च दे देते हैं। सब कुछ भुगतान विदेश में ही वहीं के करेंसी में हो जाता है।लेकिन इससे सोना देने वाला तरीका खत्म नहीं हुआ है। अब बिटक्वाइन व महँगी धातु भी इसकी जगह लेने लगे हैं। फिर भी सोना का चलन अभी जारी है। क्योंकि सोना अन्य एसेट की तरह एक संपत्ति भी है। भारत में तो सोना केवल धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो माता- पिता, दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देते हैं। माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा व भावनाओं का भी प्रतीक है।इसी सब के चलते भारतीय परिवारों के पास 25,000 टन सोना है। लेकिन इससे आगे बढ़ें तो यह भी याद रखना चाहिए कि सोना दुनिया भर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है।तो क्या सोने का भाव बढ़ने पर बेच देना चाहिए और दाम कम होने पर सस्ते में खरीद लेना चाहिए। । वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय परिवारों व संस्थानों के पास कुल मिलाकर लगभग 25,000 टन फिजिकल सोना मौजूद है। जिसका अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये है। जबकि डिजिटल सोने की अनुमानित कीमत 4,000 करोड़ रुपये है। इसका मतलब है कि हमारे घरों में दुनिया की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के आधिकारिक स्वर्ण भंडार से भी ज्यादा सोना मौजूद है।सोना स्थिरता की निशानी है। जब सब कुछ डगमगाता है, तब सोना अडिग रहता है। बाजार की उथल पुथल, महामारी, युद्ध या महंगाई के दौरान यह सबसे विश्वसनीय वित्तीय ढाल की तरह काम करता है। इसी कारण कई वित्तीय सलाहकार आपके कुल पोर्टफोलियो का 15 से 25 %सोने में निवेश करने की सलाह देते है। हालांकि, यह हिस्सेदारी आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, निवेश अवधि और समग्र संपत्ति मिश्रण पर निर्भर करती है। यह निवेश सीमा आपके पोर्टफोलियो को इक्विटी व अन्य संपत्तियों से वृद्धि की संभावना के साथ सोने से मिलने वाली स्थिरता व सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।

2015 में सोने की कीमत लगभग 26,343 रुपये प्रति 10 ग्राम थी और अप्रैल, 2025 तक यह लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गईं। इस प्रकार, सोने ने 10 वर्षों में लगभग 280 % रिटर्न दिया है। यह बाजार के अन्य निवेश विकल्पों से कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन है। दुनियाभर में चल रहे उथल-पुथल के चलते आने वाले साल में सोने में 20-30 % और तेजी का अनुमान है। इस तेजी के बीच लोगों के मन में सोना बेचने का विचार आता है। हालांकि, सोने को बेचना आपकी वित्तीय जरूरतों पर निर्भर करता है। लेकिन, सही कीमत पाने के लिए आपको जेवर को हॉलमार्क कराना होगा। यह ठीक है कि सोना मात्र धातु नहीं, भावनाओं का खजाना है। सोने की चेन आपकी शादी व आपके मां या सास द्वारा दिये गये उपहार की याद ताज़ा कर सकती है। आपकी तिजोरी में जो सोने का सिक्का रखा है, वह आपके पिता या ससुर द्वारा आपको बच्चे के पैदा होने की याद दिला सकता है। इस कारण से सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन यह भी जान लें सोना एक संपत्ति भी है ,तो शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। यदि आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो भाव बढ़ने पर शेयर बेच देते हैं। लेकिन, सोना बेचना नहीं चाहते। ऐसे में आप गोल्ड लोन ले सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास डिजिटल सोना है, तो आप इसे गोल्ड एफडी स्कीम में डालकर सालाना 2.5 %ब्याज कमा सकते हैं। सोना खरीदने के लिए आमतौर पर हम सुनार के पास जाते हैं। लेकिन, गहनों के साथ मेकिंग चार्ज जुड़े होते हैं, ऐसे में निवेश के लिए गहने खरीदने की सलाह नहीं दी जाती।अब तो डिजिटल दौर में हमारे पास सोने में निवेश के कुछ खास विकल्प भी हैं। आप डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। आप 100 रुपये जितनी कम राशि से भी सोना खरीद सकते हैं। यह डिजिटल सोना भरोसेमंद तिजोरी में सुरक्षित रूप से रखा जाता है। गोल्ड में निवेश का एक जरिया गोल्ड ईटीएफ व म्यूचुअल फंड भी है। यदि आप किसी मजबूरी में अपने ज़ेवर व सोना बेचते हैं तो ध्यान रखें -अपने गहने या सोना को सोने की शुद्धता के लिए हॉलमार्क करा लें, ताकि आपको सही कीमत मिल सके । जौहरी कई बार कैश के बजाय चेक या डिजिटल पेमेंट करते हैं। यह होने पर आपको भुगतान के लिए केवाईसी जमा करनी पड़ सकती है । सोने के गहने का मूल्य उसके बनाने का खर्च व नगों की कीमत को मिलाकर हो सकता है। ऐसे में वास्तविक कीमत में अंतर हो सकता है।



**दाम गिरने पर खरीदना तभी ठीक है जब धैर्य हो**

- अगर गिरावट अस्थायी है और निवेश में दम है, तो यह अवसर बन सकता है।
- लंबी अवधि में सही निवेश अच्छा रिटर्न देता है।



# न्यूज बॉक्स

## ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का शीघ्र निर्माण कराए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों के शीघ्र निर्माण कराने की बात कही है। इसे लेकर उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बाबूलाल ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों, विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो सके। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा है कि जब झारखंड का गठन हुआ था, उस समय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुल-पुलिया की भारी कमी के कारण आवागमन बेहद कठिन था। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने प्राथमिकता के साथ सैकड़ों पुल-पुलियों का निर्माण कराया, जिससे पहली बार इन क्षेत्रों तक वाहन पहुंच पाए। लेकिन, आज भी रांची के सिल्ली और चतरा के हंटरगंज जैसे कई इलाकों में नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण आज भी बांस की अस्थायी पुलिया से नदी पार करने को मजबूर हैं। मरीजों को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है, लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं।

## प्रशांत विद्यार्थी बने झारखंड अधिवक्ता परिषद के नए अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड अधिवक्ता परिषद के रानी सती मंदिर परिसर में हुए प्रांत स्तरीय दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन सोमवार को संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत विद्यार्थी (रांची) को झारखंड अधिवक्ता परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में दो बार महामंत्री पद पर कार्य कर चुके हैं। वहीं विजय नाथ कुंवर (बोकारो) को पुनः महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, जबकि सुनील कुमार (रांची) को पहली बार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा को संगठन आयाम का क्षेत्रीय प्रमुख बनाया गया है। यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख रीतेश कुमार बॉबी, अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री और झारखंड-बिहार प्रभारी चरण सिंह त्यागी एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में केंद्रीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नए प्रमुखों की नियुक्ति की गई है। इस नई कार्यकारिणी की घोषणा पर झारखंड राज्य के अनेक वरिष्ठ और कनीय अधिवक्ताओं, केंद्र और राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## शराब घोटाला मामले में नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से एसीबी ने की पूछताछ



**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झारखंड शराब घोटाला मामले के आरोपित ऑटोमोबाइल कारोबारी और नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह से सोमवार को पूछताछ की। एजेंसी ने उन्हें पूर्व में समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया था। सोमवार को विनय सिंह अपने अधिवक्ता के साथ एसीबी मुख्यालय पहुंचे जहां एसीबी ने उनसे पूछताछ शुरू की। एसीबी ने विनय सिंह से यह पूछा कि वह आईएएस अधिकारी विनय चौबे को कैसे और कब से जानते हैं। इसके जवाब में उन्होंने बताया कि वह विनय चौबे को कई वर्षों से जानते हैं और विनय चौबे उनके करीबी मित्र हैं। इसके बाद एसीबी ने यह जानकारी मांगी कि नेक्सजेन कंपनी में महत्वपूर्ण पदों पर कौन-कौन कार्यरत हैं। वहीं एसीबी ने विनय सिंह से पूछताछ के दौरान यह भी जानकारी मांगी कि आईएएस विनय चौबे की पत्नी कब से नेक्सजेन से जुड़ी हैं और उन्हें क्या पद दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एसीबी झारखंड शराब घोटाला की जांच कर रही है। इस केस में अब तक आईएएस विनय चौबे समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी केस में विनय सिंह भी आरोपित हैं लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है।

## पृष्ठ एक के शेष

**ई-ऑफिस सिस्टम सौ फीसदी...**

उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सर्वप्रथम सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करें। ऐसा नहीं हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आए। मुख्य सचिव ई-ऑफिस लाइट के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को उसकी प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

**चार विभागों में ई-ऑफिस शुरू :** राज्य सरकार के चार विभाग कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग में ई-ऑफिस सिस्टम की प्रक्रिया शुरू है। इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अन्य विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं। इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है। मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

**वाहन की चपेट में आए ग्रामीण की दर्दनाक मौत...**

घटना की सूचना मिलते ही रंका थाना के सब इंस्पेक्टर राजेश वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जबकि घायल महिला को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। इस हृदय विदारक हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया, जिन्होंने दुर्घटनास्थल पर कुछ समय के लिए सड़क भी जाम कर दी थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना को अंजाम देने वाले वाहन और चालक को शीघ्र चिन्हित कर उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में गति नियंत्रण के लिए ठोस उपाय करने की भी मांग की गई है। यह दुर्घटना एक बार फिर से सवाल खड़ा करती है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी और सख्त यातायात नियमों के अभाव में आम नागरिकों की जान जोखिम में है।

**सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों से फैसले लंबित रखने पर झारखंड हाईकोर्ट...**

लंबित रखा गया है। शीर्ष अदालत में याचिका दायर करने वाले 10 लोगों में छह को निचली अदालत में मौत और चार अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इनमें से नौ लोग रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं, जबकि एक सजा प्राप्त व्यक्ति हाल में जमानत मिलने के बाद दुमका जेल से बाहर आया है। इनकी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने नोट किया कि झारखंड हाईकोर्ट में सभी 10 लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद लंबे समय से फैसला सुरक्षित रखने वाले न्यायाधीश एक ही हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश करते हुए अधिवक्ता फौजिया शकील ने कहा कि सुनवाई पूरी होने के बाद फैसले को वर्षों तक लंबित रखना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों को दिए गए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। संविधान की इस व्यवस्था के अनुसार, 'त्वरित न्याय' पाना भी नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने अपनी दलील में फैसला सुनाने में विलंब की वजह से होने वाली मानसिक पीड़ा और मौत की सजा के निष्पादन में देरी से उत्पन्न तनाव का भी जिक्र किया। याचिका में एचपीए इंटरनेशनल बनाम भगवानदास केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें लंबे समय तक निर्णय सुरक्षित रखने की प्रथा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में झारखंड हाईकोर्ट नियमावली (2001) का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि दलीलें पूरी होने के 6 सप्ताह के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

## रिम्स 2 के लिए साफ सुथरी जमीन, सरकार की अपनी जमीन पूर्व में ही चयनित की जा चुकी है

**रांची/मांडर।** मांडर प्रखंड के ब्राम्बे स्थित प्रोफेसर आरिफ हसन के द्वारा बताया गया कि ब्राम्बे मौजा में लेप्रोसी हॉस्पीटल के नाम से चर्चित एक अस्पताल है, जिसमें वर्तमान में जेनरल चर्म रोग हॉस्पीटल चलता है, लेकिन वो किसी काम का नहीं है, समय के साथ सैकड़ों बेड का यह अस्पताल आज बदहाल पड़ा हुआ है। दस पंद्रह साल पहले सरकार के द्वारा यहां रिम्स 2 बनाने का प्रस्ताव लाया गया था, इसके लिए यहां प्रयाप्त जमीन करीब 108 एकड़ भूमि मौजूद हैं। इस मौके पर समाजसेवी और मांडर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष शमसुल शेख द्वारा कहा गया कि राजधानी के बीस किलोमीटर दूर एन एच रोड में सरकार का सैकड़ों एकड़ जमीन बोंडरी करके छोड़ा हुआ है और सरकार रिम्स 2 के लिए जमीन तलाश रही है, पूर्व शिक्षा मंत्री बन्धु तिर्की जी का भी इच्छा है कि रिम्स 2 का निर्माण यही होना चाहिए।


### प्रपत्र VI 'क'
### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
### या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 755/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गेरूआ, थाना नं0–386, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **मेराल–बाना–अम्बाखोरिया पथ (MDR-149) चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गेरूआ, थाना नं0–386, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–7.751 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.017 | रामलाल भुईयां वगै0 पिता–स्व0 त्रिवेणी भुईयां | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 2 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.010 | भर्कुल भुईयां वगै0 पिता–स्व0 रामाधार भुईयां | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 3 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.019 | गणेश भुईयां वगै0 पिता–स्व0 अमोला भुईयां | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 4 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.03 | रामाधार ठाकुर पिता–स्व0 मुसन ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 5 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.015 | उषा कुंवर पति स्व0 प्रेमन ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 6 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.0082 | सुनिल ठाकुर पिता–लरंगु ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 7 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.0082 | रामगति ठाकुर पिता–स्व0 भगत ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 8 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.015 | लक्ष्मी ठाकुर पिता–स्व0 विशुनदेव ठाकुर एवं हरि चौधारी पिता टुनू चौधरी | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 9 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.0165 | कृष्णा ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 भगन ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 10 | 1 | 377 | गै0मा0 | – | 0.25710 | कृष्णा ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 भगन ठाकुर वो राजदेव ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 फगुनी ठाकुर वो रामाधार ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 मुसन ठाकुर | उ0–300 द0–379 पू0–बैलाझखरा प0–378 |
| 11 | 6 | 378 | रैयती | – | 0.080 | रामाधार ठाकुर पिता–स्व0 मुसन ठाकुर वो कृष्णा ठाकुर पिता–स्व0 भगन ठाकुर वो राजदेव ठाकुर वगै0 पिता–स्व0 फागु ठाकुर | उ0–300 द0–377 पू0–377 प0–317 |
| 12 | 6 | 378 | रैयती | – | 0.020 | मोती राम वगै0 पिता स्व0 गनौरी राम | उ0–311 द0–377 पू0–377 प0–317 |
| 13 | 54 | 317 | रैयती | – | 0.064 | बिगन सिंह पिता–स्व0 हिरा सिंह | उ0–315 द0–376 पू0–378 प0–316 |
| 14 | 54 | 316 | रैयती | – | 0.0320 | तदैव | उ0–315 द0–317 पू0–315 प0–319 |
| 15 | 1 | 318 | गै0मा0 | – | 0.287 | सुरेश सिंह वगै0 पिता–स्व0 भुखन सिंह वो रामानन्दन सिंह वगै0 पिता–स्व0 रामअवतार सिंह | उ0–351 द0–374 पू0–319 प0–357 |
| 16 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.005 | ओमप्रकाश विश्वकर्मा पिता–गिरवर विश्वकर्मा | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 17 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.002 | राधेश्याम विश्वकर्मा पिता–भिखु विश्वकर्मा | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 18 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.005 | दुलारी देवी पति–रामलाल चौधरी | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 19 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.010 | तारा देवी पति–भिखु विश्वकर्मा | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 20 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.014 | मुरती देवी पति–नन्हक विश्वकर्मा | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 21 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.013 | रघुराम वैग0 पिता–भुखम चमार वो भागमनी देवी पति–स्व0 सोती राम | उ0–356 द0–318 पू0–318 प0–358 |
| 22 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.012 | हरि चौधरी पिता टुनू चौधरी वगै0 | |
| 23 | 18 | 357 | रैयती | – | 0.005 | महेन्द्र चौधरी पिता टुनू चौधरी | |
| 24 | 1 | 358 | गै0मा0 | – | 0.024 | कृष्णा सिंह वगै0 पिता–स्व0 तपेश्वर सिंह | उ0–356 द0–359 पू0–357 प0–360 |
| 25 | 1 | 360 | गै0मा0 | – | 0.134 | शिवपुजन यादव पिता–स्व0 घुरन यादव वो रामनाथ यादव वगै0 पिता–स्व0 नेतन यादव | उ0–356 द0–372 पू0–358 प0–362 |
| 26 | 34 | 362 | रैयती | – | 0.010 | रामबदन राम वगै0 पिता–स्व0 गणेश राम | उ0–230 द0–361 पू0–356 प0–363 |
| 27 | 34 | 362 | रैयती | – | 0.010 | राजेन्द्र राम वगै0 पिता–स्व0 भगन राम | उ0–230 द0–361 पू0–356 प0–363 |
| 28 | 34 | 362 | रैयती | – | 0.005 | शिवनाथ राम वगै0 पिता–द्वारीका राम | उ0–230 द0–361 पू0–356 प0–363 |
| 29 | 34 | 362 | रैयती | – | 0.007 | शिवपुजन यादव पिता–घुटन यादव | उ0–230 द0–361 पू0–356 प0–363 |
| 30 | 34 | 362 | रैयती | – | 0.064 | बेचु राम पिता–स्व0 दादन राम | उ0–230 द0–361 पू0–356 प0–363 |
| 31 | 12 | 229 | रैयती | – | 0.0116 | बचु चौधरी पिता–स्व0 बंशी चौधरी वो सुकु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 भिखम चौधरी वो पवन कुमार पिता–स्व0 महेन्द्र प्रसाद | उ0–230 द0–695 पू0–230 प0–228 |
| 32 | 60 | 226 | रैयती | – | 0.116 | रामसरिख विश्वकर्मा पिता–स्व0 बेलास विश्वकर्मा | उ0–रास्ता द0–228 पू0–230 प0–225 |
| 33 | 60 | 226 | रैयती | – | 0.020 | तजबुन बीबी पति–कमालु शेख | उ0–रास्ता द0–228 पू0–230 प0–225 |
| 34 | 60 | 226 | रैयती | – | 0.010 | महेश्वरी विश्वकर्मा पिता–स्व0 जदु विश्वकर्मा | उ0–रास्ता द0–228 पू0–230 प0–225 |
| 35 | 10 | 225 | रैयती | – | 0.113 | तदैव | उ0–रास्ता द0–224 पू0–226 प0–224 |
| 36 | 60 | 224 | रैयती | – | 0.010 | तदैव | उ0–रास्ता द0–223 पू0–225 प0–221 |
| 37 | 60 | 221 | रैयती | – | 0.097 | रामसरीख विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 बेलाश विश्वकर्मा वो महेश्वरी विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 जदु विश्वकर्मा | उ0–रास्ता द0–223 पू0–रास्ता प0–210 |
| 38 | 60 | 211 | रैयती | – | 0.046 | रामसरीख विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 बेलाश विश्वकर्मा वो महेश्वरी विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 जदु विश्वकर्मा | उ0–रास्ता द0–210 पू0–रास्ता प0–210 |
| 39 | 29 | 311 | रैयती | – | 0.061 | लक्ष्मण राम वगै0 पिता–स्व0 रामदास राम वो मोती राम वगै0 पिता स्व0 गनौरी राम वो अशर्फी राम वगै0 पिता–स्व0 नन्हकु राम वो विदेशी राम वगै0 पिता–स्व0 विन्देश्वरी राम | उ0–377 द0–378 पू0–377 प0–215 |
| 40 | 44 | 312 | रैयती | – | 0.058 | चुल्हन सिंह वगै0 पिता–स्व0 बेलास सिंह | उ0–310 द0–315 पू0–315 प0–314 |
| 41 | 53 | 319 | रैयती | – | 0.139 | हरिदयाल सिंह वगै0 पिता–स्व0 रामाधार सिंह वो अनुप सिंह वगै0 पिता–स्व0 बालमुकुन्द सिंह | उ0–347 द0–315 पू0–315 प0–315 |
| 42 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.025 | महेन्द्र प्रसाद वगै0 पिता–स्व0 रामकिशुन साह | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 43 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.002 | फुलचन्द विश्वकर्मा पिता–रघुनन्दन विश्वकर्मा | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 44 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.034 | विजय ठाकुर वगै0 पिता–रामाधार ठाकुर | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 45 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.012 | पवन कुमार श्रीवास्तव वगै0 पिता–महेन्द्र प्रसाद | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 46 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.024 | ठेघन चौधरी पिता–वासुदेव चौधरी | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 47 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.0027 | रामजन्म विश्वकर्मा पिता–स्व0 जंगी विश्वकर्मा | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 48 | 56 | 355 | रैयती | – | 0.0343 | लालमुनी चौधारी पिता–स्व0 बेलास चौधरी | उ0–353 द0–356 पू0–351 प0–356 |
| 49 | 1 | 230 | गै0मा0 | – | 0.025 | पोखन चौधरी पिता–प्रमेश्वर चौधरी | उ0–231 द0–229 पू0–694 प0–226 |
| 50 | 1 | 230 | गै0मा0 | – | 0.040 | लखन चौधरी पिता–स्व0 प्रमेश्वर चौधरी | उ0–231 द0–229 पू0–694 प0–226 |
| 51 | 1 | 230 | गै0मा0 | – | 0.112 | जोखन चौधरी पिता–स्व0 प्रमेश्वर चौधरी | उ0–231 द0–229 पू0–694 प0–226 |
| 52 | 1 | 230 | गै0मा0 | – | 0.009 | सुरेन्द्र चौधरी पिता–स्व0 घुरबिगन चौधरी | उ0–231 द0–229 पू0–694 प0–226 |
| 53 | 1 | 230 | गै0मा0 | – | 0.035 | सुकन चौधरी पिता–वासुदेव चौधरी वो जैतरी चौधरी पिता–सुखाड़ी चौधरी | उ0–231 द0–229 पू0–694 प0–226 |
| 54 | 14 | 219 | रैयती | – | 0.042 | रामनाथ चौधरी पिता–स्व0 धनेश चौधरी वो ठेघन चौधरी पिता–स्व0 वासुदेव चौधरी | उ0–217 द0–रास्ता पू0–218 प0–213 |
| 55 | 14 | 219 | रैयती | – | 0.031 | विश्वनाथ चौधरी वगै0 पिता–वासुदेव चौधरी | उ0–217 द0–रास्ता पू0–218 प0–213 |
| 56 | 38 | 213 | रैयती | – | 0.056 | मिठु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 नान्हु चौधरी | उ0–210 द0–रास्ता पू0–219 प0–रास्ता |
| 57 | 60 | 212 | रैयती | – | 0.057 | रामसरीख विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 बेलाश विश्वकर्मा वो महेश्वरी विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 जदु विश्वकर्मा | उ0–210 द0–रास्ता पू0–213 प0–210 |
| 58 | 1 | 210 | गै0मा0 | – | 0.261 | रामसरीख विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 बेलाश विश्वकर्मा वो महेश्वरी विश्वकर्मा वगै0 पिता–स्व0 जदु विश्वकर्मा वो शिव विश्वकर्मा पिता–स्व0 केश्वर विश्वकर्मा | उ0–207 द0–देवगाना पू0–211 प0–देवगाना |
| 59 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.006 | विस्मबर चौधरी पिता–स्व0 रामधारी चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 60 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.008 | कुलदीप चौधरी पिता–बैजनाथ चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 61 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.008 | बैजनाथ चौधरी वगै0 पिता–स्व0 महेश चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 62 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.015 | सुग्रीम चौधरी पिता–स्व0 लालचन चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 63 | 3 | 209 | रैयती | – | 0.010 | रामधारी चौधरी पिता–स्व0 लालचन्द चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 64 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.050 | लल्लु चौधरी पिता–स्व0 जगदेव चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 65 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.006 | लल्लु चौधरी पिता–स्व0 जगदेव चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 66 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.014 | नागेश्वर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 धनु चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 67 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.014 | मुनी चौधरी पिता–स्व0 ठेगन चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 68 | 38 | 209 | रैयती | – | 0.043 | झरी चौधरी पिता–स्व0 टुनु चौधरी | उ0–203 द0–देवगाना पू0–209 प0–देवगाना |
| 69 | 33 | 203 | रैयती | – | 0.053 | रामनाथ चौधरी वगै0 पिता–स्व0 धनेश्वर चौधरी वो जंगी चौधरी पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो ठेगन चौधरी वगै0 पिता–स्व0 वासुदेव चौधरी वो बैजनाथ चौधरी पिता–स्व0 महेश चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–209 प0–145 |
| 70 | 33 | 203 | रैयती | – | 0.067 | महावीर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 जगेश्वर चौधरी वो जगदीश चौधरी पिता–स्व0 रघुनी चौधरी वो प्रसाद चौधरी वगै0 पिता–स्व0 धनु चौधरी वो विगन चौधरी पिता– स्व0 मल्लु चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–209 प0–145 |
| 71 | 1 | 145 | गै0मा0 | – | 0.017 | रामनाथ चौधरी वगै0 पिता–स्व0 धनेश्वर चौधरी वो जंगी चौधरी पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो ठेगन चौधरी वगै0 पिता–स्व0 वासुदेव चौधरी वो बैजनाथ चौधरी पिता–स्व0 महेश चौधरी | उ0–83 द0–देवगाना पू0–203 प0–139 |
| 72 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.067 | केश्वर प्रजापति वगै0 पिता–स्व0 रिझन चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 73 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.026 | महेन्द्र चौधरी वगै0 पिता–स्व0 विदेशी चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 74 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.015 | सुरेन्द्र चौधरी वगै0 पिता–स्व0 घुरबिगन चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 75 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.068 | हिरालाल चौधरी पिता–स्व0 विश्वनाथ चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 76 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.047 | केश्वर प्रजापति वगै0 पिता–स्व0 रिझन चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 77 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.014 | सुरेन्द्र चौधरी पिता–स्व0 घुरबिगन चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 78 | 19 | 139 | रैयती | – | 0.046 | ठेघन चौधरी पिता–वासुदेव चौधरी | उ0–145 द0–देवगाना पू0–145 प0–138 |
| 79 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.005 | हिरालाल चौधरी पिता–स्व0 विश्वनाथ चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 80 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.017 | अयोध्या चौधारी वगै0 पिता–स्व0 गणेश चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 81 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.024 | कृष्णा चौधरी वगै0 पिता–स्व0 महेश चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 82 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.109 | गुलाब चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रकाश चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 83 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.047 | रामदास चौधरी पिता–स्व0 बेलास चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 84 | 19 | 140 | रैयती | – | 0.055 | गुलाब चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रकाश चौधरी | उ0–141 द0–139 पू0–141 प0–141 |
| 85 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.011 | गुलाब चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रकाश चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 86 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.025 | बुटन चौधरी पिता–मुनी चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 87 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.006 | अयोध्या चौधारी पिता–स्व0 गणेश चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 88 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.014 | मुनेश्वर चौधरी पिता–जमुना चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 89 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.014 | कृष्णा चौधरी पिता–स्व0 महेश चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 90 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.015 | बुटन चौधरी पिता–स्व0 मुनी चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 91 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.037 | मुरली चौधरी पिता–स्व0 प्रगास चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 92 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.020 | रामचन्द्र चौधरी पिता–स्व0 मुनी चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 93 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.138 | अमरूद्दीन अंसारी वगै0 पिता–अली हुसैन शेख वो मोहम्मद अब्बास अंसारी वगै0 पिता–जुलफान शेख वो ग्यासुद्दीन अंसारी पिता–स्व0 नेयाजुद्दीन शेख | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 94 | 1 | 141 | गै0मा0 | – | 0.226 | राम अशिष चौधरी वगै0 पिता–अयोध्या चौधरी वो मथुरा चौधरी पिता–स्व0 रामदेनी चौधरी वो भोला चौधरी पिता–स्व0 विरंची चौधरी | उ0–143 द0–140 पू0–145 प0–142 |
| 95 | 19 | 143 | रैयती | – | 0.018 | बुटन चौधरी पिता–मुनी चौधरी | उ0–141 द0–141 पू0–144 प0–142 |
| 96 | 19 | 143 | रैयती | – | 0.012 | जगदीश चौधरी पिता–स्व0 निर्धन चौधरी | उ0–141 द0–141 पू0–144 प0–142 |
| 97 | 19 | 143 | रैयती | – | 0.021 | अयोध्या चौधरी पिता–स्व0 गणेश चौधरी | उ0–141 द0–141 पू0–144 प0–142 |
| 98 | 19 | 142 | रैयती | – | 0.054 | रामचन्द्र चौधरी पिता–स्व0 मुनी चौधरी | उ0–141 द0–141 पू0–141 प0–141 |
| 99 | 1 | 84 | गै0मा0 | – | 0.050 | राम अशिष चौधरी वगै0 पिता–अयोध्या चौधरी वो मथुरा चौधरी पिता–स्व0 रामदेनी चौधरी वो भोला चौधरी पिता–स्व0 विरंची चौधरी | उ0–नदी द0–141 पू0–83 प0–134 |
| 100 | 1 | 84 | गै0मा0 | – | 0.055 | अमरूद्दीन अंसारी वगै0 पिता–अली हुसैन शेख वो मोहम्मद अब्बास अंसारी वगै0 पिता–जुलफान शेख वो ग्यासुद्दीन अंसारी पिता–स्व0 नेयाजुद्दीन शेख | उ0–नदी द0–141 पू0–83 प0–134 |
| 101 | 1 | 84 | गै0मा0 | – | 0.030 | सुकन चौधरी वगै0 पिता–नन्हकु चौधरी | उ0–नदी द0–141 पू0–83 प0–134 |
| 102 | 1 | 84 | गै0मा0 | – | 0.030 | भोला चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रसाद चौधरी | उ0–नदी द0–141 पू0–83 प0–134 |
| 103 | 1 | 84 | गै0मा0 | – | 0.171 | रजु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रघुनन्दन चौधरी | उ0–नदी द0–141 पू0–83 प0–134 |
| 104 | - | 134 | – | – | 0.077 | जवाहिर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 लच्चु चौधरी | उ0–85 द0–140 पू0–84 प0–133 |
| 105 | - | 134 | – | – | 0.070 | रजु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रघुनन्दन चौधरी वो भोला चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रसाद चौधरी | उ0–85 द0–140 पू0–84 प0–133 |
| 106 | - | 134 | – | – | 0.050 | रामलाल चौधरी वगै0 पिता–जंगी चौधरी वो राजेन्द्र चौधरी पिता–स्व0 कैलाश चौघरी वो जग्रनाथ चौधरी पिता स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–85 द0–140 पू0–84 प0–133 |
| 107 | - | 134 | – | – | 0.055 | जवाहिर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 लच्चु चौधरी | उ0–85 द0–141 पू0–84 प0–133 |
| 108 | - | 134 | – | – | 0.0850 | रजु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रघुनन्दन चौधरी वो भोला चौधरी वगै0 पिता–स्व0 प्रसाद चौधरी | उ0–85 द0–141 पू0–84 प0–133 |
| 109 | - | 134 | – | – | 0.189 | जवाहिर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 लच्चु चौधरी | उ0–85 द0–141 पू0–84 प0–133 |
| 110 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.110 | तदैव | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 111 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.105 | रामलाल चौधरी वगै0 पिता–जंगी चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 112 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.060 | अशोक चौधरी पिता–स्व0 लखन चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 113 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.225 | रामपृत चौधरी वगै0 पिता–लचु चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 114 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.010 | पक्की रास्ता | |
| 115 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.016 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 116 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.007 | मनोनीत रास्ता | |
| 117 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.110 | जदुनी चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रामकुंवर चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 118 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.035 | मुसन चौधरी पिता–स्व0 ललु चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 119 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.085 | बिगन चौधरी पिता–स्व0 महावीर चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 120 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.090 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी वो कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो पतु चौधरी वगै0 पिता–स्व0 सुखाड़ी चौधरी वो मानदेव चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रनु चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 121 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.060 | बिगन चौधरी पिता–स्व0 महावीर चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 122 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.025 | मुनेश्वर चौधरी पिता–जमुना चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 123 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.020 | रामजी चौधरी पिता–स्व0 लचु चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 124 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.304 | गोपाल चौधरी पिता–स्व0 रामपृत चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 125 | 1 | 85 | गै0मा0 | – | 0.035 | उर्मिला देवी पति बिगन चौधरी | उ0–नदी द0–134 पू0–84 प0–133 |
| 126 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.027 | रामजी चौधरी पिता–स्व0 लचु चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 127 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.066 | कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता–गणेश चौधरी वा पतु चौधरी पिता–स्व0 सुखाड़ी चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 128 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.027 | मानदेव चौधरी पिता–स्व0 रतु चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 129 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.127 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 130 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.069 | कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो पतु चौधरी पिता–स्व0 सुखाड़ी चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 131 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.020 | मुनेश्वर चौधरी पिता–लचु चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 132 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.027 | सोमारू चौधरी वगै0 पिता–स्व0 डोमन चौधरी वो जगदीश चौधरी वगै0 पिता–स्व0 कोमल चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 133 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.030 | लालजी चौधरी पिता–स्व0 रदुली चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 134 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.243 | कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो पतु चौधरी पिता–स्व0 सुखाड़ी चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 135 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.050 | मानदेव चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रनु चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 136 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.020 | कुम्हन चौधरी पिता–भरत चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 137 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.035 | रामपृत चौधरी वगै0 पिता–लचु चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 138 | 1 | 86 | गै0मा0 | – | 0.055 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–102 द0–85 पू0–नदी प0–699 |
| 139 | 1 | 102 | रैयती | – | 0.026 | मानदेव चौधरी वगै0 पिता–स्व0 रनु चौधरी | उ0–106 द0–86 पू0–नदी प0–106 |
| 140 | 32 | 102 | रैयती | – | 0.092 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–106 द0–86 पू0–नदी प0–106 |
| 141 | 32 | 102 | रैयती | – | 0.013 | मानदेव चौधरी पिता–स्व0 रनु चौधरी | उ0–106 द0–86 पू0–नदी प0–106 |
| 142 | 32 | 102 | रैयती | – | 0.020 | कुम्हन चौधरी पिता–भरत चौधरी | उ0–106 द0–86 पू0–नदी प0–106 |
| 143 | 32 | 102 | रैयती | – | 0.047 | दुबराज चौधरी वगै0 पिता–स्व0 बुधु चौधरी | उ0–106 द0–86 पू0–नदी प0–106 |
| 144 | 1 | 106 | गै0मा0 | – | 0.019 | प्रदीप चौधरी वगै0 पिता–नवरंगी चौधरी | उ0–103 द0–86 पू0–102 प0–100 |
| 145 | 1 | 106 | गै0मा0 | – | 0.027 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी | उ0–103 द0–86 पू0–102 प0–100 |
| 146 | 1 | 106 | गै0मा0 | – | 0.014 | विश्वनाथ चौधरी वगै0 पिता–बेलास चौधरी | उ0–103 द0–86 पू0–102 प0–100 |
| 147 | 1 | 106 | गै0मा0 | – | 0.048 | रामपृत चौधरी वगै0 पिता–लचु चौधरी | उ0–103 द0–86 पू0–102 प0–100 |
| 148 | 1 | 106 | गै0मा0 | – | 0.005 | चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी वो रामपृत चौधरी वगै0 पिता–स्व0 लचु चौधरी | उ0–103 द0–86 पू0–102 प0–100 |
| 149 | 32 | 92 | रैयती | – | 0.020 | कुम्हन चौधरी पिता–भरत चौधरी | उ0–106 द0–88 पू0–102 प0–91 |
| 150 | 32 | 92 | रैयती | – | 0.051 | रामपृत चौधरी वगै0 पिता लचु चौधरी | उ0–106 द0–88 पू0–102 प0–91 |
| 151 | 32 | 92 | रैयती | – | 0.016 | मुनेश्वर चौधरी पिता स्व0 लक्षु चौधरी | उ0–106 द0–88 पू0–102 प0–91 |
| 152 | 32 | 103 | रैयती | – | 0.012 | प्रदीप चौधरी वगै0 पिता–नवरंगी चौधरी | उ0–106 द0–106 पू0–106 प0–104 |
| 153 | 32 | 103 | रैयती | – | 0.127 | विश्वनाथ चौधरी वगै0 पिता–बेलास चौधरी वो चन्द्रमानी देवी पति–स्व0 जगदीश चौधरी वो कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता–स्व0 गणेश चौधरी वो पतु चौधरी पिता–स्व0 सुखाड़ी चौधरी वो मानदेव चौधरी पिता–स्व0 रनु चौधरी | उ0–106 द0–106 पू0–106 प0–104 |
| 154 | 32 | 103 | रैयती | – | 0.045 | रामपृत चौधरी वगै0 पिता–स्व0 लचु चौधरी | उ0–106 द0–106 पू0–106 प0–104 |
| 155 | 32 | 103 | रैयती | – | 0.016 | विश्वनाथ चौधरी वगै0 पिता–स्व0 बेलास चौधरी | उ0–106 द0–106 पू0–106 प0–104 |
| 156 | 32 | 699 | रैयती | – | 0.031 | मानदेव चौधरी पिता स्व0 रनु चौधरी | उ0–88 द0–86 पू0–86 प0–126 |
| 157 | 32 | 88 | रैयती | – | 0.023 | कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता स्व0 गणेश चौधरी वो पचू चौधरी पिता स्व0 सुखाड़ी चौधरी | उ0–92 द0–86 पू0–86 प0–125 |
| | | | | कुल :– | 7.751 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन,
जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा।

कानूनगो,
जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा।

अपर समाहर्त्ता, गढ़वा।

उपायुक्त, गढ़वा।

PR 357274 (Land Reforms)25-26*D

# फाइटर हेलीकॉप्टर और जवानों की पेंटिंग से सजी धोनी की पसंदीदा एसयूवी 'हमर'



**रांची।** रांची की सड़कों पर अगर आपको सेना के पराक्रम की झलक दिखाती कोई एसयूवी गरजती नजर आ जाए, तो समझ लीजिए, यह 'कैप्टन कूल' महेंद्र सिंह धोनी की पसंदीदा हमर एच-टू है। अमेरिकी ऑटोमोबाइल ब्रांड जनरल मोटर्स की इस दमदार एसयूवी को धोनी ने वर्ष 2009 में खरीदा था। 15 साल बाद अब उन्होंने इसे नया लुक देकर सेना के रंग में रंग दिया है। नई लुक वाली इस हमर के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। धोनी की हमर पर अब फाइटर हेलीकॉप्टर, टैंकर, प्लेन और मोर्चे पर अलर्ट खड़े भारतीय जवानों की पेंटिंग नजर आती है। इसे रांची स्थित एक कार डिटेलिंग स्टूडियो ने तैयार किया है। स्टूडियो के फाउंडर अच्युत किशोर ने बताया कि धोनी ने इस हमर को सेना की थीम पर डिजाइन करने का टास्क दिया था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर गाड़ी को नया अंदाज दिया गया है। धोनी का सेना से जुड़ाव हमेशा खास रहा है। 2011 में उन्हें टेरेटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई थी। उन्होंने पैरा फोर्सेस और पैराशूट जंपिंग का प्रशिक्षण भी लिया है।

**सेना** से जुड़ाव हमेशा खास रहा

**15 साल** बाद अब उन्होंने इसे नया लुक देकर सेना के रंग में रंग दिया है



# इंग्लैंड ने 22 रनों से जीता मैच

**सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त**

टीम इंडिया की पारी पांचवें दिन **170 रनों** पर ही सिमट गई

**राहुल** ने 58 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली छह चौके लगाए।

**एजेंसी। लॉर्ड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले को मेजबान टीम ने 22 रनों से जीत लिया है। इसके साथ ही इस सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 से बढ़त बना ली है। तीसरे टेस्ट में जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को 193 रनों का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में टीम इंडिया की पारी पांचवें दिन 170 रनों पर ही सिमट गई। इंग्लैंड की टीम के गेंदबाज भारत की दूसरी पारी में पूरी तरह से हावी रहे। भारतीय टीम चौथे दिन ही लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने चार अहम विकेट गंवा चुकी थी। पांचवें दिन रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अंग्रेज गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना सका। जडेजा ने मुख्य बल्लेबाजों के जल्द आउट हो जाने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अहम साझेदारी करके मैच को करीब ले जाने की भरसक कोशिश की। जडेजा 181 गेंदों पर धैर्यपूर्वक 61 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिल पाया। इसके बावजूद जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों ने क्रमशः 54 और 30 गेंद खेलकर क्रीज पर टिकने के लिए शानदार जज्बा दिखाया। हालांकि मोहम्मद सिराज अंत में शोएब बशीर की गेंद पर बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बोल्ड हो गए और भारत की पारी का अंत 170 रन पर हो गया। इससे पहले, पांचवें दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम को सबसे बड़ा झटका ऋषभ पंत के आउट होने पर लगा, जिन्होंने इस सीरीज में अपनी शानदार फॉर्म से बेहतरीन पारियों को अंजाम दिया है। पहली पारी में 74 रन बनाने वाले पंत दूसरी पारी में महज 9 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने बोल्ड किया। इसके बाद केएल राहुल को मेजबान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने बोल्ड करके भारत की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। राहुल ने 58 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने छह चौके लगाए। इसके बाद जोफ्रा आर्चर ने वाशिंगटन सुंदर को खाता भी नहीं खोलने दिया और अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपका। सात विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम के लिए रवींद्र जडेजा और नितीश कुमार रेड्डी ने 8वें विकेट के लिए संयम भरी साझेदारी निभाने की कोशिश की।



# चेल्सी ने पीएसजी को हराकर फीफा क्लब विश्व कप जीता



**न्यूजर्सी।** कोल पाल्मर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चेल्सी ने सोमवार को पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस धमाकेदार फाइनल में, पाल्मर ने शुरुआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए। मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। जोआओ पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो के इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया था। पीएसजी की टीम इस पूरे मुकाबले में कोई गोल नहीं दाग सकी। चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही। यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। ट्रंप ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिली। चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल के साथ दो असिस्ट भी किए। वहीं, चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। पीएसजी फॉरवर्ड डेसिरे डूए को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया।

1 पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया

2 यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया

3 चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास



यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की

**जमैका।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इतिहास रच दिया है। वह 1915 के बाद टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 2,000 गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ियों में सबसे बेहतरीन गेंदबाजी औसत वाले क्रिकेटर बन गए हैं।
स्कॉट बोलैंड ने यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की, जहां उन्होंने 13.1 ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए।
बोलैंड का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 17.33 का है, जो टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों (कम से कम 2000 गेंदें) में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ है। 1900 के बाद से बोलैंड से आगे इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही हैं। इनके अलावा बोलैंड से ऊपर मौजूद अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक से हैं। जमैका में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 225 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 46 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके।

## जापान ओपन बैडमिंटन: सात्विक-चिराग खिताब की तलाश में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट में उतरेंगे। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से जापान में शुरू हो रहा है, जहां भारतीय दल को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।
वर्तमान में दुनिया की नंबर 15 रैंकिंग पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन में तीन सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनाई थी। हालांकि, जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल के बाद सात्विक की सेहत और चिराग की पीठ की चोट के कारण उन्हें कुछ सप्ताह खेल से दूर रहना पड़ा। अब पूरी तरह फिट होकर लौटे इस जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनका मुकाबला कोरिया के कांग मिन ह्यूक और की डोंग जू की जोड़ी से होगा।

## भारत और उज्बेकिस्तान महिला अंडर-20 के बीच मैत्री फुटबॉल मैच रद्द

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद के डोस्टलिक स्टेडियम में भारत और उज्बेकिस्तान महिला अंडर-20 टीमों के बीच होने वाला मैत्री मैच परिचालन चुनौतियों के कारण रद्द कर दिया गया है।
भारत इन मैत्रीपूर्ण मैचों का उपयोग अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए कर रहा है, जहां उसका सामना इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान और मेजबान म्यांमार से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने बयान में कहा, "भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रविवार को ताशकंद में होने वाला अंडर-20 महिला अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच, डोस्टलिक स्टेडियम में संचालन संबंधी चुनौतियों के कारण रद्द कर दिया गया है। मैच को पुनर्निर्धारित करने के प्रयास जारी हैं।" भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण लिया था। भारत की अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ आई थी, जिसमें अंतिम समय में बदलाव हुआ।

## हेले मैथ्यूज ने चौथी बार जीता 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब



**दुबई।** वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज ने ताजमिन ब्रित्स और एफी फ्लेचर को पछाड़कर जून महीने का 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब अपने नाम कर लिया है। मैथ्यूज ने चौथी बार 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीता है। इससे पहले वह नवंबर 2021, अक्टूबर 2023 और अप्रैल 2024 में यह सम्मान हासिल कर चुकी हैं। इस चौथे अवार्ड के साथ मैथ्यूज ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' खिताब जीतने वाली क्रिकेटर बन गई हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान को यह सम्मान टी20 फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन के बाद मिला है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज को बतौर कप्तान 2-1 से जीता।

## एमआई न्यूयॉर्क ने दूसरी बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क ने सोमवार को वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पांच रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ एमआई ने दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया। एमआई न्यूयॉर्क ने साल 2023 में पहली बार एमएलसी की ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिसके बाद अगले साल इस खिताब को वाशिंगटन फ्रीडम ने अपने नाम किया था। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। इस टीम को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक ने 7.1 ओवरों में 72 रन जोड़े। मोनांक 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तजिंदर ढिल्लन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन 14 रन से ज्यादा नहीं बना सके। यहां से क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## नये वैश्विक व्यापार परिदृश्य का स्वरूप तय कर रहा भारत: अरविंद विरमानी

- यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थित मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभा रहा है।
डॉ. विरमानी ने नई दिल्ली में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए "ट्रेड वॉच क्वार्टरली" प्रकाशन का तीसरा संस्करण जारी करने के अवसर पर यह बात कही। डॉ. विरमानी ने अपने संबोधन में नवीनतम व्यापार गतिशीलता को गहन विश्लेषणात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत करने वाले एक व्यापक व्यापार प्रकाशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।
वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की उभरती हुई व्यापार भागीदारी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नवाचार और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के रणनीतिक प्रयासों द्वारा संचालित अर्थव्यवस्था की गहन प्रगति को दर्शाती है, जो अमेरिकी व्यापार नीति में हाल के बदलावों के अनुरूप है। डॉ. विरमानी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ऐसे समय में जब भू-राजनीतिक बदलावों, तकनीकी परिवर्तन और नीतिगत अनिश्चितता के कारण वैश्विक व्यापार का स्वरूप बदल रहा है। कहा कि यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा जगत के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करता है। यह समग्र व्यापार सुगमता को बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में मज़बूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सुझाव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ट्रेड वॉच क्वार्टरली का नवीनतम संस्करण भारत के व्यापारिक और सेवा व्यापार का समय पर और डेटा-समृद्ध विश्लेषण प्रदान करता है। इसके साथ ही विकसित हो रही अमेरिकी व्यापार नीतियों और भारत के लिए उनके निहितार्थों की गहन पड़ताल करता है।

## एलआईसी ने बैंक एश्योरेंस के लिए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ किया समझौता

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत भारत के अग्रणी लघु वित्त बैंकों में से एक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ समझौता किया है। इस समझौते के माध्यम से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक अपनी शाखाओं और डिजिटल चैनलों पर एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला वितरित करेगा, जिसमें वार्षिकी, यूलिप, टर्म इंश्योरेंस और बचत श्रेणी शामिल हैं।
एलआईसी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि इस साझेदारी की आधिकारिक शुरुआत 14 जुलाई को आयोजित एक संयुक्त वेबकास्ट के जरिए हुई, जिसमें दोनों संगठनों का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हुआ। एलआईसी के मुताबिक यह समझौता व्यापक वित्तीय समावेशन और बीमा पहुंच के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है, विशेष रूप से वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की मजबूत उपस्थिति है। बीमा कंपनी के मुताबिक इससे एयू बैंक के ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विश्वसनीय, व्यापक सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। एलआईसी की 3600 से अधिक शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के लगभग 2500 टचपॉइंट के विशाल नेटवर्क की संयुक्त शक्ति के माध्यम से देशभर में जीवन बीमा की पहुंच आसान हो जाएगी। यह "2047 तक सभी के लिए बीमा" के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस सहयोग के साथ, दोनों संस्थान वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और पूरे भारत में सर्वोत्तम बीमा समाधान प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

## डॉलर के मुकाबले 19 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

- भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 19 पैसे फिसल कर 85.99 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई।



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ को लेकर बने टेंशन, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के कारण आज रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ।
भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 19 पैसे फिसल कर 85.99 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय मुद्रा 85.80 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।
रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की कमजोरी के साथ 86 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए डॉलर की मांग बढ़ने पर रुपया और 6 पैसे फिसल कर 86.06 के स्तर तक गिर गया था, लेकिन इसके बाद डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया निचले स्तर से 14 पैसे की रिकवरी करके 85.92 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण बढ़ी डॉलर की मांग के कारण रुपया गिरकर 85.80 के स्तर पर बंद हुआ। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे की निकासी के साथ ही अमेरिकी टैरिफ की अनिश्चितता को लेकर कारोबारियों के बीच बनी बेचैनी ने भी भारतीय मुद्रा को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई। कैपेक्स गोल्ड एंड इंवेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में हो रही बढ़ोतरी से भी डॉलर की मांग में और तेजी आने की संभावना बनी है। इसका असर अब मुद्रा बाजार में डॉलर की कीमत में तेजी के रूप में भी नजर आने लगा है।